3 **बस्तर संभाग** गरीबों के आवास के लिए भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला ...

6 **अभिमत** कृषि कानून वापसी के नतीजे

10 **संस्कारधानी** गंडई इलाके में अवैध परिवहन माफिया बनते जा रहे...

11 **न्यायधानी** जो महंगाई डायन लगती थी उसी को आज भाजपा ...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 26 नवम्बर 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 97 मूल्य 3.00 ₹


# कानपुर की प्रसिद्धि में एचबीटीयू की भूमिका अहमः राष्ट्रपति कोविंद

## एचबीटीयू की स्थापना के शताब्दी वर्ष समारोह को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने संबोधित किया

वार्ता ◂ कानपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने उत्तर प्रदेश के मुख्य औद्योगिक नगर कानपुर को विभिन्न क्षेत्रों में ख्याति दिलाने में हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय (एचबीटीयू) के योगदान को महत्वपूर्ण बताते हुये कहा कि इस तरह के संस्थान किसी भी शहर को सर्वांगीण विकास के वाहक बनते हैं।

राष्ट्रपति कोविंद ने गुरुवार को कानपुर में अपने दो दिवसीय प्रवास के अंतिम दिन एचबीटीयू की स्थापना के शताब्दी वर्ष समारोह को संबोधित करते हुये यह बात कही। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी मौजूद थीं। इससे पहले राष्ट्रपति ने दीप प्रज्ज्वलित कर संस्थान के शताब्दी वर्ष समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने एक डाक टिकट, विशेष आवरण और 100 रुपये मूल्य के स्मारक सिक्के का विमोचन भी किया। वहीं, राज्यपाल पटेल ने इतिहास की एक पुस्तक का विमोचन करते हुए प्रथम पुस्तक राष्ट्रपति को भेंट की। शताब्दी वर्ष समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति कोविन्द ने कहा कि 'मैंचेस्टर ऑफ द ईस्ट', 'लेदर सिटी ऑफ द वर्ल्ड' तथा 'इंडस्ट्रियल हब' के रूप में कानपुर को जो प्रसिद्धि मिली उसके पीछे हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी द्वारा उपलब्ध करायी गई तकनीक और मानव संसाधन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि डिजिटल अर्थव्यवस्था के युग में भारत के युवा, सफलता के ऐसे अद्भुत उदाहरण



प्रस्तुत कर रहे हैं जिनकी कुछ वर्षों पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। राष्ट्रपति ने कहा कि आज समय की जरूरत है कि बेटियों को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इससे महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने उम्मीद जतायी कि कानपुर को कचरा-मुक्त शहर बनाने के प्रयास में, एचबीटीयू सहित कानपुर के सभी उच्च शिक्षण संस्थान, औद्योगिक अनुसंधान के सभी संस्थान, सभी विद्यार्थी तथा जिम्मेदार नागरिक मिलकर युद्ध-स्तर पर कार्य करेंगे। गौरतलब है कि राष्ट्रपति कोविन्द ने कानपुर यात्रा के पहले दिन बुधवार को मेहरबान सिंह का पुरवा स्थित चौधरी हरमोहन सिंह पैरामेडिकल साइंस एंड नर्सिंग संस्थान में चौधरी हरमोहन सिंह यादव के जन्म शताब्दी समारोह में शिरकत की थी। कानपुर, राष्ट्रपति का गृह जनपद भी है। इस दौरान उन्होंने यहां स्थित सर्किट हाउस में कानपुर में अपने पुराने मित्रों तथा रिश्तेदारों से भेंट कर उनसे पुरानी यादों को साझा किया।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की तत्काल जरुरतः उपराष्ट्रपति नायडू

उप राष्टपति एम. वेंकैया नायडू ने कहा है कि समकालीन दुनिया की चुनौतियों से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट सुरक्षा परिषद और अन्य वैश्विक संगठनों में तत्काल सुधार की आवश्यकता है। नायडू ने गुरुवार को कंबोडिया में आयोजित 13 वें एशिया - यूरोप शिखर सम्मेलन को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि समकालीन विश्व नयी चुनौतियों का सामना कर रहा है जिनका सामना पुराने ढर्रे पर चल रही व्यवस्था से नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है और नयी आर्थिक, तकनीकी और सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रही है। इनका समाधान करने में वर्तमान प्रणाली पूरी तरह से विफल रही है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित बहुपक्षवाद एक प्रमुख प्रेरक सिद्धांत है जिसपर भारत मौजूदा वैश्विक संस्थाओं में सुधार के लिए जोर दे रहा है। सम्मेलन का मुख्य विषय 'साझा विकास के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करना' है। नायडू सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। नायडू ने कहा कि शांति के अभाव में विकास प्रभावित होता है तथा विकास की कमी और अवरुद्ध आर्थिक प्रगति हिंसा और अस्थिरता में सहायक होती है। उन्होंने आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और आजीविका सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी से प्रभावित राष्टों को उबरने में लंबा रास्ता समय लगेगा। इसलिए वैश्विक स्तर पर असुरक्षा के कारणों को कम करने की आवश्यकता है। उपराष्टपति ने कहा कि वैश्विक शांति और सुरक्षा बनाए रखने में अंतर्राष्टीय संरचना की महत्वपूर्ण भूमिका है और इसमें तत्काल सुधार की आवश्यकता है।



# अल कायदा से संबंधित जांच के लिये एनआईए ने कश्मीर में की छापेमारी




वार्ता ◂ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को कश्मीर में कई स्थानों पर अल-कायदा से जुड़े आतंकवादी ठिकानों पर छापेमारी की। इन मामलों का खुलासा जुलाई में उत्तर प्रदेश में हुआ था। सूत्रों के अनुसार एनआईए के अनुसार, ये मामले अल-कायदा के उमर हलमंडी से जुड़ा हुआ है, जो अन्य आरोपियों के साथ एक्यूआईएस (भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा) को मजबूत करने के लिये काम कर रहा था, इसके साथ ही अंसार गजवतुल हिंद (एजीएच) को उठाने की कोशिश कर रहा था। इस काम के लिये हथियार और विस्फोटक पदार्थ पहले ही मुहैया कराये जा चुके थे। उत्तर प्रदेश में सात जुलाई 2021 को पहले इस मामले को एटीएस ने दर्ज किया था फिर बाद में एनआईए ने 29 जुलाई को फिर से इस मामले को दर्ज किया। एनआईए के अधिकारी ने बताया कि इस मामले की जांच के संबंध में गुरुवार को कश्मीर के शोपियां और बडगाम में पांच स्थानों पर तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण बरामद हुये हैं। इस मामले में जांच जारी है। इसी बीच, एनआईए द्वारा मानवाधिकार कार्यकर्ता अधिवक्ता परवेज इमरोज के घर पर छापे की बात से परिवार ने इनकार किया है।

## क्विक न्यूज

### बीजापुर में तीन नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर।** बीजापुर पुलिस और कोबरा टीम ने धरमावरम से तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना पामेड़ और कोबरा 204 की संयुक्त टीम कल शाम धरमावरम की ओर निकली थी। इसी दौरान तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए नक्सलियों में पंचायत कमेटी अध्यक्ष धरमावरम निवासी वेलकम मल्ला, मिलिशिया सेक्शन कमांडर धरमावरम निवासी माड़वी पोज्जा और डीएकेएमएस अध्यक्ष धरमावरम निवासी गटपल्ली मुत्ता शामिल है।

### पहले टेस्ट में श्रेयस पास, भारत 4 विकेट पर 258 रन

**कानपुर।** पदार्पण टेस्ट में नवनियुक्त कोच मिस्टर भरोसेमंद राहुल द्रविड़ के भरोसे पर खरा उतरने वाले श्रेयस अय्यर (75 नाबाद) की शानदार अर्धशतकीय पारी और रविन्द्र जडेजा (50 नाबाद) के बीच 113 रनों की अविजित शतकीय साझीदारी की मदद से भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में गुरूवार को पहले दिन पहली पारी में चार विकेट पर 258 रन का मजबूत स्कोर खड़ा कर लिया।

### सितंबर में ईपीएफओ से जुड़े आठ लाख 94 हजार अंशधारक

**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा है कि सितंबर 2021 में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की भविष्य निधि से आठ लाख 94 हजार से अधिक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम की स्वास्थ्य बीमा योजना से 13 लाख 37 हजार से अधिक और राष्टीय पेंशन योजना से 72 हजार से अधिक कर्मचारी जोड़े गये हैं।

### कार बम विस्फोट में 8 की मौत, 17 घायल

**मोगादिशु।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में पूर्व राष्टपति अब्दीकासिम हसन के आवास के पास गुरुवार सुबह हुए कार बम 2धमाके में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गयी और 17 अन्य घायल हो गये। मोगादिशु में सोमालिया के लिए अफ्रीकी संघ मिशन (एएमआईएसओएम) के एक काफिले को निशाना बनाकर यह विस्फोट किया गया। गारोवे ऑनलाइन ने चश्मदीदों के हवाले से बताया कि व्यस्त समय में हुए इस विस्फोट के बाद गोलियां भी चलीं। गौरतलब है कि आतंकवादी समूह अल-शबाब नागरिकों पर अंधाधुंध गोलीबारी और बच्चों की जबरन भर्ती करता रहा है।

## मुख्यमंत्री भूपेश ने संविधान दिवस की दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को 26 नवम्बर को संविधान दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री बघेल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि लंबे संघर्ष से मिली आजादी के बाद भारत को एक मजबूत राष्ट के रूप में स्थापित करना एक महती जिम्मेदारी थी। भारत की विविधता को एक सूत्र में पिरोकर रखने के लिए एक मजबूत आधार की जरूरत थी, जिसे बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में संविधान निर्माताओं ने पूरा किया। हमें गर्व है कि भारतीय संविधान के निर्माण में छत्तीसगढ़ की अनके विभूतियों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत की आजादी के बाद नागरिकों और देश को आगे ले जाने के लिए एक सशक्त दस्तावेज के रूप में 26 नवम्बर 1949 को संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अंगीकृत किया था। सभी वर्गों की भावनाओं और जन अपेक्षाओं को संविधान में समाहित किया गया, जिससे सशक्त राष्ट्र निर्माण का सपना बखूबी पूरा हो सका है।



# निलंबित आईपीएस जीपी सिंह के अधिवक्ता ने जवाब के लिए समय मांगा

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



निलंबित आईपीएस जीपी सिंह की दो याचिकाओं पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई है। सुनवाई के दौरान वकील ने जवाब पेश करने का समय मांगा। जिस पर हाईकोर्ट ने 8 दिसंबर तक जवाब देने का समय दिया है। बता दें कि इन याचिकाओं में रायपुर में दर्ज राजद्रोह के साथ ही भिलाई में भयादोहन के मामले में की गई एफआईआर को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि साल 2016 में की गई शिकायत को आधार बनाकर उनके खिलाफ भयादोहन का केस दर्ज किया गया है। उन पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने व्यापारी को झूठी कार्रवाई का भय दिखाकर 20 लाख रुपए उगाही की गई थी। पांच साल पुरानी शिकायत पर उन्हें राज्य शासन के इशारे पर फंसाया गया है। याचिका में उन्होंने एफ आई आर को निरस्त करने की मांग की है। साथ ही अंतरिम राहत के तौर पर पुलिस की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की गई है। इसी तरह उन्होंने रायपुर में दर्ज राजद्रोह के मामले को भी चुनौती देते हुए एफआईआर को रद्द करने की मांग की है।

## त्रिपुरा में हर बूथ पर केंद्रीय अर्धसैनिक बल तैनात करें : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने त्रिपुरा नगर पालिका चुनाव में सभी मतदान और मतगणना केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती का गुरुवार को आदेश दिया। राज्य में आज स्थानीय निकाय के चुनाव हो रहे हैं। इसके लिए के लिए 770 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। वोटों की गिनती 28 नवंबर की जाएगी। न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति वि म नाथ की पीठ ने राज्य में कानून व्यवस्था की लचर स्थिति का आरोप लगाने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य के गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक और राज्य चुनाव आयोग को आदेश दिया कि वे भयमुक्त एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए पर्याप्त केंद्रीय बलों की तैनाती सुनिश्चित करने के तत्काल प्रभाव से उपाय करें। शीर्ष अदालत ने त्रिपुरा सरकार से कहा कहा कि तत्काल आकलन कर केंद्रीय गृह मंत्रालय के संबंधित अधिकारियों से संपर्क करें, ताकि समुचित सुरक्षा इंतजाम किया जा सके। पीठ ने केंद्र सरकार को आदेश दिया कि वह आज चल रहे चुनाव के लिए बिना किसी देरी के अतिरिक्त केंद्रीय सुरक्षाबल मुहैया करायें। केंद्र सरकार की ओर से सॉलीसीटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को आश्वस्त किया कि पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल उपलब्ध कराए जाएंगे।



# कोरोना के हर मृतक के परिजन को चार लाख दे सरकार : कांग्रेस

एजेंसी ◂ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस ने कहा है कि कोरोना महामारी में सरकार के प्रबंधन और उसकी विफलता के कारण लाखों लोग तबाह हुए हैं और बड़ी संख्या में लोगों ने जान गंवायी है, इसलिए हर पीड़ित परिवार को चार लाख रुपये की मदद दी जानी चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता गौरव बल्लव तथा अलका लांबा ने गुरुवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में महामारी के कारण इतने लोगों की जान नहीं जाती, अगर सरकार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के सुझाव पर काम करती। उनका कहना था कि सरकार को पीड़ित परिवारों के साथ न्याय करना चाहिए और उन्हें आर्थिक मदद देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार चार लाख 67 हज़ार लोगों ने कोरोना के कारण जान गंवायी है जबकि एक अनुमान कहता है कि इस दौरान 50 लाख लोगों ने



कोरोना के कारण दम तोड़ा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कहा है कि उनका राज्य केंद्र को इस सहायता राशि में एक लाख रुपये की मदद करेगा।

**राहुल ने भी की थी मांग-** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हिंदी में ट्वीट किया, कांग्रेस पार्टी की दो मांगें हैं कि सरकार को कोरोना की वजह से जान गंवाने वालों के सही आंकड़े देने चाहिए, और उन परिवारों को 4 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाना चाहिए, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है।

### कांग्रेस ने गुजरात में कोविड न्याय अभियान शुरू किया

राहुल गांधी ने एक वीडियो शेयर कर विकास के 'गुजरात मॉडल' पर भी कटाक्ष किया, जिसमें दावा किया गया है कांग्रेस ने जिन परिवारों से बात की, उन्होंने कहा कि कोविड के दौरान उन्हें अस्पताल के बिस्तर, ऑक्सीजन और वेंटिलेटर नहीं मिल पाए। उन्होंने आरोप लगाया कि गुजरात में 3 लाख से अधिक लोगों ने कोरोना वायरस के कारण दम तोड़ दिया है, जबकि आधिकारिक आंकड़ों में केवल 10,000 लोगों की कोरोना से मौतें बताई गई हैं। कांग्रेस ने गुजरात में कोविड न्याय अभियान शुरू किया। यहां पर अगले साल चुनाव होने हैं।

## नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा उत्तरी भारत का लॉजिस्टिक गेटवे बनेगा

# सात दशक बाद उत्तर प्रदेश को वह मिल रहा है जिसका वह हकदार है : पीएम मोदी

वार्ता ◂ गौतमबुद्धनगर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नोएडा अंतरराष्टीय हवाईअड्डे को उत्तरी भारत का लॉजिस्टिक गेटवे बताते हुए कहा कि इससे उत्तर प्रदेश को सात दशक बाद वह मिलना शुरू हुआ है जिसका वह हकदार रहा है। मोदी ने दिल्ली से सटे उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के जेवर में नोएडा अंतरराष्टीय हवाईअड्डे के भूमिपूजन एवं शिलान्यास के बाद एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा कि 21वीं सदी का नया भारत आज एक से बढ़कर एक बेहतरीन आधुनिक ढांचागत निर्माण कर रहा है। बेहतर सड़कें, बेहतर रेल नेटवर्क, बेहतर एयरपोर्ट ये सिर्फ ढांचागत परियोजनाएं ही नहीं होतीं बल्कि ये पूरे क्षेत्र का कायाकल्प कर देती हैं और लोगों का जीवन पूरी तरह से बदल देती हैं। उन्होंने कहा कि नोएडा अंतरराष्टीय हवाईअड्डा उत्तरी भारत का लॉजिस्टिक गेटवे बनेगा। ये इस पूरे क्षेत्र को राष्टीय गतिशक्ति मास्टरप्लान का एक सशक्त प्रतिबिंब बनाएगा। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे के निर्माण के दौरान रोज़गार के हजारों अवसर बनते हैं। हवाई अड्डे को सुचारु रूप से चलाने के लिए भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हजारों लोगों को नए रोजगार भी देगा। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेसवे, मेट्रो, रेलवे, डीएफसी



आदि के संपर्क से युक्त यह हवाईअड्डा कनेक्टिविटी के मामले में देश का अनूठा हवाईअड्डा होगा। मोदी ने कहा कि पहले की सरकारों ने जिस उत्तर प्रदेश को अभाव और अंधकार में बनाए रखा, पहले की सरकारों ने जिस उत्तर प्रदेश को हमेशा झूठे सपने दिखाए, वही उत्तर प्रदेश आज राष्टीय ही नहीं, अंतर्राष्टीय छाप छोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में और केंद्र में पहले जो सरकारें रहीं, उन्होंने कैसे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास को नजरअंदाज किया, उसका एक उदाहरण ये जेवर हवाईअड्डा भी है। दो दशक पहले राज्य की भाजपा सरकार ने इस परियोजना का सपना देखा था। लेकिन बाद में ये हवाईअड्डा अनेक वर्षों तक केन्द्र और लखनऊ में पहले जो सरकारें रहीं, उनकी खींचतान में उलझा रहा। उत्तर प्रदेश में पहले जो सरकार थी उसने तो बाकायदा चिट्ठी लिखकर, तब की केंद्र सरकार को कह दिया था कि इस हवाईअड्डे की परियोजना को बंद कर दिया जाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी और योगी भी चाहते तो 2017 में सरकार बनते ही यहां आकर फोटो खिंचवा लेते, पर होता कुछ नहीं। उन्होंने कहा कि पहले राजनीतिक लाभ के लिए ढांचागत परियोजनाओं की घोषणा होती थी। परियोजनाएं कैसे ज़मीन पर उतरें, उनके लिए धन का प्रबंध कैसे हो, दशकों तक तक ये उसी में अटकी रहती थीं। फिर बहानेबाजी शुरू होती थी। उन्होंने कहा कि ढांचागत विकास हमारे लिए राजनीति का नहीं बल्कि राष्टनीति का हिस्सा है। हम ये सुनिश्चित कर रहे हैं कि परियोजनाएं अटके नहीं, लटके नहीं, भटके नहीं।

# दिल्ली विधानसभा की समिति ने अभिनेत्री कंगना को तलब किया

एजेंसी ◂ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

दिल्ली विधानसभा की शांति और सद्भाव समिति ने सांप्रदायिक वैमनस्य और घृणा फैलाने के आरोप में अभिनेत्री कंगना रनौत को समिति के समक्ष छह दिसंबर को पेश होने के लिए समन जारी किया है। दिल्ली के विधायक राघव चड्ढा की अध्यक्षता वाली शांति और सद्भाव समिति ने कंगना रनौत को पेश होने के लिए बुलाया है, ताकि वर्तमान मुद्दे पर अधिक व्यापक और बेहतर तरीके से विचार-विमर्श किया जा सके। समन जारी कर अभिनेत्री को छह दिसंबर को दोपहर 12 बजे उपस्थित होने के लिए बुलाया गया है। दिल्ली विधानसभा की शांति और सद्भाव समिति को अभिनेत्री कंगना द्वारा अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट कंगनारनौत पर कथित रूप



से अपमानजनक पोस्ट के बारे में कई शिकायतें मिली हैं। शिकायतकर्ताओं के अनुसार कंगना रनौत के इंस्टाग्राम अकाउंट की पहुंच काफी ज्यादा है। दुनिया भर में लगभग 80 लाख लोग उन्हें अनुसरण करते हैं। कंगना ने अपनी पोस्ट से कथित तौर पर सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत किया है जो कि समाज की शांति और सद्भाव को नुकसान पहुंचा सकती है। शिकायतों में कहा गया है कि कंगना रनौत ने कथित तौर पर सिख समुदाय को %खालिस्तानी आतंकवादी% करार दिया है। जिससे सिख समुदाय के लोगों का अपमान हुआ है। उनके मन में सुरक्षा, जीवन और स्वतंत्रता के बारे में आशंकाएं भी पैदा हुई हैं। कंगना रनौत ने 20 नवंबर को स्टोरी पोस्ट की थी जिसमें लिखा था कि खालिस्तानी आतंकवादी आज सरकार का हाथ मरोड़ सकते हैं। लेकिन इन्हें नहीं भूलना चाहिए कि एक महिला ने इनको अपनी जूती के नीचे कुचला था। इसकी वजह से चाहे कितनी भी दिक्कतें क्यों न हुई हों लेकिन उसने अपनी जान की कीमत पर उन्हें मच्छरों की तरह कुचल दिया। लेकिन देश के टुकड़े नहीं होने दिए। उनकी मृत्यु के दशकों बाद भी ये आज उसके नाम से कांपते हैं। इन्हें वैसा ही गुरु चाहिए। शिकायतकर्ता के मुताबिक कंगना रनौत ने कथित रूप से पोस्ट से सिख समुदाय के लोगों की भावनाओं को बहुत आहत किया है। पूरे समुदाय का अनादर करने से दिल्ली में शांति और सद्भाव में व्यवधान की स्थिति पैदा हो सकती है।

# खपरी मढ़ी में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत सप्ताह यज्ञ कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तिल्दा विकासखंड के ग्राम खपरी मढ़ी में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत सप्ताह यज्ञ कार्यक्रम में शामिल हुए। बंजारी धाम मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर धरसींवां की विधायक अनीता योगेंद्र शर्मा, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक, राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। श्रीमद् देवी भागवत सप्ताह यज्ञ कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री ने बंजारी माता का दर्शन कर सबके लिए आशीर्वाद मांगा और कहा भगवान कृष्ण और बंजारी माता सबको शुभ आशीष प्रदान करें, सभी तरक्की करें और सबके जीवन में खुशहाली आए।

# नीति आयोग द्वारा सतत विकास लक्ष्य शहरी इंडेक्स जारी, रायपुर नगरीय क्षेत्र फ्रंट रनर


## मुम्बई एवं हैदराबाद जैसे महानगरों को पीछे छोड़ा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

नीति आयोग द्वारा 23 नवम्बर 2021 को जारी ''सतत् विकास लक्ष्य शहरी इंडेक्स'' में छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर नगरीय क्षेत्र को ''फ्रंट रनर'' की श्रेणी में रखा गया है। उल्लेखनीय है कि नीति आयोग द्वारा प्रथमबार इस प्रकार के सतत् विकास लक्ष्य अंतर्गत शहरी इंडेक्स को जारी किया गया है। इंडेक्स में देश के 56 नगरीय क्षेत्रो को 77 सूचकांको में प्राप्त की गई प्रगति के आधार पर रैंकिंग दी गई है। जिसमें रायपुर ने 67.36 अंक प्रदान कर 20वीं रैंक प्राप्त की है। 56 नगरीय क्षेत्रो में सर्वाधिक अंक 75.5 प्राप्त कर शिमला प्रथम रैंक पर है। छत्तीसगढ़ राज्य योजना आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस इंडेक्स में रायपुर शहर का स्कोर व रैंक अनेक बड़े व प्रमुख शहरो जैसे- मुम्बई, कोलकाता, हैदराबाद, भुवनेश्वर, लखनऊ, प्रयागराज, रांची, इंदौर से बेहतर है।

गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा सतत् विकास को सुनिश्चित करने 17 एसडीजी लक्ष्य निर्धारित किये गये है। एसडीजी के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु देश तथा राज्य प्रतिबद्ध है। राज्य स्तर पर इन लक्ष्यों के अंतर्गत प्राप्त प्रगति के मूल्यांकन हेतु राज्य योजना आयोग द्वारा ''एस.डी.जी. स्टेट इंडिकेटर फ्रेमवर्क'' एवं ''एस.डी.जी. बेसलाईन एवं प्रोग्रेस रिपोर्ट'' तैयार की गई है, जिसे मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 12 जुलाई 2021 को जारी किया गया है। इस फ्रेमवर्क के आधार पर विभागों द्वारा सतत् अनुश्रवण व अनुशीलन रायपुर शहर की इस उपलब्धि में सहायक रहा है।

''सतत् विकास लक्ष्य शहरी इंडेक्स'' में रायपुर शहर को एस.डी.जी. गोल 12 (रिस्पोंसिबल प्रोडक्शन एण्ड कंजप्शन) में सर्वाधिक 86 अंक, गोल 4 (क्वालिटी एजुकेशन) तथा गोल 6 (क्लीन वाटर एण्ड सेनिटेशन) में 79 अंक प्राप्त हुये है। साथ ही गोल 7 (अर्फोडेबल एण्ड क्लीन एनर्जी), गोल 9 (इंडस्ट्री, इनोवेशन एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर), गोल 11 (स्टेनेबल सिटीज एण्ड कम्युनिटीज), गोल 13 (क्लाईमेट एक्शन तथा गोल 16 (पीस, जस्टिस एण्ड स्ट्रोंग इंस्टीट्यूशन) में भी अच्छा स्कोर प्राप्त हुआ है। जिसके कारण रायपुर को ''फ्रंट रनर'' की श्रेणी में रखा गया है। नीति आयोग द्वारा जारी ''सतत् विकास लक्ष्य शहरी इंडेक्स'' में 56 शहरों को रैंकिंग दी गई है।



| शहर का नाम | प्राप्त अंक | रैंक | श्रेणी |
|---|---|---|---|
| शिमला | 75.5 | 1 | फ्रंट रनर |
| कोयम्बटूर | 73.29 | 2 | फ्रंट रनर |
| चण्डीगढ़ | 72.36 | 3 | फ्रंट रनर |
| तिरूवनंतपुरम | 72.36 | 3 | फ्रंट रनर |
| कोची | 72.29 | 5 | फ्रंट रनर |
| पणजी | 71.86 | 6 | फ्रंट रनर |
| पुणे | 71.21 | 7 | फ्रंट रनर |
| तिरूचीरपल्ली | 70 | 8 | फ्रंट रनर |
| अहमदाबाद | 69.79 | 9 | फ्रंट रनर |
| नागपुर | 69.79 | 9 | फ्रंट रनर |
| चेन्नई | 69.36 | 11 | फ्रंट रनर |
| सूरत | 69.36 | 11 | फ्रंट रनर |
| आईजवाल | 69.07 | 13 | फ्रंट रनर |
| बेंगलुरू | 69.07 | 13 | फ्रंट रनर |
| भोपाल | 68.36 | 15 | फ्रंट रनर |
| वडोदरा | 68.36 | 15 | फ्रंट रनर |
| शिलोंग | 68.29 | 17 | फ्रंट रनर |
| विशाखापट्नम | 68.14 | 18 | फ्रंट रनर |
| नासिक | 67.5 | 19 | फ्रंट रनर |
| दिल्ली | 67.36 | 20 | फ्रंट रनर |
| रायपुर | 67.36 | 20 | फ्रंट रनर |
| हैदराबाद | 66.93 | 22 | फ्रंट रनर |
| लुधियाना | 66.93 | 22 | फ्रंट रनर |
| रांची | 66.79 | 24 | फ्रंट रनर |
| अमृतसर | 66.14 | 25 | फ्रंट रनर |
| इंदौर | 65.86 | 26 | फ्रंट रनर |
| मदुरै | 65.86 | 26 | फ्रंट रनर |
| औरंगाबाद | 65.36 | 28 | फ्रंट रनर |
| राजकोट | 65.36 | 28 | फ्रंट रनर |
| विजयवाड़ा | 65.07 | 30 | फ्रंट रनर |
| गंगटोक | 65 | 31 | फ्रंट रनर |
| अगरतला | 64.79 | 32 | परफोर्मर |
| मुम्बई | 64.5 | 33 | परफोर्मर |
| ग्वालियर | 63.79 | 34 | परफोर्मर |
| देहरादून | 63.71 | 35 | परफोर्मर |
| लखनऊ | 62.93 | 36 | परफोर्मर |
| जयपुर | 62.07 | 37 | परफोर्मर |
| कानपुर | 61.86 | 38 | परफोर्मर |
| श्रीनगर | 61.5 | 39 | परफोर्मर |
| जबलपुर | 61.43 | 40 | परफोर्मर |
| गाजियाबाद | 60.93 | 41 | परफोर्मर |
| प्रयागराज | 60.71 | 42 | परफोर्मर |
| इम्फाल | 59.93 | 43 | परफोर्मर |
| भुवनेश्वर | 59.71 | 44 | परफोर्मर |
| कोटा | 59.07 | 45 | परफोर्मर |
| वाराणसी | 58.79 | 46 | परफोर्मर |
| फरीदाबाद | 58.57 | 47 | परफोर्मर |
| कोलकाता | 58.5 | 48 | परफोर्मर |
| आगरा | 58.21 | 49 | परफोर्मर |
| कोहिमा | 58.07 | 50 | परफोर्मर |
| जोधपुर | 58 | 51 | परफोर्मर |
| पटना | 57.29 | 52 | परफोर्मर |

# राजीव गांधी किसान न्याय योजना से किसानों के जीवन में आयी समृद्धि एवं खुशहाली

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्योत्सव के अवसर पर 1 नवम्बर को छत्तीसगढ़ के 21 लाख ग्रामीण किसान भाईयों के खाते में राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किश्त की राशि 1500 करोड़ रूपए ऑन लाइन जमा कराई गई थी। किसानों को त्यौहारों के अवसर पर राजीव गांधी किसान न्याय योजना की राशि मिलने से किसानों के परिवारों में खुशियां आई। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर बिलासपुर जिले के एक लाख 1 हजार 986 किसानों के खाते में खरीफ सीजन 2020-21 के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किश्त 73 करोड़ 49 लाख 11 हजार रूपए राशि अंतरित की गयी। यह राशि मिलने से जिले के किसानों में हर्ष व्याप्त है। तखतपुर विकासखंड के ग्राम तुर्काडीह निवासी भागीरथी पटेल भी तीसरी किश्त की राशि मिलने से बहुत खुश हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें तीसरी किश्त के रूप में उनके खाते में 19 हजार 500 रूपए अंतरित हुआ है। उनके पास 8 एकड़ कृषि भूमि है। परिवार में 11 लोग हैं। परिवार का गुजर -बसर खेती किसानी से होता है। वे कहते हैं कि खेती- बाड़ी में समय-समय पर राशि की जरूरत पड़ती है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत किश्तों में राशि मिलने से इससे बहुत मदद मिलती है। वे कहते हैं कि इस योजना से हर किसान को फायदा हो रहा है। ग्राम कुरेली निवासी श्री रामचंद्र कौशिक को तीसरी किश्त के रूप में 29 हजार 500 रूपए की राशि मिली है। उनके पास 14 एकड़ खेत है। कौशिक बताते हैं कि इस राशि से वे अपने घर का मरम्मत करवाएंगे। वे कहते हैं कि इस योजना से हम लोगों को बहुत मदद मिली है। उल्लेखनीय है कि खरीफ वर्ष 2020-21 के लिए किसानों को 270 करोड़ 68 लाख 54 हजार से अधिक राशि का भुगतान योजना के तहत किया जाएगा।

## अधिकारियों से समन्वय के लिए अब्दुलहक को खाद्य विभाग का ओएसडी बनाया गया, मंत्रालय से आदेश जारी

**रायपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में धान खरीदी हेतु बारदाना क्रय, वितरण, केन्द्रीय एवं अन्य संबंधित अधिकारियों से नियमित समन्वय तथा आवश्यक समन्वय की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए राज्य शासन द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मोहम्मद कैसर अब्दुलहक को खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्त I संरक्षण विभाग का विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (ओएसडी) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। मंत्रालय महानदी भवन स्थित सामान्य प्रशासन विभाग से इस आशय का आदेश जारी कर दिया गया है। श्री कैसर अब्दुलहक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में विशेष सचिव तथा महात्मा गांधी नरेगा के आयुक्त (अतिरिक्त प्रभार) पर बने रहेंगे। कैसर अब्दुलहक द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य विभाग के सचिव, जूट कमिश्नर भारत सरकार, प्रबंध संचालक मार्कफेड, रजिस्ट्रार, सहकारी समिति एवं अन्य अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्य संपादित करेंगे।

# श्रीरावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के योग विभाग के छात्र धीरेंद्र कुमार ने रचा विश्व कीर्तिमान

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



श्रीरावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी रायपुर छत्तीसगढ़ के योग विज्ञान विभाग के बीए योग विज्ञान तृतीय वर्ष के छात्र धीरेंद्र कुमार जिसा वर्ल्ड रिकॉर्ड कंसलटेंसी संस्था के द्वारा आयोजित योग प्रतियोगिता में अधिकतम समय तक पूर्ण मत्स्येंद्रासन में विद्यमान रहने का विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। जिसा वर्ल्ड रिकॉर्ड कंसल्टेंसी, संस्था वर्ल्ड वाइड बुक ऑफरिकॉर्ड संस्था से संबंध है।

16 सितंबर 2021 को आयोजित इस प्रतियोगिता में धीरेंद्र कुमार ने 5 मिनट 6 सेकंड तक पूर्ण मत्स्येंद्रासन में रहकर यह कीर्तिमान बनाया गया है। इस प्रतियोगिता में अमेरिका, यूरोप एवं अफ्रीका के साथ-साथ विश्व के विभिन्न देश के 477 प्रतिभागी सम्मिलित हुए थे जिसमें भारतवर्ष के छत्तीसगढ़ राज्य के श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी रायपुर, छत्तीसगढ़ के छात्र धीरेंद्र कुमार ने 5 मिनट 6 सेकंड तक पूर्ण मत्स्येंद्रासन में रहकर प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए गौरव उपलब्धि अर्जित की है। इससे पूर्व श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी रायपुर के बी.ए. योग विज्ञानअंतिम वर्ष के छात्र धीरेंद्र कुमार ने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त किए हैं। उन्होंने युरोप के बुल्गारिया, नेपाल के काठमांडू सहित विभिन्न देशों में भारत देश का प्रतिनिधित्व किया है। धीरेंद्र कुमार की इस शानदार उपलब्धि के लिए श्रीरावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर के माननीय उपाध्यक्ष डॉ. जे.के. उपाध्याय जी, निदेशक श्री अतुल तिवारी जी, कुलसचिव डॉ. प्रताप सिंह जी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, अधिष्ठाता कला संकाय, विभागाध्यक्ष योग विभाग सहित विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायपुर जिले के ग्राम बोइरझिटी पहुंचकर छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय डॉ. रामकुमार सिरमौर की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। उन्होंने डॉ सिरमौर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्री बघेल ने उनके परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना प्रकट की।

## प्रदेश के 21 जिलों में कोरोना का नया मामला नहीं, पॉजिटिविटी दर 0.08 प्रतिशत

**रायपुर।** प्रदेश के 21 जिलों में 24 नवम्बर को कोरोना का कोई नया मामला नहीं आया है। इस दिन प्रदेश भर में हुए 24 हजार 306 सैंपलों की जांच में 19 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए। अभी प्रदेश की औसत पॉजिटिविटी दर 0.08 प्रतिशत है। राज्य के पांच जिलों कबीरधाम, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, बलरामपुर-रामानुजगंज, सुकमा और नारायणपुर में अभी कोरोना का एक भी सक्रिय मरीज नहीं है। राजनांदगांव, बेमेतरा, बालोद, कबीरधाम, धमतरी, बलौदाबाजार-भाटापारा, महासमुंद, गरियाबंद, बिलासपुर, मुंगेली, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, सरगुजा, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर-रामानुजगंज, बस्तर, कोंडागांव, सुकमा, कांकेर, नारायणपुर और बीजापुर जिले में 24 नवम्बर को कोरोना संक्रमण का एक भी मामला नहीं आया है।

## मतदान केंद्रों में आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने ली बीएलओ की बैठक

# गरूड़ एप में एंट्री पूरी करने पर बीएलओ को मिलेंगे पांच सौ रूपए

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने बुधवार को राज्य में मतदान केंद्रों में सुविधाएं सुनिश्चित करने और गरूड़ ऐप की प्रगति की समीक्षा के लिए राज्य के बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) प्रतिनिधियों की बैठक ली। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से विकसित डिजिटल एप गरूड़ को मतदाताओं की सुविधा के लिए विकसित किया गया है। सभी बीएलओ को निर्वाचन आयोग के डिजिटल प्लटफार्म पर जानकारियां देने, गरूड़ ऐप डाउनलोड करने और बूथ के एएमएफ (एश्योर्ड मिनिमम फेसेलिटी) की जानकारी को पूरा करने पर 500 रूपए वन टाईम डेटा रिचार्ज के लिए मानदेय मिलेगा। इस संबंध में सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए गए हैं। कंगाले ने बताया कि बीएलओ को गरूड़ एप में बूथ में स्वच्छ पेयजल, शौचालय, रैम्प जैसी आवश्यक सुविधाओं की फोटो अपलोड करनी है, जिससे मतदाताओं के लिए बूथ में सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैय्या करायी जा सकें। भारत निर्वाचन आयोग ने सभी आवश्यक जानकारी फीड करने के लिए 30 नवम्बर तक समय दिया है। निर्वाचन का काम सर्वाधिक महत्व का काम है। निर्वाचन पूर्व तैयारी और मतदान केंद्रों पर नागरिकों के लिए न्यूनतम सुविधाएं दी गई जानकारी के आधार पर ही सुनिश्ति की जानी है, इसलिए सभी बीएलओ निर्धारित समय सीमा में सभी एन्ट्री करना सुनिश्चित करें। कंगाले ने बीएलओ से उनकी समस्याओं पर बातचीत करते हुए उनका समाधान किया और बताया कि गरूड़ एप मोबाइल में 10 एम.बी. से भी कम स्पेस लेता है। इसे आसानी से अपलोड किया जा सकता है। ऐसी जगह जहां नेटवर्क की समस्या हो वहां भी एप के माध्यम से फोटो लेने पर नेटवर्क आने पर फोटो अपलोड हो जाएगी। इस पर उपस्थित सभी बीएलओ प्रतिनिधियों ने तीन दिन में एप में जानकारी सकारात्मक रूप से पूरा करने का आश्वासन दिया है।

# छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष ने वृंदावन गौठान का किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

वृंदावन गौठान का निरीक्षण छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत डॉ. रामसुंदर दास ने राजनांदगांव जिले के ग्राम अंजोरा में आदर्श गौठान का निरीक्षण किया। उन्होंने गौठान में निर्मित संरचनाओं एवं महिला स्वसहायता समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने गेंदा फूल की खेती, सब्जी बाड़ी, मत्स्य पालन, फलदार वृक्ष, वृक्षारोपण, वर्मी कम्पोस्ट, मशरूम उत्पादन, बांस शिल्प कार्य, चारागाह के साथ स्वसहायता समूह के कार्यों के लिए निर्मित शेड का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप अंजोरा के गौठान को मॉडल गौठान के रूप में विकसित किया गया है। गौठान का नाम वृंदावन रखकर इस गौठान को वास्तविक मूर्तरूप दिया गया है।

# गरीबों के आवास के लिए भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला कोंडागांव ने किया प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ ने आज प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत राज्य सरकार की अंशदान राशि हितग्राहियों को प्रदान करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। साथ ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। प्रकोष्ठ के जिला संयोजक संतोष नाग ने बताया आज झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने कोंडागांव में निवासरत सम्बंधित हितग्राहियों को लेकर रैली की शक्ल में जिला कलेक्टोरेट पहुंच कर प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत अंशदान की राशि राज्य सरकार द्वारा गरीब हितग्राहियों को प्रदान करने की मांग करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। साथ ही प्रकोष्ठ के प्रतिनिधिमंडल एवं भाजपा के कार्यकर्ताओं ने इस मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा।

भाजपा जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा ने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के अपने हिस्से का अंशदान देने से बचने के लिए पूरे प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना का काम पूरे प्रदेश में बंद कर दिया है जो गरीबों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री योजना में शहर के नागरिकों को आबंटन मिलने के बाद भी राज्य सरकार आवास योजना का काम शुरू नहीं करवा रही है।आवास योजनांतर्गत केन्द्र सरकार हितग्राही परिवारों को उक्त योजना के अंतर्गत 60 प्रतिशत राशि प्रदान कर रही है, किंतु राज्य सरकार अपनी मद के 40 प्रतिशत राशि जारी नहीं कर रही है, जिसके कारण प्रदेश के 19 लाख मकानों में से 11 लाख मकान अधूरे पड़े हुए हैं। जिससे लाखों गरीब परिवार पक्का मकान बनाने में असमर्थ है।

प्रदर्शन में मुख्य रूप से दीपेश अरोरा, संतोष नाग, जितेंद्र सुराना, जैनेन्द्र ठाकुर, प्रशांत पात्र, अशोक ब्रम्ह, वर्षा यादव, सोनमणि पोयाम, मोहितेश्वरी पटेल, तेज देवांगन, ललित देवांगन, छोटू सलाम, रौनक पटेल, गौरव ठाकुर, प्रकाश तिवारी, सन्नी गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं सम्बंधित हितग्राही भी शामिल थे।

# शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में केमिकल सोसायटी का गठन किया गया




पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव में बुधवार को रसायनशास्त्र विभाग के अंतर्गत 'केमिकल सोसायटी' का गठन किया गया। रसायन शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष नसीर अहमद, सहायक प्राध्यापक डॉ आशीष असाटकर तथा केमिकल सोसायटी की संरक्षक सहायक प्राध्यापक चित्रकिरण पटेल की उपस्थिति में अध्यक्ष के रूप में पूर्णेश शार्दूल, उपाध्यक्ष आंचल तुरकर, सचिव प्रियंका ठाकुर, सहसचिव किशोर तथा कोषाध्यक्ष दीपांक साहू को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर डॉ. आशीष आसटकर ने बताया कि केमिकल सोसायटी के द्वारा, विज्ञान खासकर रसायनशास्त्र की दैनिक जीवन में उपयोगिता को केंद्र में रखकर सालभर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है जिसमें, ओज़ोन दिवस, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, हर शनिवार को एमएससी रसायनशास्त्र विभाग के छात्रों द्वारा विभिन्न विषयों पर पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन द्वारा व्याख्यान, हाई स्कूल और हायर सेकंडरी स्कूलों के छात्रों को रसायन के प्रायोगिक पक्षों का व्यवहारिक जानकारी देना, इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। नसीर अहमद ने केमिकल सोसायटी द्वारा इस सत्र में होने वाली गतिविधियों की रूपरेखा बनाकर सदस्यों से साझा कीं। कार्यक्रम के अंत मे चित्रकिरण पटेल ने आभार प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में केमिकल सोसायटी के अन्य सदस्यों के रूप में बलराम सेठिया, पंकज देवांगन, निधिरानी, श्वेता, सुमिया जैन, मनीषा, शकुंतला, हासनी, मिथलेश, सावित्री, भुनेश्वरी, श्रेयस, ययाती, महंती, टाकेश्वर, देविन्द्रिका, अमर पटेल, लक्ष्मी साहू इत्यादि उपस्थित रहे।

# पुलिस के नये मुखिया के फरमान का दिख रहा जिले में असर

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा द्वारा पुलिस की कार्यशैली में बदलाव लाने के लिए विभाग द्वारा एक नई मुहिम चलाया जा रहा है। जिसके तहत पुलिस अब कार्यालयीन समय के बाद शहर के चौक चौराहों एवं भीड़ भाड़ वाले इलाकों में आपराधिक तत्वों के लोगों में शिकंजा कसेगी। इस कार्य की अमलीजामा हेतु बीती रात नारायणपुर थाना स्टाफ व यातायात पुलिस द्वारा जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में शहर में अपराधिक तत्वों के लोगों, स्पीड बाइकर्स, मोटर सायकल में तीन सवारी चलने वाले, नाबालिगों द्वारा मोटर सायकल चलाना, बिना लाइसेंस व शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले सभी लोगों पर शिकंजा कसने हेतु शहर के बस स्टैंड चौक में चेकिंग कर कार्यवाही करते हुए समझाइश दिया गया। एवं शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों को ब्रीथ एनालाइजर से चेकिंग किया गया। अब नारायणपुर पुलिस ऐसे ही प्रतिदिन संध्या और रात्रि में रोड पर दिखेगी और पुलिस लोगों से अपील कर रहे हैं की जिस चौक चौराहों पर पुलिस बैठेगी वहां के आम पब्लिक , वृद्धजन अपनी समस्या लेकर आ सकते हैं और उनका हर संभव मदद किया जायेगा एवं संबंधित प्रकरण तत्काल सुलझाने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर नारायणपुर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ, थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बंजारे, उप निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू, सहायक उप निरीक्षक शंकर मण्डावी और थाना व ट्रैफिक का अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

# नक्सलियों ने बस्तर फाइटर्स भर्ती का किया विरोध



पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जिले से होकर गुजरने वाली नेशनल हाईवे 130 डी पर कुकाझोर के पास नक्सलियों ने पुलिस भर्ती बस्तर फाइटर्स का विरोध किया है इस मार्फत नक्सलियों ने पर्चा फेक युवक युवतियों से पुलिस भर्ती में न शामिल होने एवं इस भर्ती का विरोध करने की बात कही है साथ ही पर्चे में आत्म सम्मान के साथ जीने के लिए अन्य सरकारी नौकरी जैसे शिक्षक, डॉक्टर, कृषि विभाग पशु विभाग जैसे विभागों में नोकरी की मांग करो। लगातार नक्सली पुलिस भर्ती का विरोध करते नजर आ रहे है। वही इस मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज चंद्राकर का कहना है कि नक्सली अब कितना भी विरोध कर ले यहाँ के स्थानीय ग्रामीण इनकी बातों में नही आने वाले नक्सलियों के हाथ से जमीन खिसकती जा रही है। जिले भर से बस्तर फाइटर्स भर्ती के लिए जिले के स्थानीय युवक युवतियों द्वारा 3000 की संख्या में आवेदन दिया गया है जो ये दर्शाता है कि अब स्थानीय लोग विकास के रास्ते पर चल चुके है।

# खाद्य भण्डारण डिपो में आजादी अमृत महोत्सव का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




छ.ग.राज्य भण्डार गृह निगम कोण्डागांव में 22 नवम्बर को आजादी अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय खाद्य निगम के वरिष्ठ अधिकारी के साथ साथ छ.ग. नागरिक आपूर्ति निगम कोण्डागांव एवं छ.ग. भण्डारण गृह निगम कोण्डागांव के भी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित हुए । जिन्होने अपने संबोधन में केन्द्र सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जनसमुदाय को अवगत कराया । भारतीय खाद्य निगम् मण्डल कार्यालय दुर्ग सपन कुमार सहायक महाप्रबंधक ( गु.नि. ) ने इस अवसर पर फोर्टिफाइट चावल की गुणवत्ता एवं भारतीय खाद्य निगम की उपलब्धियों एवं भण्डारण के विषय में लोगों को बताया । कोविड -19 महामारी काल कर्मचारियों एवं श्रमिकों द्वारा 24 घंटे लगातार किये गए कार्य को सहारना की गई , देश में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 600 लाख में टन खाद्यान्न का आबंटन भारतीयों के हितों की रक्षा हेतु बाटे गए । इसके साथ ही डीजिटल इंडिया मुहिम के अन्तर्गत डिपों ऑनलाईन सिस्टम क्रियान्वयन एवं पारदर्शिता हेतु पब्लिक डोमेन में भारतीय खाद्य निगम के सभी सीसीटीवी का लाइव टेलिकास्ट किये जाने की जानकारी दी । साथ ही अल्प पोषण एवं कुपोषण की समस्या से बच्चों व महिलाओं को राहत पहुचाने हेतु फोर्टिफाईड चांवल का उपार्जन किया गया ज्ञात हो कि भारतीय खाद्य निगम देश को खाद्यान्न सुरक्षा सुनिश्चत करने में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है।

# नगरपालिका उप निर्वाचन ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के लिए दिशा-निर्देश जारी


पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

नगरपालिका उप निर्वाचन 2021 के प्रचार-प्रसार हेतु ध्वनि विस्तारक यंत्रों (लाउडस्पीकर) का उपयोग सभी राजनैतिक दलों, प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाता है। जिसके तहत् छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा द्वारा आदेश जारी कर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग हेतु समय-सीमा निर्धारित करते हुए प्रातः 6.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक प्रचार-प्रसार की अनुमति प्रदान की गई है। ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग विहित प्राधिकारी से जो कि पूर्वानुमति प्राप्त कर संबंधित पुलिस स्टेशन के कार्यपालिक मजिस्ट्रेट होंगे, से प्राप्त कर ही अधिनियम की सीमाओं के भीतर किया जा सकेगा।

ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग मध्यम गति से किया जा सकेगा। प्रचार-प्रसार के दौरान यातायात का ध्यान रखा जाना है। इसमें किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न नहीं होना चाहिए। प्रतिबंधित क्षेत्र अस्पताल, स्कूल, महाविद्यालय, न्यायालय, शासकीय कार्यालय के समक्ष ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग धीमी गति से किया जायेगा। प्रचार-प्रसार के दौरान शांति व्यवस्था की सम्पूर्ण जवाबदारी आयोजक की होगी।

# एनएमडीसी, बचेली और संतगिरि आश्रम, हैदराबाद ने किया औषधीय पौधा रोपण अभियान का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बचेली
www.dailypioneer.com




हमारे औषधीय पौधों को संरक्षित करने की आवश्यकता के प्रति छात्रों को जागरूक बनाने के लिए एनएमडीसी लिमिटेड, बचेली और संतगिरि आश्रम, हैदराबाद के संयुक्त सामाजिक पहल औषधीय पौधे वृक्षारोपण स्कूल अभियान के तत्वावधान में औषधीय पौधा रोपण अभियान का आयोजन 16 नवंबर को डीएवी पब्लिक स्कूल, बचेली में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ जिसमें केंद्रीय विद्यालय के छात्र भी सम्मिलित हुए। औषधीय पौधे वृक्षारोपण स्कूल अभियान देश में निवारक स्वास्थ्य देखभाल हेतु जागरूकता विकसित करने हेतु एवं स्कूली छात्रों के बीच औषधीय पौधों के संरक्षण की भावना को विकसित करने के लिए है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य औषधीय पौधों का रोपण और संरक्षण को बढ़ावा देना एवं औषधीय पौधों की प्रभावशीलता के बारे में छात्रों के बीच जागरूकता पैदा करना है ।पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धतियां औषधीय पौधों के बारे में ज्ञान का एक विशाल भंडार हैं। इन पौधों के आशाजनक औषधीय गुणों ने नोवेल कोरोनावायरस संक्रमण के खिलाफ चिकित्सा विकसित करने व प्रतिरक्षा बढ़ाने के माध्यम से रोकथाम के लिए कारगर है ।इस पहल के तहत डीएवी और केंद्रीय विद्यालय , बचेली के छात्र-छात्राओं को 1200 से अधिक औषधीय पौधे निःशुल्क प्रदान किए गये ताकि बच्चे इन पौधों के फल और पत्ते से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में जान सकें।इस पहल के तहत छात्रों को औषधीय पौधों को समझने का भी मौका मिला एवं उनके रख-रखाव हेतु जानकारी प्रदान की गई। एनएमडीसी लिमिटेड, बचेली और संतगिरि आश्रम, हैदराबाद के बीच इस संयुक्त प्रयास से डीएवी और केंद्रीय विद्यालय , बचेली के छात्र-छात्राओं को औषधीय पौधों का मुफ्त वितरण किया गया , जो डीएवी पब्लिक स्कूल, बचेली में संपन्न हुआ।

# विभिन्न जनकल्याणकारी मांगों को लेकर जगदलपुर से कोंडागांव होते हुए रायपुर साइकल यात्रा पर रवाना हुआ जगदलपुर पार्षद धनसिंह

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जगदलपुर पार्षद धनसिंह नाग राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यालय के सामने अनिश्चित कालीन धरने पर बैठेगा। पार्षद धनसिंह नाग के पदयात्रा के दौरान कोंडागांव आगमन पर भाजपा कार्यालय के सामने भाजपा जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा, पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज जैन,ओमप्रकाश टावरी,दयाराम पटेल,प्रतोष त्रिपाठी, विनय राज, संजु गहलोत, लक्ष्मी ध्रुव,तेज देवांगन,ललित देवांगन,सोनमणि पोयाम सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने धनसिंह नाग का फूल मालाओं से किया स्वागत । राज्य की भूपेश बघेल की सरकार के द्वारा वादा खिलाफी व भाजपा पार्षद के वार्डो में भेद भाव के चलते जवाहरनगर मेड़मुण्डा जगदलपुर का पार्षद धनसिंह नाग ने 24 नवम्बर 12 बजे जगदलपुर से साइकल यात्रा पर निकला है जो आज कोंडागांव पहुंचा। पार्षद धनसिंह नाग ने बताया कि एक वर्ष पूर्व भी मैने पैदल यात्रा कर राज्यपाल व मुख्यमंत्री को जनहीत के विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा था लेकिन आज एक वर्ष होने के बाद भी जायज मांगो को कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार पूरा नहीं की, इसलिए फिर से मैं साइकल यात्रा कर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर मुख्यमंत्री कार्यालय के सामने अनिश्चित कालीन धरने पर बैठूंगा।

# एनएमडीसी को खान मंत्रालय ने प्रदान की 5 सितारा रेटिंग

पायनियर संवाददाता
➤ किरंदुल/हैदराबाद
www.dailypioneer.com



भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी को खान और खनिज पर 5वें राष्ट्रीय सम्मेलन में अपनी सभी प्रचालनगत लौह अयस्क खानों अर्थात कुमारस्वामी, बचेली निक्षेप 5, निक्षेप 14 एनएमजेड और निक्षेप संख्या 10 के लिए तीन साल की कुल नौ 5-स्टार रेटिंग मिली । खान मंत्री प्रहलाद जोशी ने कंपनी के सुस्थिर खनन प्रयासों के लिए एनएमडीसी के निदेशक (उत्पादन) दिलीप कुमार मोहंती को सम्मानित किया। केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री प्रहलाद जोशी ने खान और खनिज पर 5वें राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की और राज्य सरकारों को 52 से अधिक खनिज ब्लॉक आवंटित किए। उन्होंने मान्यता प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए एक ई-पोर्टल भी लॉन्च किया। खान मंत्रालय ने टिकाऊ और जिम्मेदार खनन प्रक्रिया का पालन करने वाली खानों को वर्ष 2017-18, 2018-19, 2019-20 के लिए 5 स्टार रेटिंग प्रदान की। एनएमडीसी की ओर से पुरस्कार प्राप्त करते हुए निदेशक (उत्पादन) दिलीप कुमार मोहंती ने कहा, भारतीय खनन उद्योग में एक प्रमुख हितधारक के रूप में, यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम ऊर्जा सक्षम और टिकाऊ उत्पादन प्रक्रियाओं को लागू करें । पांच सितारा रेटिंग पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है । पुरस्कार पर टीम को बधाई देते हुए सुमित देब, सीएमडी, एनएमडीसी ने कहा, ÷पिछले वर्षों में हमारे खनन परिसर डिजिटलीकरण की ओर बढ़े हैं। एनएमडीसी ने खनन के सुरक्षित, वैज्ञानिक और पर्यावरण हितैषी तरीकों को अपनाया है जिनका पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव पड़ता है । हम हमारे आदर्श वाक्य के अनुरूप पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण की विभिन्न पहलों पर प्रगति जारी रखे हुए हैं।

# कलेक्टर ने ली राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत नरहरपुर के आम निर्वाचन के परिपेक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्दन कुमार ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर निर्वाचन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आदर्श आचरण संहिता का पालन करने को कहा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री शलभ कुमार सिन्हा, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरीशंकर नाग भी मौजूद थे। नगर पंचायत नरहरपुर में आम निर्वाचन की जानकारी देते हुए कलेक्टर श्री चन्दन कुमार ने बताया कि निर्वाचन के लिए सूचना का प्रकाशन 27 नवम्बर शनिवार को पूर्वान्ह 10.30 बजे किया जाएगा, साथ ही सीटों का आरक्षण के संबंध में भी सूचना का प्रकाशन किया जाएगा तथा मतदान केन्द्रों की सूची भी प्रकाशित की जाएगी। इसी दिन से रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया जावेगा। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख 03 दिसम्बर शुक्रवार निर्धारित है। नाम निर्देशन पत्र पूर्वान्ह 10.30 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक प्राप्त किये जाएंगे। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जॉच) 04 दिसम्बर शनिवार को पूर्वान्ह 10 बजे से किया जावेगा। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 06 दिसम्बर सोमवार अपरान्ह 03 बजे तक का समय निर्धारित है। अभ्यर्थिता वापसी के बाद 06 दिसम्बर को ही निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार की जायेगी और निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन किया जायेगा। 20 दिसम्बर सोमवार को प्रातः 08 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक मतदान संपन्न कराया जाएगा तथा 23 दिसम्बर गुरूवार को प्रातः 09 बजे से मतगणना होगी एवं निर्वाचन परिणामों की घोषणा किया जावेगा।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, महासमुंद (छ.ग.)**
E-mail Id :- eemah-phe-cg@nic.in Telephone :- 07723-223731

**// निविदा निरस्तीकरण सूचना//**

इस कार्यालय का निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 113 (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम निविदा क्रमांक 83817), 118 (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम निविदा क्रमांक 83742), 120 (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम निविदा क्रमांक 83834), 133 (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम निविदा क्रमांक 83861), जी. नं. 63967, 143 (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम निविदा क्रमांक 83867), जी 64157, 148 (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम निविदा क्रमांक 83873), जी. नं. 64199, 158 (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम निविदा क्रमांक 83875), 160 (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम निविदा क्रमांक 83983), 161 (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम निविदा क्रमांक 83984), 163 (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम निविदा क्रमांक 83986), जी. नं. 64255, 177 (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम निविदा क्रमांक 84000), 178 (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम निविदा क्रमांक 84001), 179 (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम निविदा क्रमांक 84002), 181 (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम निविदा क्रमांक 84004), 182 (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम निविदा क्रमांक 84005), जी. नं. 64290 को एकल निविदा हो जाने के कारण निरस्त किया जाता है। शीघ्र ही पुनः निविदा आमंत्रण की कार्यवाही की जावेगी।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
महासमुन्द (छ.ग.)

G- 65333/3

# छत्तीसगढ़ सरकार ने किया रेत, छड़ सीमेंट के दामों में बेतहाशा वृद्धि, विरोध में पैदल मार्च



पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू एवं जिला अध्यक्ष जसराज बाला चंद्राकर के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ भूपेश सरकार द्वारा रेत, छड़, सीमेंट के दामों में बेतहाशा वृद्धि करने के खिलाफ भारतीय जनता युवा मोर्चा सरायपाली विधानसभा द्वारा पैदल मार्च स्थानीय पुरानी मंडी से तहसील कार्यालय सरायपली तक निकाला गया एवम मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी सरायपाली को ज्ञापन सौंपा गया।

उक्त कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष विपिन उबोवेजा,भाजपा मंडल अध्यक्ष धनेश नायक ,बलौदा मंडल अध्यक्ष प्रदीप साहू ,केंदुआ मंडल अध्यक्ष संजय डडसेना ,पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष कामता पटेल महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पुष्पलता चौहान,युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीष आचार्य कार्यक्रम प्रभारी जिला मंत्री दुष्यंत नायक, जिला मंत्री मयंक शर्मा, अजा मोर्चा ,अध्यक्ष प्रमोद सागर, युवा मोर्चा सरायपाली अध्यक्ष सोनू पाढ़ी, बलौदा युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रभाष मिश्रा, केदुआ युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रमोद पटेल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा भवरपुर मंडल अध्यक्ष सोहन पटेल, दीना पटेल, सरायपाली युवा मोर्चा महामंत्री नीरज अग्रवाल, बलौदा युवा मोर्चा महामंत्री अजय नंद,गौरव शर्मा, निर्मल प्रधान गिरजा पटेल, आयुष साहू, धनरूर्जय यादव, परमानंद राव,राहुल पटेल, संजय पटेल,आदित्य मोहन पंडा,गणपति पटेल,मनोज पटेल आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने निकाली जन जागरण यात्रा, शहीद हुए किसानों को श्रद्धांजलि दी गई




केंद्र के मोदी सरकार की नाकामी एवं बढ़ती महंगाई के खिलाफ जन जागरण रैली जिला के कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रश्मि चंद्राकर एवं सरायपाली विधायक किस्मत लाल नंद के द्वारा जय स्तंभ चौक से पुराना नगर पंचायत कन्या शाला के पास तक बड़े जोर शोर से केंद्र के मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तथा उनके द्वारा बढ़ाए जा रहे सामानों के रेट से त्रस्त होकर नागरिकों को संबोधित करते हुए जन जागरण रैली निकाली गई नारेबाजी की गई। उक्त जन जागरण रैली निकालने के पूर्वजय स्तंभ चौक मेंजो किसान अपनी मांगों को लेकर शहीद हुए थे उन किसानों को मोमबत्ती जलाकरश्रद्धांजलि दी गई इस अवसर पर आर एन आदित्य अध्यक्ष शहर कांग्रेस सरायपाली पुष्पेंद्र पटेल अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण सरायपाली बलराम भाई अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छूईपालीएवं जितेंद्र सिदार अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भंवरपुरएवं सभी प्रकोष्ठ पदाधिकारी गण वरिष्ठ कांग्रेसी गण महिला कांग्रेसी गण एवं सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता की उपस्थिति थे।

# झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक में बीएमओ की छापे मार कार्यवाही



पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

बीएमओ आशीष सिन्हा के नेतृत्व में नगर के झोलाछाप डॉक्टरों के ऊपर छापे मार कार्यवाही रायपुर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरो पर कार्रवाई शुरू हो गई है। पिछले हफ्ते तिल्दा ब्लाक के बी एम ओ डॉ आशीष सिन्हा के नेतृत्व में आधा दर्जन से अधिक झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक के पास दबिश देकर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। टीम ने क्लीनिक संचालकों को शपथ पत्र पेश करने के निर्देश दिए। झोलाछाप डॉक्टरों पर प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है ज्बी एम ओ डॉ आशीष सिन्हा डॉ प्रांशुल कोटवानी की टीम व पुलिस प्रशासन ने डॉक्टरों और मेडिकल दुकानों पर छापा मार कार्यवाही अभियान चलाया। अचानक इन्हे छापा मार कार्यवाही में संचालित 6 लोगो के दुकान और क्लीनिक पर छापामार कार्यवाही की है। जिनके पास ना तो कोई डिग्री ना ही कोई डिप्लोमा। वहीं छापेमारी कि सूचना से सहमे कई डॉक्टर व क्लीनिक संचालक अपने दुकानों बंद कर फरार हो गए। तिल्दा नेवरा बीएमओ सिन्हा के नेतृत्व में नगर के ऐसे झोलाछाप डॉक्टर जो लोगों के जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं उन पर छापे मार कार्यवाही कर तीन दवाखाना को सील किया गया बी एम ओ डॉ आशीष सिन्हा ने कहा है की झोला छाप डाक्टरों द्वारा किसी एम बी बी एस डाक्टरों का नाम लिख कर नर्सिंग होम संचालित कर इलाज किया जा रहा है उन्हें समझाइस दिया गया है की जिसका नाम लिखा वह डाक्टर वहा मिलना चाहिए अगर लिखे गए समय पर डाक्टर नहीं मिलते है तो संचालक के ऊपर कड़ी कार्यवाही की जाएगी आज बंगाली डेंटल क्लिनिक-साईं कृपा क्लिनिक, बंगाली दवाखाना-बंगाली डेंटल क्लिनिक-साईं कृपा क्लिनिक-उत्तम हॉस्पिटल-क्लीनिक लाइफ लाइन, इन सबके ऊपर छापामार कार्यवाही करते हुए समझाइश दी गई आगे यह कार्यवाही जारी रहेगी अभी सिर्फ समझाइस दिया जा रहा है अगर इसके बाद में नहीं माने तो उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी ।

## राजस्व न्यायालय का अधिवक्ताओं ने किया बहिष्कार



**सरायपाली ।** अधिवक्ता संघ की बैठक में नायब तहसीलदार सरायपाली सुशीला साहू के विरुद्ध कोई कार्यवाही न करने के कारण संपूर्ण राजस्व न्यायालय बहिस्कार का निर्णय लिया गया आज दिनाक से अधिवक्ता किसी भी राजस्व न्यायालय में उपस्थित नही होंगे। विदित हो की सुशीला साहू नायब तहसीलदार के कार्यशैली को लेकर 12नव. से उनके न्यायालय का बहिष्कार किया जा रहा था इस संबंध में 23नव. को कलेक्टर से संघ के प्रतिनिधि मंडल द्वारा अपने शिकायत को विस्तृत रूप से बताए जाने के पश्चात कोई भी कार्यवाही न किए जाने आपेक्षित सहयोग नही मिलने से विवश होकर संघ द्वारा सभी राजस्व न्यायालयों का बहिष्कार करने नायब तहसीलदार के विरुद्ध उच्चित कार्यवाही और स्थानांतरण करने के निर्णय न हों जाने तक के लिए लिया गया ।

# युवा कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा



पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाटापारा अंतर्गत विभिन वर्ग के पढ़े लिखे युवाओं को रोजगार व प्रवास हेतु चरित्र प्रमाण पत्र पुलिस वेरीफिकेसन सर्टिफिकेट की आवश्यक्ता पड़ती है जिसकी आवश्यक्ता निजी व सरकारी नौकरी अथवा अन्य देशों में प्रवास हेतु पासपोर्ट बनवाने के लिए आवश्यकता पड़ती है जिसके लिए उन्हें बलौदाबाजार जिला कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते है जिसे देखते हुवे जिला पुलिस अधीक्षक व छत्तीसगढ़ मुख्य पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौप कर स्थानिय पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अथवा थाना प्रभारियों को अधिकृत किये जाने मांग व निवेदन किया। ज्ञापन देने वालो में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मोहन निषाद, एनएसयूआई अध्यक्ष हरीश लहरे उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की भर्ती के लिए 8 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार।** महिला एवं बाल विकास परियोजना लवन के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के 10 पदों पर भरती के लिए 8 दिसम्बर तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। इनमें 2 पद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के और 8 पद आंगनबाड़ी सहायिका के शामिल हैं। केवल पंजीकृत डाक से बंद लिफाफे में आवेदन परियोजना कार्यालय में निर्धारित तिथि तक स्वीकार किये जाएंगे। परियोजना कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत लवन में सहायिका के तीन पदों के लिए भरती की जायेगी। इनमें वार्ड क्रमांक 7, वार्ड क्रमांक 12 और वार्ड क्रमांक 11 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद शामिल हैं। लवन ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र मुण्डा और डोटोपार में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के एक-एक पद और सहायिका के पांच पद- बिजराभांठा, तुरमा, धाराशिव, सिंघारी एवं बगबुड़ा शामिल किये गये हैं।

# नगर पालिका द्वारा बनाए जा रहे काम्प्लेक्स का व्यापारियों ने किया विरोध

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



बलौदाबाजार वार्ड क्र. 13 मंडी रोड मस्जिद के पीछे खाली जगह पर नगर पालिका द्वारा व्यावसायिक काम्प्लेक्स का निर्माण किया जाना है। नगर पालिका द्वारा उक्त भूमि पर चूने से ले-आउट भी किया गया है। मध्यरात्रि को चुपके से बोर कराया गया है। जबकि यह व्यवसायिक परिसर वार्ड क्र. 10 में बनाया जाना था। पालिका द्वारा ईस्तहार प्रकाशन भी व समस्त दस्तावेज में वार्ड क्र. 10 का ही उल्लेख है। फिर यह अचानक वार्ड क्र. 13 में बनाया जा रहा है। जबकि पिछले 3 परिशद् ने इसे पार्किंग के नाम से सुरक्षित रखा है। सब्जी मार्केट, सदर रोड, कपड़ा व्यापारी आसपास के दुकानदारों के यहॉ खरीदी के लिए आये हुए लोग वहां पर अपनी वाहन खड़ा करते हैं। मस्जिद में आये मुस्लिम लोग नमाज पढ़ने आते हैं तब अपनी दुपहिया और चार पहिया वाहन खड़ी करते हैं यदि इस जगह पर व्यवासायिक परिसर बनाया गया तो आमजन को वाहन पार्किंग की समस्या होगी। अभी कुछ दिन पहले ही दीपावली के समय यह जगह पूरी तरह वाहनों से भर गई थी। कहीं से भी आने-जाने का रास्ता नहीं था और पार्किंग की भारी समस्या थी। मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष सैय्यद आरिफ अली व आसपास के व्यवसायियों द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल व नगर पालिका टीम को मौके पर बातचित करने व पार्किंग की समस्या से अवगत कराने बुलाया गया था। इस पर पालिका द्वारा बनाये जा रहे व्यवसायिक परिसर का सभी व्यापारियों व फु टकर व्यापारियों द्वारा विरोध किया गया। मौके पर उपस्थित कपड़ा व्यापारी संघ के अध्यक्ष श्याम केशरवानी जी द्वारा बताया गया कि यदि आपको काम्प्लेक्स निर्माण करना ही है तो रोड से लगाकर एक सीधी लाइन में दुकान निर्माण कर सकते हैं। परंतु यह पार्किंग खराब न करें और वह अपने इंजीनियर से नक्षा बनाकर भी दिये हैं। जिसमें आमजन के लिए मुत्रालय की भी व्यवस्था की जावे। इस विशय पर छ.ग.चेंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष जुगल भट्टर द्वारा व्यापारियों को यह आष्वासन दिया गया कि चेम्बर सदैव व्यापारियों के हित के लिए कार्य करेगा। यदि इस व्यवसायिक काम्प्लेक्स का निर्माण नगर पालिका करता है तो व्यापारियों के हित को ध्यान में रखना होगा जो फ ुटकर व्यापारी ठेले में या चबुतरे में, रोड में व्यवसाय कर रहे हैं वे अभी कोरोना महामारी की समस्या से उभरे भी नहीं है और काम्प्लेक्स में दुकान लेने की उनकी आर्थिक स्थिति भी कमजोर है ऐसे में लगभग 100 लोगों का व्यवसाय खराब होगा। उनका व्यवसाय छिन जायेगा। वे अपना घर परिवार कैसे चलायेंगे। पहले उनके व्यवस्थापन की व्यवस्था पालिका को करना होगा। अन्यथा चेंबर इसमें अपना कड़ा रूख अपनायेगा। इस विशय में व्यापारी संघ मस्जिद कमेटी, फ टकर व्यापारी व अन्य दुकानदारों ने अलग-अलग कलेक्टर महोदय को ज्ञापन व षिकायत की है। जनदर्षन में भी व्यापारियों द्वारा कलेक्टर महोदय के समक्ष शिकायत दर्ज की गई। उक्त व्यवसायिक काम्प्लेक्स के निर्माण को लेकर व्यापारियों, आसपास के घरवाले व व्यापारियों में बहुत अधिक रोश है।

# ग्राम मोहरा के युवाओं ने ग्रहण की बजरंगदल की सदस्यता

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



भाटापारा के हिरमी सीमेंट संयंत्र से लगे ग्राम मोहरा मे विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल जिलाअध्यक्ष अभिषेक तिवारी (मिकी) ,प्रांत सोशल मीडिया प्रचार-प्रसार प्रमुख हेमंत वर्मा एवं पूर्व बजरंगदल जिला सहसंयोजक वासुदेव ठाकुर का बड़ी संख्या मे युवाओं द्वारा ढोल नगाड़े, आतिशबाजी एवं जय श्रीराम के जयघोष के साथ प्रथम ग्राम आगमन पर स्वागत कर बजरंगदल की सदस्यता ग्रहण की साथ ही विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल के कार्यालय का उद्घाटन भी जिलाअध्यक्ष अभिषेक तिवारी द्वारा फीता काटकर मंत्रोच्चार के साथ किया गया।ग्राम मोहरा के उपसरपंच राजेश वर्मा की अगुवाई मे बजरंगदल की नवीन कार्यकारिणी का गठन जिला इकाई द्वारा श्रीमद्भागवत गीता भेंटकर किया गया एवं नवदायित्व ग्रहण करने वाले समस्त पदाधिकारियों को संगठन के उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया।सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन के मूलमंत्र सेवा, सुरक्षा और संस्कार का पालन करते हुए सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और समाज एवं राष्ट्र रक्षा की शपथ ली।ग्राम संयोजक भूषण वर्मा,सहसंयोजक रजत धुरंधर, अखाड़ा प्रमुख वीरू साहू,गौ रक्षा धीरज वर्मा, सत्संग प्रमुख ऋ षभ वर्मा, साप्ताहिक मिलन अभिषेक वर्मा,विद्यार्थी एवं सह विद्यार्थी आदित्य एवं दिपेश वर्मा नियुक्त किए गए।कार्यकारिणी मे बादल वर्मा, दुर्गेश वर्मा, साहिल धीवर, प्रहलाद यादव, हर्ष सरसिहा, अंकित वर्मा, सागर वर्मा, चंद्रू धीवर, यशवंत वर्मा, संदीप वर्मा, कुणाल धीवर, मनीष वर्मा, राहुल वर्मा, हिमांशु सरसिहा सम्मिलित हुए। उक्त अवसर पर गांव के सरपंच मंतोष कुमार पाठक समेत बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता के जन्म दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



भाजपा रायपुर ग्रामीण जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल का जन्मदिन तिल्दा शहर और ग्रामीण के कार्यकर्ताओं के द्वारा नगर में अग्रवाल के जन्म दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें तिल्दा शहर और ग्रामीण के कार्यकर्ताओं के द्वारा अग्रवाल के जन्मदिवस पर हॉस्पिटल पर मरीजों को फल वितरण का कार्यक्रम रखा गया है । बुधवार को वरिष्ठ भाजपा नेताओं का सम्मान भाजपा कार्यालय नेवरा में किया जाएगा जिसमें रायपुर जिला ग्रामीण के सभी मंडल के कार्यकर्ता व पदाधिकारी पहुंचेंगे वही भाजपा कार्यालय नेवरा में जन्म दिवस के उपलक्ष में विशेष कार्यक्रम का आयोजित किया गया है जिसमें सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा अग्रवाल का स्वागत व सम्मान किया जाएगा अग्रवाल क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता है जो लगातार कई सालों से राजनीति में और संगठन में सक्रिय रहकर लोगों का सेवा करते आ रहे हैं लगातार वे संगठन के कई महत्वपूर्ण पदों पर रहकर संगठन की व क्षेत्र की जनता का सेवा कर रहे हैं और लगातार कई सालों से सांसद प्रतिनिधि भी वे रहे हैं वर्तमान में रायपुर जिला ग्रामीण के महामंत्री के पद पर संगठन और जनता का सेवा कर रहे हैं और शहर मंडल अध्यक्ष ईश्वर यदु, मंडल ग्रामीण अध्यक्ष भाग बली साहू, महामंत्री सौरभ जैन, विकास सुखवानी उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा ने बताया कि तिलदा शहर के व ग्रामीण के मंडल के सभी मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के अध्यक्षों के द्वारा व उनके टीम के द्वारा विशेष स्वागत किया जाएगा जिसमें महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, किसान मोर्चा ,अनुसूचित जाति मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा, व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अग्रवाल के जन्म दिवस के कार्यक्रम का तैयारी उनके द्वारा पूर्ण कर लिया गया है जिसमें भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता सादर आमंत्रित हैं।

## मितानिन बहनों ने कोरोनाकाल में उत्कृष्ट कार्य किया

# मितानिन बहनों को साड़ी व श्रीफल देकर किया गया सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com




मितानिन दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद के सभाकक्ष में मितानिन सम्मान समारोह आयोजित किया गया जहां मितानिन बहनों को साड़ी और श्रीफल देकर पार्षदों और एल्डरमैन द्वारा सम्मानित किया गया, नगर पालिका सभापति हरदीप सिंह रैना ने मितानिन सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित मितानिनों को संबोधित करते हुए कहा की मितानिन बहनों का काम सेवा का कार्य है जहां करोना काल के दौरान लोग घर में सुरक्षित थे वही मितानिन बहने करोना काल में बाहरी राज्य से आने वाली लोगों की पहचान कर उन्हें कोरनटाइन करवाने में प्रशासन का सहयोग कर रही थी तथा करोना मरीजों को कोरोनटाइन के दौरान दवाइयां उपलब्ध कराने का काम भी मितानिन में बहनों ने किया साथ ही साथ वृहद कोरोना वैक्सीन लगाए जाने के कार्यक्रम की सफलता का श्रेय भी मितानिन बहनों को जाता है क्योंकि इनके द्वारा लोगों को घर-घर जाकर कोरोना वैक्सीन के प्रति जागरूक किया गया और वैक्सीन लगाने हेतु प्रेरित किया गया मितानिन बहने स्वास्थ्य संबंधित जानकारियां और दवाइयां वार्ड के लोगों तक पहुंचाने में शासन की अहम कड़ी है शासन को मितानिन बहनों का मानदेय बढ़ाना चाहिए सभापति हरदीप सिंह रैना ने मितानिन बहनों को रायपुर प्रवास के कारण अनुपस्थित रहे नगर पालिका अध्यक्ष अमृत पटेल की ओर से भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

नगर पालिका में आयोजित मितानिन सम्मान समारोह में एल्डरमैन दीपक शर्मा सरोजिनी पाणिग्रही बबलू चौहान पार्षद हेमवती यादव तथा नेता प्रतिपक्ष स्वर्ण सिंह सलूजा तथा वरिष्ठ कॉंग्रेस नेता विकास सिंह द्वारा भी मितानिन बहनों का सम्मान किया गया। मितानिन प्रशिक्षक माधुरी पंडा ने मितानिन बहनों का सम्मान नगर पालिका सभा कक्ष में किए जाने को लेकर नगर पालिका में उपस्थित पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि मितानिन बहनों का सम्मान किए जाने से कम मानदेय में सेवा कर रही मितानिन बहनों को प्रोत्साहन मिलता है और यह प्रोत्साहन उन्हें आगे भी इसी सेवा भाव के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करता है पंडा ने कहा की उम्मीद है आने वाले सालों में यह सम्मान समारोह इसी तरह आयोजित होता रहेगा और मितानिन बहनों को इससे प्रेरणा मिलती रहेगी कार्यक्रम में पालन कौर सरोज सोना पार्वती ध्रुव प्रमिला विशाल उर्मिला चौहान हनसा उपाध्याय रेखा उईके कलावती सिदार वंदना प्रधान निशा पाणिग्रही नजमा बेगम सईदा बेगम राधा भैना प्रतीक्षा कर्ष नोनी बाई साहू सुशीला यादव सुरेन्द्री चौहान सुरजीत कौर डोलबाई साहू अहिल्या

## मितानिन दिवस पर ग्राम बरतोरी में मितानिनों को श्रीफल एवं साड़ी देकर किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



अंतर्गत ग्राम पंचायत बरतोरी में ग्राम पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच पुष्पा सुमित सिंह ने सभी मितानिनों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत कर व साड़ी एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मितानिनों का कार्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता हैं। उनके द्वारा बच्चों को टीका लगने से लेकर, गर्भवती महिलाओं की देखरेख करना, अस्पताल ले जाना, जच्चा-बच्चा को स्वस्थ रखने के लिए पोषण आहार संबंधी जानकारी देने का काम जिम्मेदारी से किया जाता है। इस मौके पर सचिव कुशल बघेल व उपसरपंच दुलारी बाई वर्मा सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उपसरपंच दुलारी बाई ने अपने उदबोधन में कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में मितानिनों का महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। छग राज्य देश का पहला ऐसा राज्य है जहां मितानिन कार्यक्रम शुरू किया गया और भारत सरकार ने उसी तर्ज में देश में आशा की नियुक्ति की, जिसके कारण मितानीन कार्यक्रम को देश भर में आशा के नाम से जाना। छत्तीसगढ़ प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अब तक जितनी भी उपलब्धियां रही हैं। उनके पीछे महत्वपूर्ण श्रेय मितानिन कार्यक्रम को जाता है। मितानिनों के नि:स्वार्थ सेवा और मेहनत के फलस्वरूप ही मितानिन कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण का देश में सबसे शानदार उदाहरण है ।

# मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के तहत कठपुतली नाट्य कला द्वारा लोगों को किया जा रहा है जागरूक

पायनियर संवाददाता ◄ किरन्दुल
www.dailypioneer.com



कठपुतली एवं नाटय कला मंच बिलासपुर की टीम द्वारा भूसा रास से मलेरिया मुक्त अभियान कार्यक्रम की शुरुआत की गई इसमें विशेष रूप से मच्छरदानी के उपयोग को निरंतर अभ्यास में लाने के लिए और साफसफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई और बुखार होने पर मलेरिया की जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया। स्वास्थ्य विभाग की डॉ प्रियंका शुक्ला ने इस कार्यक्रम की शुरुआत की साथ ही स्वास्थ्य विभाग सीएमओ,डीएमओ अशोक पांचाभी एवं अधिकारीगण शामिल हुए। इस जागरूकता अभियान में रूप से कठपुतलियों के जरिए नुक्कड़ नाटक गीत और नृत्य द्वारा प्रचार प्रसार किया गया और मच्छरदानी लगाने के लिए प्रेरित किया गया जिसमें संचालक किरण मोइत्रा के मार्गदर्शन में बिलासपुर के कलाकार रूपेश कुर्रे, गोलू साहू, दया शंकर, उमेश, प्रमोद मानिकपुरी, आकाश यादव का विशेष योगदान रहा।

# नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ने ट्रांसपोर्ट यूनियन के पदाधिकारियों की ली बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



को मनोज तिर्की, नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा द्वारा कार्यालय नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा में ट्रांसपोर्ट यूनियन के पदाधिकारियों की मीटिंग ली गई। कुछ दिनों से शिकायतें प्राप्त हो रही थी, कुछ ट्रक चालक शराब पीकर वाहन चला रहे है, जिससे दुर्घटनायें हो रही है। इस संबंध में मनोज तिर्की नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा द्वारा ट्रांसपोर्ट यूनियन के पदाधिकारियों को हिदायत दिया गया कि वे अपने-अपने वाहन चालकों को नियंत्रण में रखे व उन्हें समझाईश दें कि नशा करके वाहन ना चलाएं अन्यथा आगामी दिनों में सख्त कार्यवाही की जायेगी। शहरी क्षेत्र में वाहनों की गति सीमा 30 कि.मी. प्रति घंटा से कम रखने एवं वाहनों चालकों को वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करने की समझाईश दी गई । साथ ही शहर के सेक्टर एरिया में भारी वाहनों की पार्किंग न करने तथा नो एंट्री समय का कड़ाई से पालन किये जाने हेतु हिदायत दिया गया।

उक्त बैठक में थाना प्रभारी राजहरा निरीक्षक टीएस पट्टावी, यातायात प्रभारी नवल किशोर कश्यप तथा दल्लीराजहरा परिवहन संघ, संयुक्त खदान परिवहन संघ राजहरा, राजहरा हाईवा संघ, अंतागढ़ परिवहन संघ, दुर्गकोंदल परिवहनं संघ के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। ट्रांसपोर्ट यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा पुलिस द्वारा दिये गये निर्देशों का अमल करने की सहमति दी गई।

# आज के बच्चे कल के भविष्य : निर्मल सिन्हा

- दीप प्रज्वलित व श्रीफल तोड़कर किया गया एनएसएस कार्यक्रम का शुभारंभ
- छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षक के महत्व को समझाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ हमारा मुख्य उद्देश्य

कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राओं को 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के उद्देश्य पर महत्वपूर्ण संदेश देते हुए सिन्हा जी ने कहा कि लड़कियों के साथ शोषण होने के पीछे मुख्य कारण अशिक्षा भी है। अगर हम पढ़े-लिखे शिक्षित होते हैं तो हमें सही-गलत का ज्ञान होता है। जब बेटियां अपने पैर पर खड़ी होंगी तो कोई भी उन्हें बोझ नहीं समझेगा। इसीलिए 'बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ' के उद्देश्य को लक्ष्य बनाकर देश की बेटियों को अधिक से अधिक शिक्षित बनाने पर जोर दिया जाना चाहिए। शिक्षित लोगों के साथ कुछ भी गलत करना आसान नहीं होता। लड़की पढ़ी-लिखी होगी तो न अपने साथ कुछ गलत होने देगी और न ही किसी और के साथ होते देखेगी। इसीलिए लड़की का शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है।

शासकीय नवीन महाविद्यालय हसौद में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु कुटराबोड़ के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में 23 नवंबर से 29 नवंबर 2021 तक राष्ट्रीय सेवा योजना (हस्र्) का आयोजन किया गया है। आपको बता दें कि यह महत्वपूर्ण योजना भारत सरकार द्वारा प्रायोजित सार्वजनिक सेवा कार्यक्रम है, जो युवा कार्यक्रम और भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा संचालित किया जाता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य व पूर्व विधायक माननीय श्री निर्मल सिन्हा व कैलाश साहू द्वारा 23 नवंबर दिन मंगलवार को कार्यक्रम स्थल पहुंच कर दीप प्रज्वलित कर श्रीफल तोड़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वही कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राओं से मुलाकात कर उपहार प्रदान कर शिक्षा के महत्व को समझाते हुए छात्र-छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए छात्र-छात्राओं व शिक्षकों की समस्याओं को जानकर उनके समस्याओं पर तत्काल निराकरण करने का आश्वासन प्रदान कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्या एक ऐसा धन है जिसे ना तो कोई चुरा सकता है और नाही कोई छीन सकता। यह एक मात्र ऐसा धन है जो बाँटने पर कम नहीं होता, बल्कि इसके विपरीत बढ़ता ही जाता है। आपने देखा होगा कि हमारे समाज में जो शिक्षित व्यक्ति होते हैं उनका एक अलग ही मान सम्मान होता है। इसीलिए आज के समय में हमारे जीवन में पढ़ाई का बहुत अधिक महत्व हो गया है। इसीलिए आपको यह याद रखना है कि शिक्षा हमारे लिए बहुत जरूरी है इसकी वजह से हमें हमारे समाज में सम्मान मिलता है जिससे हम समाज में सर उठा कर जी सकते हैं।

### स्वच्छ पर्यावरण से ही स्वच्छ जीवन की कल्पना संभव

स्वच्छ पर्यावरण से ही स्वस्थ जीवन की कल्पना की जा सकती हैं कुछ लोगों का सोचना है कि जहां गरीब व्यक्ति रहते हैं वहां ज्यादा गंदगी होती है परंतु ऐसा सोचना बिल्कुल गलत है क्योंकि गरीब और साफसफाई का दूर-दूर तक कोई मेल नहीं है गरीबी तो इंसान की मजबूरी है परंतु सफाई तो उसकी जिम्मेदारी है इसके लिए अमीर या गरीब मायने नहीं रखता और घर के साथ-साथ पर्यावरण की साफसफाई में सब की बराबरी से हाथ बटाने की मंशा होनी चाहिए।

### वैक्सीनेशन के लिए छात्र छात्राओं को किया गया जागरूक

कोरोना वैक्सीन शरीर में पहुंच कर शरीर की इम्यूनिटी सिस्टम यानी रोग प्रतिरक्षा तंत्र को प्रभावित करता है। यह शरीर में उपस्थित हानिकारक वायरस की पहचान करता है तथा वायरस के खिलाफलड़ने के लिए शरीर में एंटीबॉडी का निर्माण कर व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है इसीलिए कोरोना कि इस महामारी से लड़ने के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं अभियान पर सहभागिता व्यक्त कर स्वयं भी वैक्सीनेशन कराएं एवं वैक्सीनेशन के लिए पात्र लोगों को टीकाकरण हेतु प्रेरित करने छात्र-छात्राओं व कार्य म स्थल में उपस्थित ग्रामवासियों को जागरूक किया गया।

# बालोद पुलिस को मिली बड़ी सफलता, अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी के मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार, 2 कार सहित साढ़े 22 किलो गांजा जब्त

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com




अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी के मामले में बालोद पुलिस को बड़ी सफलता मिली हैं। उड़ीसा से गांजा खरीदकर भिलाई एवं गाजियाबाद एनसीआर यूपी में खपाने वाले गिरोह को पुलिस ने पकड़ा हैं।

जिले के थाना व चौकी क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थो के परिवहन को रोकने के लिए एसपी सदानंद कुमार के द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत एएसपी डीआर पोर्ते के मार्गदर्शन व एसडीओपी प्रतीक चतुर्वेदी के सतत् पर्यवेक्षण में 16 नवंबर को टोल प्लाजा के पास एनएच-30 स्तिथ जगतरा पुलिस चौकी पुरूर थाना गुरूर द्वारा एमसीपी लगाकर वाहन चेकिंग के दौरान वाहन क्रमांक सीजी 04 एचए 9097 फोर्ड फ्यूजन वाहन में अवैध मादक पदार्थ गांजा 22 किलो 500 ग्राम प्लास्टिक की बोरी में भरे हुए जिसकी कुल कीमत 2 लाख 25 हजार रुपये का जप्त किया गया था। मौके से चेकिंग के दौरान आरोपी गण फरार हो गए थे। पुलिस सहायता केन्द्र प्रभारी शिशिर पांडे के द्वारा अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध वाहन में अवैध मादक द्रव्य गांजा की अवैध तस्करी करते हुए पाये जाने पर 20(बी) एनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था एवं फरार अज्ञात आरोपियों की पता तलाश की जा रही थी।

फरार आरोपियों की पता तलाश हेतु पुलिस कप्तान सदानंद कुमार द्वारा प्रभारी साईबर सेल बालोद निरीक्षक रोहित मालेकर के नेतृत्व में एक विशेष टीम तैयार किया गया। टीम द्वारा वाहन घटना में प्रयुक्त वाहन के दस्तावेज एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर गांजा तस्करी के मामलें में 4 आरोपी जितेन्द्र सिरमोर, थानेश्वर उर्फ राजा विश्वकर्मा, अर्जुन मंडल और सनातन विश्वास को गिरफ्तार किया गया है।

# भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता का उड़ाया मजाक : जीतेन्द्र वर्मा



**पाटन।** छत्तीसगढ़ भाजपा विधायक दल के स्थायी सचिव जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि एक तरफ बारिश ने अन्नदाताओं की फसल को चौपट कर उनकी कमर तोड़ दी है दूसरी तरफ केंद्र सरकार द्वारा दिए गए डीजल में 10 रुपए व पेट्रोल में 5 रुपए की कमी को नाकामी बताने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने 78 पैसे की कमी कर छत्तीसगढ़ की जनता का घोर अपमान किया है। यह सरासर ऊंट के मुँह में जीरे के सामान है। आखिर 78 पैसे की कमी कर मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ की जनता को किस तरह का संदेश देना चाहते हैं।

वर्मा ने कहा कि प्रदेश में अपनी जनता को सबसे ज्यादा राहत देंगे कहने वाली भूपेश बघेल की सरकार ने राहत देने की बात तो दूर जनता से इस तरह का ऐसा धोखा किया है जिसकी कल्पना भी नही की जा सकती।

जब मोदी सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर लगने वाले टैक्स को कम कर डीजल में 10 रुपए प्रति लीटर की राहत एवं पेट्रोल में 5 रुपए प्रति लीटर जैसी बड़ी राहत दी थी तब सूबे के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी एवं कांग्रेस पार्टी में पूरी दुनिया को सर पर उठा रखा था। कांग्रेस के नेता हल्ला बोल की तर्ज पर बयान देते हुए कहते फिर रहे थे कि छत्तीसगढ़ सरकार जनता को डीजल एवं पेट्रोल के दामों में केंद्र सरकार से भी बड़ी राहत देगी।

# मितानिन दिवस पर बांधा मोहतरा की मितानिन हुई सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा ब्लॉक के बाबामोहतरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मितानिन दिवस पर आयोजित किये गए विशेष कार्यक्रम में मितानिन को उनके उत्कृष्ठ कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके सरपंच द्वारा मितानिन द्वारा किये गए कार्यों की प्रशंसा की गयी साथ ही मितानिन को उपहार स्वरूप श्रीफल व साड़ी देकर सम्मानित भी किया गया। ग्राम पंचायत सरपंच एवं सचिव के हाथों सम्मान पाकर मितानिन काफी खुश नजर आयीं।

### मितानिन करती हैं सच्ची सेवा

ग्राम पंचायत बाबामोहतरा की सरपंच श्रीमती सावित्री साहू ने कहा, ÷मितानिन लोगों के बीच में ही रह कर एक स्वास्थ्य कार्यकर्ता के रुप में सच्ची सेवा करती हैं। इनके बेहतर प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं में कई प्रकार के सुधार सुविधाएँ मिलने लगीं हैं। उन्होंने कहा, मितानिन पर दोहरी जिम्मेदारी होती है। पहले तो वह अपने घर-परिवार का भी ख्याल रखती है इसके साथ ही लोगों से सतत संपर्क बनाए रखते हुए स्वास्थ्य सेवायें भी पहुंचाती है। मितानिन द्वारा स्तनपान, टीकाकरण, गर्भवती की देखभाल, टीबी, मलेरिया, कुष्ठ, निमोनिया, दस्त आदि बीमारियों की पहचान और इलाज कराने में सहायता प्रदान की जा रही है। इसके अलावा महिलाओं के अधिकार, शराबबंदी जैसे सामाजिक विषयों में भी मितानिन काम कर रही हैं।

### मितानिनों ने कोरोना काल में कर्तव्य निभाया

बेमेतरा मितानिन कार्यक्रम ब्लॉक समन्वयक चंद्रकिशोर वासनिक ने मितानिन की भूमिका के बारे में बताते हुए कहा, ÷मितानिन का स्थानीय स्तर पर सीधे सेवा देना, अस्पताल और समुदाय के बीच में एक कड़ी का कार्य करना है।

कोरोना काल में फ्रंट लाइन हेल्थ वर्कर के रुप में कंटेंटमेंट जोन में सर्वे से लेकर मरीजों को दवाईयां उपलब्ध कराने में मितानिन ने अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मितानिन की वजह से ग्रामीण व पहुंच विहीन क्षेत्रों में मातृ-मृत्यु और शिशु-मृत्यु दर पर में काफी सुधार हुआ है। मितानिन द्वारा गर्भवती महिलाओं को उनके स्वास्थ्य से जुड़े अधिकारों को प्राप्त कराने में मदद भी की जाती है जिसका मुख्य उद्देश्य मातृ-मृत्यु और शिशु-मृत्यु दर को कम करना है।

# गुणवत्ता व मानक की अनदेखी पर होगी कार्यवाहीः शर्मा

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने आज वार्डो में चल रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित सब इंजीनियर व ठेकेदार को भी आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान पर्यवेक्षण कार्य ठीक ढंग से नही होने के कारण नपाध्यक्ष ने नाराजगी जाहिर की। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने आज वार्ड क्रं. 08 में चल रहे सीसी रोड़ निर्माण का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने चल रहे सीसी रोड़ निर्माण कार्य निरीक्षण करते हुए कहा कि रोड़ की गुणवत्ता व मानक अनुरूप बनाये तथा सड़क में प्रतिदिन डाले, जिससे सड़क मजबूती बना रहे। नपाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण में गुणत्ता व मानक की अनदेखी न की जाए। गड़बड़ी मिली तो कार्यवाही की जाएगी। उन्होंनें वार्डवासियों से भी कहा कि सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार व नगर पालिका का सहयोग करें व अपने घर के सामने निर्मित सड़क पर पानी डाले। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने सीसी रोड़ का निरीक्षण कर उपअभियंता को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यो का पर्यवेक्षण ठीक ढंग से किया जाना सुनिश्चित करें। सड़क का गुणवत्ता का ध्यान रखे ताकि सड़क अच्छा व सुंदर ढंग से बने।



# छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम से मिले शक्ति विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता

- धर्मेंद्र सिंह सहित पूर्व मंडी अध्यक्ष देवेंद्र अग्निहोत्री ने करी मरकाम से मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com



सक्ती विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं ने 24 नवंबर को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम से सौजन्य भेंट की, इस दौरान जनपद पंचायत सक्ति के सदस्य एवं युवा आदिवासी समाज जांजगीर-चांपा जिले के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह एवं कृषि उपज मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंडित देवेंद्र नाथ अग्निहोत्री प्रमुख रूप से शामिल थे,इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम से शक्ति विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए जानकारी दी, साथ ही शक्ति विकासखंड के ग्राम-खैरा में संपन्न सर्व आदिवासी समाज के एक दिवसीय सम्मेलन एवं प्रीतिभोज आयोजन को लेकर भी उसके बारे में जानकारी दी, तथा इस संबंध में धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि लगभग 10 हजार की संख्या में शक्ति विकासखंड के तुर्री खैरा में सर्व आदिवासी समाज का सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, तथा इस सम्मेलन में जहां समाज बंधुओं ने उपस्थित होकर उत्साह के साथ इसमें भागीदारी करी तो वही छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की भी समाज बंधुओं ने सराहना की,तथा इस दौरान धर्मेंद्र सिंह एवं पंडित देवेंद्र नाथ अग्निहोत्री ने संगठन से संबंधित विषयों पर भी पीसीसी अध्यक्ष मरकाम से चर्चा करते हुए उन्हें अवगत कराया, तथा इस दौरान प्रमुख रुप से जनपद पंचायत के सदस्य धर्मेंद्र सिंह, कृषि उपज मंडी सक्ती के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंडित देवेंद्र नाथ अग्निहोत्री, सर्व आदिवासी समाज शक्ति विकासखंड के अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत अमलडीहा के सरपंच भूपेंद्र देव सिंह सिदार, ग्राम पंचायत गड़गोड़ी के सरपंच बसंत गोंड, पुष्पेंद्र चंद्रा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**नगर पालिका कवर्धा का नाम छत्तीसगढ़ सहित भारत में हुआ रौशन**

# स्वच्छता के क्षेत्र में लगातार मिल रहे सम्मान से अभिभूत हूंः ऋषि कुमार शर्मा

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर चार राज्यों के 123 निकायों में नगर पालिका कवर्धा को प्रथम स्वच्छता अवार्ड व स्टार रेटिंग परीक्षा में थ्री स्टार मिलने के बाद से लगातार नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा व टीम को बधाई संदेश मिल रहे है नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा व उनकी टीम की इस उपलब्धि से नगर पालिका कवर्धा का नाम छत्तीसगढ़ सहित भारत में रौशन हुआ है। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ राज्य स्तर पर जो सम्मान मिल रहे है। इसका पूरा श्रेय मेरे नगर पालिका टीम व कवर्धावासियों का है जिन्होनें नगर पालिका कवर्धा का नाम पूरे भारत के पटल पर अंकित किया है। मैं इस सम्मान से अभिभूत हूं।

### मो.अकबर ने निवास स्थल पर दी बधाई

स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के लिए मान.राष्ट्रपति के हाथों सम्मान प्राप्त करने के उपरांत नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने सर्वप्रथम मो.अकबर भाई के निवास स्थान जाकर इस उपलब्धि के लिए कुशल मार्गदर्शन के लिए आभार माना।

मो.अकबर भाई ने नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा व उनकी टीम को बधाई दिया। इसी तरह कार्य करते हुए कवर्धा का नाम छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में रौशन करते रहे। उन्होंने अपने संदेश में इस सफलता के लिए कवर्धा की जनता द्वारा किए गए प्रयास की सराहना करते हुए स्वच्छता से जुड़े सभी स्वच्छता मित्र, अधिकारियों तथा कर्मचारियों को बधाई देते हुए आगे भी कवर्धा को इसी प्रकार स्वच्छता के क्षेत्र में आगे बढाने हेतु हर संभव प्रयास करने को कहा।

### प्रभारी मंत्री टी.एस.सिहदेव ने पूरे टीम को दी बधाई

छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य एवं पंचायत व कवर्धा जिले के प्रभारी मंत्री श्री टी.एस.सिंह देव कवर्धा प्रवास के दौरान विश्राम गृह में नगर पालिका परिषद कवर्धा के अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा व उनके टीम को आमंत्रित कर स्वच्छ सर्वेक्षण में मिले पुरस्कार के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी।

# कोई भी व्यक्ति मलेरिया जांच से न छूटे- डॉ. प्रियंका

- मिशन संचालक ने की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा स्वास्थ्य विभाग से सम्बन्धित जिले में चलाये जा रहे मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना आदि की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति मलेरिया जांच से न छूटे, पॉजिटिव पाये जाने वाले व्यक्ति का तुरंत पूर्ण उपचार किया जाये। उन्होंने कहा कि इसके लिये सभी लोग टीम भावना के साथ काम करें। समीक्षा बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी.बी.प्रसाद बंसोड़ सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे।

**मलेरिया के स्त्रोतों को जड़ से खत्म करने पर जोर :** मिशन संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला ने कहा कि मलेरिया के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए छोटे-छोटे बच्चों की कविता, कहानी, वीडियो बनाकर प्रचार किया जाना चाहिए। समीक्षा के दौरान डॉ. शुक्ला ने चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों को और बेहतर बनाने की जरूरत है। उन्होने कहा कि समन्वय बनाकर काम करें, जिससे जिले में और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा लोगों को मिल सकें। डॉ. प्रियंका शुक्ला ने मलेरिया के स्त्रोतों को जड़ से खत्म करने पर जोर दिया। बैठक के दौरान बताया गया कि मुख्यमंत्री हॉट बाजार क्लीनिक योजना के अन्तर्गत जिले में 24 क्लीनिक संचालित है।

संपादकीय

# घरेलू सहायक

## सरकार की मदद

**घरेलू** सहायकों की आमदनी बहुत कम होती है तथा उनको कोई सामाजिक संरक्षण नहीं मिलता है, पर असली समस्या व्यवहार संबंधी है। क्या हम जानते हैं कि भारत में कितने घरेलू सहायक हैं? क्या उनको कानूनों का संरक्षण प्राप्त है? क्या उनको अच्छा वेतन, अवकाश व बीमारी में छुट्टी मिलती है? इन सवालों का जवाब नहीं है। वे अकुशल, असंगठित व अनौपचारिक कार्यबल पिरामिड में सबसे नीचे हैं। वे लाखों घरों को स्वच्छ और सूखा रखते हैं, पर अपने मालिकों के साथ एक ही मेज पर बैठने के उनके कोई सामाजिक अधिकार नहीं हैं। वे मालिकों की दया पर निर्भर हैं, उनका मजाक उड़ाया जाता है, उत्पीड़न होता है, पिटाई होती है, उनको भूखा रखा जाता है, छोटी सी गलती पर वेतन काटा जाता है, दिव्यांग बना दिया जाता है, बलात्कार का शिकार बनाया जाता है तथा कभी-कभी हत्या तक की जाती है। अंततः केंद्र सरकार ने एक सेवायोजन नीति बना कर घरेलू सहायकों की सहायता का निर्णय किया है। सोमवार को उसने घरेलू सहायकों का एक अखिल भारतीय सर्वेक्षण शुरू किया ताकि उनकी संख्या, उनकी जीवन व नौकरी की स्थितियों तथा सामाजिक-जनसंख्यात्मक चरित्र का पता लगाया जा सके। हालांकि, यह राष्ट्रीय स्तर पर किया जाने वाला पहला आधिकारिक प्रयास है, पर कुछ एनजीओ सालों से इन सहायकों की स्थिति बेहतर बनाने के प्रयास कर रहे थे। वर्तमान समय में सारे कार्यक्रम और योजनायें उनके द्वारा एकत्र आंकड़ों पर आधारित हैं। यह एक मोटा अनुमान है कि घरेलू सहायकों की संख्या 5 मिलियन से कम है जिसमें 3 मिलियन से अधिक महिलायें हैं। वे अपने मालिकों के घरों में अंधकारमय जीवन जीते हैं। उनको कामगार के रूप में स्वीकार नहीं किया जाता है। उनका वेतन अन्य क्षेत्रों की तुलना में एक तिहाई होता है। उनको कोई सामाजिक संरक्षण या बेहतर कार्यस्थितियां नहीं मिलती हैं। उनमें से लगभग आधे गरीब राज्यों के प्रवासी हैं तथा देश की सर्वाधिक भेदभाव से ग्रस्त जनसंख्या का हिस्सा हैं। उनका संबंध वंचित जातियों व आदिवासी अल्पसंख्यकों से है तथा आमतौर से वे भूमिहीन व अशिक्षित होते हैं। राज्य से कोई संरक्षण न मिलने के कारण वे अपनी सहायता के लिए एनजीओ की ओर देखते हैं। हालांकि, शहरों में उनमें से अनेक ने स्वयं को अनौपचारिक समूहों के रूप में संगठित किया है और वे ट्रेड यूनियनों से जुड़ गए हैं। इससे उनका वेतन बेहतर हुआ है, कल्याणकारी अधिकार मिले हैं तथा बच्चों के लिए शैक्षिक सहायता मिली है। वर्तमान समय में केवल दो कानून-असंगठित श्रम सामाजिक सुरक्षा कानून, 2008 तथा कार्यस्थल पर महिला उत्पीड़न सुरक्षा, निषेध व समाधान कानून, 2013 घरेलू सहायकों को 'श्रमिक' का दर्जा देते हैं। लेकिन उनको किसी विधिक ढांचे में सहायता नहीं मिल पाती है। उनको हाल ही में स्वीकृत सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 में भी स्थान नहीं मिला है। एक समय संसद में घरेलू कामगार कल्याण व सामाजिक सुरक्षा विधेयक लाने का प्रयास हुआ था। कुछ राज्यों ने उनके लिए न्यूनतम वेतन, काम के निश्चित घंटे, छुट्टियों, सामाजिक सुरक्षा तथा मातृत्व लाभ देने का प्रयास किया, पर उनके अधिकारों को संरक्षण देने वाला कोई कानून नहीं है। राष्ट्रीय सर्वेक्षण के बाद फौरन ऐसा कानून बनाया जाना चाहिए। इससे भी ज्यादा ऐसी व्यवस्था बनाना है जो कानून का क्रियान्वयन करे। लेकिन राज्य से ज्यादा जनता की जिम्मेदारी है कि वह घरेलू सहायकों का उत्पीड़न बंद करे तथा उनको गरिमापूर्ण जीवन जीने में सहायता करे। निसंदेह उनको संगठित कार्यबल का हिस्सा बनाया जाना चाहिए, पर उनके सामने असली समस्या व्यवहार संबंधी है। क्या मालिक उनके प्रति अपना व्यवहार बदलेंगे?

# कृषि कानून वापसी के नतीजे

**वास्तव में किसी राजनीतिक पार्टी को कृषि कानूनों की वापसी का कोई चुनावी लाभ नहीं मिलेगा क्योंकि कोई इनके पक्ष में नहीं था।**



**अमिताभ शुक्ला**
(लेखक चंडीगढ़ दि पायनियर के स्थानीय संपादक हैं)



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने तीन कानूनों को वापस लेने की घोषणा की जिनको भाजपा को छोड़ कर पंजाब की सभी राजनीतिक दलों ने 'काला कानून' कहा था। लेकिन इसका चुनावी राज्य की जमीनी नीतियों पर बड़ा प्रभाव नहीं पड़ेगा, भले ही इससे कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल व आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह की भावना है जो पिछले एक साल से अधिक समय से इनका विरोध कर रहे थे। इसका कारण समझना आसान है। सिख बहुल राज्य में भाजपा का कोई गठबंधन सहयोगी नहीं है, हालांकि हटाए गए मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने कुछ सकारात्मक संकेत जरूर दिए हैं, लेकिन राज्य के ज्यादातर हिस्सों में उनकी उपस्थिति नगण्य या बहुत कम है। हालांकि, कानून वापसी की घोषणा से भाजपा को इस दृष्टिकोण से लाभ मिलेगा कि अब उसके नेताओं का राजनीतिक बहिष्कार समाप्त हो जाएगा और उनको चुनाव में प्रचार अभियान चलाने में सहायता मिलेगी। पंजाब में इस घोषणा को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए चुनाव-पूर्व राहत की तरह देखा जा रहा है जहां भाजपा तीन कानूनों के खिलाफ उभरते किसान आंदोलन का मुकाबला कर रही थी। एक वरिष्ठ नेता ने संक्षेप में कहा कि यह मोदी द्वारा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के उद्घाटन जैसी चीज है। इस एक्सप्रेसवे से भाजपा को पूर्वी उत्तर प्रदेश में वोट मिलेंगे और कानूनों की वापसी से पश्चिम उत्तर प्रदेश में पार्टी को राहत मिलेगी जहां वह कठोर संघर्ष का सामना कर रही थी।

भाजपा पिछले लगभग पच्चीस साल से पंजाब में शिरोमणि अकाली दल-एसएडी के साथ मिल कर चुनाव लड़ रही थी। इसे एक हिंदू-सिख चुनावी गठबंधन माना जाता था और इस समीकरण ने भाजपा को शहरी क्षेत्रों में अपनी स्थिति मजबूत करने का अवसर दिया था जहां हिंदुओं की संख्या काफी है। लेकिन कानूनों के मुद्दे पर एसएडी का भाजपा से गठबंधन टूटने तथा उसकी मंत्री हरसिमरत कौर बादल के मोदी कैबिनेट से बाहर जाने के बाद यह समीकरण संकट में पड़ गया था। लेकिन कानून वापसी के बाद भी एसएडी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने भाजपा के प्रति नरमी नहीं दिखाई है। वास्तव में एसएडी ने बहुजन समाज पार्टी के साथ गठबंधन कर दलित वोटबैंक में सेंध लगाने का प्रयास किया है जो चरणजीत सिंह चन्नी के मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद कांग्रेस की ओर खिसक रहा था। लेकिन कानून की वापसी से पंजाब की राजनीति पर असर नहीं होगा जो पहले की तरह भावनात्मक बदलाव के कारण अनुमान से परे है। उदाहरणार्थ, तमाम नाटक के बावजूद हमेशा यह उम्मीद थी कि नवजोत सिंह सिद्धू पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष पद से अपना इस्तीफा वापस ले लेंगे। वास्तव में ऐसा ही हुआ।

वास्तव में इस्तीफा देने के बाद उनके आक्रामक राजनीतिक व्यवहार को बदलने का कोई खास प्रयास नहीं हुआ जो अपनी ही पार्टी के राजनेताओं के साथ दृष्टिकोण में समन्वय के बजाय टकराव का अधिक है। अब स्पष्ट है कि इस्तीफे के साथ सिद्धू का तर्क निश्चित रूप से इस चुनावी राज्य में अपनी कट्टरपंथी पंथी-धार्मिक राजनीति का प्रतीक खड़ा करना था। पिछले वर्षों में कट्टरपंथी अकालियों ने यही रास्ता अपनाया था तथा धर्म के साथ राजनीति को मिलाने का प्रयास किया था। 1984 के पहले कांग्रेस पार्टी के एक हिस्से ने यही काम करते हुए खतरनाक रूप से अकालियों से मुकाबले के लिए अतिवादी नेताओं से संबंध बढ़ाए थे।

लेकिन अब अकालियों ने भी पिछले वर्षों में नरम दृष्टिकोण अपनाया है और वे धर्म तथा पंथ या समुदाय के खतरे में होने की बात करने के बजाय बेरोजगारी, संकट, किसानों के विरोध प्रदर्शन, ग्रामीण क्षेत्रों में घटती आय, आदि प्रमुख मुद्दों की बात कर रहे हैं। एक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ने केवल धार्मिक मुद्दों के प्रति राज्य कांग्रेस अध्यक्ष के लगाव को देखते हुए कहा, 'सिद्धू की ओर देखें, वे एक दिशाहीन मिसाइल हो गए हैं और यह नहीं सोच पा रहे हैं कि जमीन पर उनको समर्थन मिल रहा है अथवा नहीं।' सिद्धू को सबसे बड़ा झटका मुख्यमंत्री की कुर्सी जाने से लगा जिस पर लंबे समय से उनकी नजर थी और जिसके लिए वे अपने धुर विरोधी अमरिंदर सिंह को पद से हटाने में सफल हुए थे।

मुख्यमंत्री चन्नी खामोशी से पूरा तमाशा देख रहे हैं और ताजा हवा की तलाश में उनका यह दृष्टिकोण ठीक भी लगता है। राज्य में पिछले दो दशकों में मुख्यमंत्री रहे कभी न मुस्कराने तथा कठोर मुखमुद्रा वाले प्रकाश सिंह बादल तथा तटस्थ दृष्टिकोण अपनाने वाले अमरिंदर सिंह की तुलना में यह एकदम अलग है। चन्नी के पास समय बहुत कम है और वे कमसे कम कांग्रेस को उस दौड़ में अंत तक ले जाने में सक्षम हुए हैं जिसमें एसएडी व आप से कड़ा मुकाबला है। चन्नी कहते हैं कि यह 'आम आदमी की, आम आदमी के लिए और आम आदमी द्वारा संचालित सरकार है।' यह चुनाव अभियान में कांग्रेस का प्रमुख नारा बन सकता है।

अमरिंदर सिंह ने अपनी नई पार्टी पंजाब लोक कांग्रेस शुरू की है, पर वे अभी इसे पूरी गति नहीं दे पाए हैं और इसमें कोई शामिल नहीं हुआ है। इसमें अभी वे लोग भी नहीं आए हैं जो सालों से उनके सहयोगी थे। अपने सीमित आकर्षण को देखते हुए अमरिंदर सिंह भी अपने फार्महाउस से निकल कर कहीं नहीं गए हैं, जबकि सभी राजनीतिक पार्टियां व उनके नेता राज्य का दौरा करने, उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप देने तथा चुनावी रणनीति बनाने में व्यस्त हैं। पटियाला के पूर्व महाराजा भाजपा को संकेत दे रहे हैं। उनको शायद उम्मीद थी कि मोदी द्वारा तीन कानून वापस लेने के पहले उनको विश्वास में लिया जाएगा। वास्तव में भाजपा ने पंजाब की सभी 117 सीटों पर उतरने का फैसला किया है और संभवतः अमरिंदर सिंह को उन विद्रोही कांग्रेस उम्मीदवारों को मैदान में उतारने का मौका मिलेगा जो अंतिम समय में टिकट से वंचित हो जाएंगे।

अपने अनेक विधायकों के कांग्रेस के साथ जाने के कारण आप को भी नुकसान हुआ है और पिछले पांच साल में पार्टी का प्रदर्शन खराब रहा है। अब मूल पार्टी का बहुत कम हिस्सा उसके पास बचा है। 2017 में यह 20 विधायकों वाली प्रमुख विपक्षी पार्टी थी, पर अब इसके लगभग आधे विधायक चले गए हैं। उन्होंने इस्तीफा दिया है, उनको हटाया गया है तथा वे विद्रोही अथवा असंबद्ध हो गए हैं। इससे आप विधानसभा में खामोशी से तीसरे स्थान पर पहुंच गई। इसके बावजूद सडकों पर लड़ने की भावना, मुख्य पार्टियों के सभी हाशियाकृत तबकों के साथ मेलजोल बढ़ाने, तथा राजनीति में नयापन लाने के कारण यह पंजाब में एक समूह की पसंद बनी हुई है। हालांकि, आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री पद के लिए कोई चेहरा सामने नहीं रखा है और उसके पास नेता के रूप में पेश करने के लिए भी कोई एक चेहरा नहीं है।

तीन कानूनों की वापसी राज्य में राजनीतिक विमर्श में प्रमुखता प्राप्त करेगी क्योंकि सभी राजनीतिक पार्टी इसका श्रेय लेना चाहती हैं। लेकिन अभियान के दौरान वास्तव में कोई राजनीतिक पार्टी इसका चुनावी लाभ लेने की स्थिति में नहीं होगी क्योंकि यह एक तथ्य है कि किसी ने इसका समर्थन नहीं किया था। कानूनों का समर्थन करने वाली एकमात्र पार्टी भाजपा का राज्य में कोई खास महत्व नहीं है। हालांकि, भाजपा की केन्द्र सरकार ने करतारपुर गलियारा खोल कर सही कदम उठाया है। इसके साथ ही पंजाब में सीमा सुरक्षा बल का क्षेत्राधिकार अंतरराष्ट्रीय सीमा से 50 किलोमीटर तक विस्तारित करने का मुद्दा भी महत्वपूर्ण है, जबकि भाजपा के अलावा अन्य पार्टियां इसे देश के संघीय चरित्र का उल्लंघन मानती हैं। चूंकि कानूनों की तरह सभी राजनीतिक पार्टियां इसके भी खिलाफ थीं, इसलिए भाजपा नीत केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध एक और रूप ले रहा है।

# कृषि कानून वापसी और जीत की राजनीति

> विपक्ष की प्रतिक्रिया दिलचस्प है। कांग्रेस राहुल गांधी को लेकर छाती पीट रही है, जिन्होंने भविष्यवाणी की थी कि मोदी कानूनों को निरस्त कर देंगे



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी झुकने के लिए नहीं जाने जाते हैं। हालांकि, राजनीतिक मजबूरियों ने उन्हें पिछले हफ्ते तीन विवादित कृषि कानूनों को वापस लेने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने महसूस किया है कि जब भी राजनीतिक विरोध और जन आंदोलन एक साथ आते हैं, तो यह राजनीति को प्रभावित करता है। एक चतुर राजनेता के रूप में, उन्होंने पीछे हटने का विकल्प चुना। शुक्रवार को अपने राष्ट्रीय टेलीविजन संबोधन में उन्होंने माफी मांगी : ''आज, मैं अपने देशवासियों से क्षमा मांगता हूं और शुद्ध हृदय और ईमानदार मन से कहता हूं कि शायद कुछ कमी थी।'' मोदी ने हड़ताली किसानों, अपने भक्तों और अपने विरोधियों को भी चौंका दिया। उन्होंने एक झटके में आगामी संसद सत्र और विधानसभा चुनावों में विपक्ष से हमले के केंद्रीय मुद्दे को सात राज्यों में ले लिया था। मोदी के अनुयायी उनके विरोधियों से ज्यादा भ्रमित थे। वे कृषि कानूनों का इतने उत्साह के साथ बचाव कर रहे थे कि उनके नीचे चढ़ने से उन्हें विश्वासघात का अहसास हुआ। लेकिन मोदी जानते हैं कि वह क्या कर रहे हैं, भले ही ऐसा लगता है कि निरसन उनकी छवि की कीमत पर है। रोलबैक ने उसे ख्याति और ईंट-पत्थर जीत लिया है। भारत और विदेशों में सुधार समर्थक लॉबी मोदी के ऊपर चढ़ने से स्तब्ध है क्योंकि उन्हें आशंका है कि यह सुधार प्रक्रिया को रोक देगा, जिससे नई तकनीक और निवेश आएगा। वे मोदी पर भरोसा कर रहे थे कि वह सुधार की पहल करेंगे, खासकर श्रम और कृषि में। किसान-समर्थक लॉबी उन किसानों की जीत से खुश है, जिन्होंने एक साल तक ठंड और गर्मी के साथ-साथ कोविड -19 का भी विरोध किया। विपक्ष को भी लगता है कि किसानों को उनके समर्थन का दिन जीत गया है। संयोग से, रोलबैक के परिणामस्वरूप चुनावी रणनीति में बदलाव हो सकता है-भाजपा और विपक्ष दोनों के लिए। भाजपा मणिपुर, गोवा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और गुजरात में शासन कर रही है और कांग्रेस केवल पंजाब में शासन कर रही है। बीजेपी के लिए यूपी में जीत बेहद जरूरी है. पार्टी इस बात से खुश है कि विपक्ष एकजुट नहीं है और उसने अभियान को तेज करना और पार्टी मशीनरी को सक्रिय करना शुरू कर दिया है। भाजपा के पास पर्याप्त धन और बाहुबल है और साथ ही एक अच्छी तरह से तेल वाली पार्टी मशीनरी भी है। विपक्ष की



प्रतिक्रिया दिलचस्प है। कांग्रेस राहुल गांधी के उस विजन को लेकर अपना सीना पीट रही है, जिसने भविष्यवाणी की थी कि मोदी कृषि कानूनों को निरस्त कर देंगे। लेकिन एक मजबूत संगठन के बिना चुनावी राज्यों में जीतना मुश्किल है। मसलन, कांग्रेस इस समय यूपी में चौथे नंबर पर है. यह केवल अपनी स्थिति में सुधार कर सकता है और राज्य को नहीं जीत सकता। समाजवादी पार्टी किसान आंदोलन को केंद्रीय चुनावी मुद्दा बनाने की उम्मीद कर रही थी। पार्टी जाटों द्वारा समर्थित राष्ट्रीय लोक दल के साथ गठबंधन करने के लिए भी तैयार हो रही है। अब उसे अपनी चुनावी रणनीति पर फिर से काम करना होगा। विभाजित विपक्ष के परिणामस्वरूप त्रिशंकु विधानसभा हो सकती है। कांग्रेस पंजाब को आसानी से जीत सकती थी, लेकिन गांधी भाई-बहनों ने पिछले महीने कैप्टन अमरेंद्र सिंह से छुटकारा पाकर इसे बिगाड़ दिया है. कैप्टन ने अपनी पार्टी बना ली है और बीजेपी के साथ गठबंधन की तैयारी कर रहे हैं। वह चुनाव नहीं जीत सकते, लेकिन वह कांग्रेस को नुकसान पहुंचा सकते हैं। आम आदमी पार्टी का उभार भी चिंता का विषय है। उत्तराखंड का उधम सिंह नगर जिला, जहां बड़ी संख्या में सिख किसान रहते हैं, आंदोलन का एक अनिवार्य केंद्र था। राज्य में मुख्यमंत्री पद का मजबूत चेहरा भी नहीं है। अब तक कांग्रेस और भाजपा बारी-बारी से शासन करती रही हैं। हिमाचल प्रदेश में हाल के उपचुनावों में मिली जीत से कांग्रेस उत्साहित है। हाल के उपचुनावों में बीजेपी को पूरी तरह पराजय का सामना करना पड़ा था. इसमें एक मजबूत मुख्यमंत्री का भी अभाव है।गोवा तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी जैसी बाहरी पार्टियों को आकर्षित कर रहा है। हालांकि कांग्रेस 2017 में नंबर एक पार्टी के रूप में उभरी, लेकिन भाजपा ने गठबंधन बनाकर राज्य को छीन लिया। मणिपुर में भी यही हुआ और कांग्रेस हार गई। प्रधान मंत्री और गृह मंत्री अमित शाह दोनों के गृह राज्य गुजरात में पहले ही मुख्यमंत्री का बदलाव देखा जा चुका है। फिर भी, उसके पास एक ठोस मुख्यमंत्री पद का चेहरा नहीं है। यही हाल कांग्रेस का है। लड़ाई कड़ी होगी। किसान की समस्या अभी भी थमी नहीं है। किसान संघों ने अपना आंदोलन जारी रखने का फैसला किया है और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर संवैधानिक गारंटी, बिजली कानून को निरस्त करने और लखीमपुर खीरी हत्याकांड के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वे इस संघर्ष में मारे गए छह सौ विषम किसानों के लिए मुआवजे की भी मांग करते हैं। क्या इन सभी मुद्दों पर सरकार झुकेगी? हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा।

## फरमाया



**हालांकि** कांग्रेस और माकपा दोनों ने त्रिपुरा पर शासन किया है, लेकिन उनमें भाजपा को हराने की क्षमता नहीं है।

– **अभिषेक बनर्जी**
तृणमूल कांग्रेस महासचिव



**जलवायु** परिवर्तन के मामले में हम कदम पीछे नहीं हटा सकते और वहां पर स्थिर बने भी नहीं रह सकते जहां पर हैं।

– **बराक ओबामा**
पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति



**बसपा** चुपचाप काम करने और कम बोलने में विश्वास रखती है, इसलिए हमारी पार्टी दूसरों की तरह घोषणापत्र जारी नहीं करती है।

– **मायावती**
बसपा सुप्रीमो

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

### देश के वीरों का सम्मान

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में ग्रुप कैप्टन अभिनंदन वर्धमान को वीर चक्र से सम्मानित किया। देश के लिए शहीद हुए अन्य जवानों को भी मरणोपरांत कीर्ति चक्र, वीर चक्र, महावीर चक्र, शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। अभिनंदन द्वारा दिखाई गई बहादुरी अद्वितीय है। निश्चित रूप से देश के हर नागरिक को इस पर गर्व है। देश के लिए लड़ रहे ऐसे वीरों की वीरता खासकर हर छात्र तक पहुंचनी चाहिए। क्योंकि ये देश का भविष्य हैं। साहसिक सैनिकों की कहानियाँ छात्रों तक पहुंचती रहनी चाहिए। इस कारण देश की रक्षा के लिए कैसे आगे आए? सोच कैसी रखे यह उन्हें स्कूल स्तर से ही पता चलेगा। वे देश के रक्षा बलों पर भी मोहित होंगे। यह कैसे काम करते है? और इसमें शामिल होने के लिए क्या आवश्यक है? इसकी तैयारी करके मैं रक्षा बलों में ही करियर बनाना चाहता हूं। छात्रों का यह विचार स्कूल से ही पक्का हो जाएगा। करियर के अलग-अलग रास्ते हैं। लेकिन रक्षा बलों में करियर को समाज में एक विशेष महत्व है। यहां सेवा करने वाले व्यक्ति के प्रति समाज का रवैया किसी भी अन्य करियर क्षेत्र की तुलना में बहादुर व्यक्ति ऐसा है।

– **जयेश राणे, मुंबई**

### क्यों जारी है आंदोलन?

**राकेश** टिकैत का बयान उनकी राजनीतिक मंशा को उजागर करता है और सरकार की सदाशयता को सरकार की कमजोरी समझने की भूल कर रहे हैंऔर अपनी राजनीति चमकाने के लिए अब भी किसानों को उकसाना चाह रहे हैं अब वक्त आ गया है कि किसान श्याम अपने देश का उपयोग करके तीनों के सिविल वापस लेनी जाने के बाद अपने अपने काम धंधे में लग जाएं सरकार कोई उनकी दुश्मन नहीं है इसलिए उस पर भरोसा रखें यह आंदोलन मुख्य रूप से तीनों कृषि बिल पास किए जाने के बाद और उसके विरोध में ही शुरू हुआ था। इन्हें बिना शर्त वापस लेना ही इस आंदोलन की मुख्य मांग थी, जो पूरी हो चुकी है। अब इनमें अन्य मांगों को जोड़ने का सीधा मतलब यही है कि संयुक्त किसान मोर्चा को लग रहा है कि सरकार दबाव में आ गई है, सो उससे जितना हो सके अपनी मांगें मनवा ली जाएं। यह नजरिया उचित नहीं है। इन मांगों के साथ समाज के उन हिस्सों के हित जुड़े हुए हैं, जो अपनी मांगों के साथ सड़क पर नहीं उतरे हैं और यह विश्वास बनाए हुए हैं कि उनके वोटों से निर्वाचित सरकार उनके हितों का भी ख्याल रखेगी। सिलसिला अभी चलता रहा तो एक के बाद एक मांगे बढ़ती जाएंगी।

– **सुभाष बुड़ावनवाला,** रतलाम

### कड़ी चेतावनी

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सखत रुख अपनाते हुए उन सभी को कड़ी चेतावनी दे डाली है जो लखनऊ में सीएए एवं एनआरसी के नाम पर धरना प्रदर्शन करने वाले हैं, एवं शाहीन बाग बनाने वाले हैं। इस बार ऐसी कोई भी साजिश कामयाब नहीं होने दी जाएगी। वे अब की बार सावधान रहें उन्हें इस बार अब कोई मौका नहीं दिया जाएगा। हम भी उनके इस बयान का स्वागत करते हैं। पिछली बार दिल्ली के शाहीन बाग को आज तक पूरा भारत नहीं भुला पाया है जब बिना वजह से एक लंबे समय तक शाहीन बाग को चलाया गया था जबकि भारतीय अल्पसंख्यकों का इस कानून से कोई भी मतलब नहीं है, कोई भी लेना देना नहीं है। सीएए- एनआरसी विदेश में रहने वाले अल्पसंख्यकों के लिए लाया गया कानून है। अतः हम सहमत हैं कि अब दिल्ली जैसा शाहीन बाग लखनऊ तो क्या पूरे देश में कहीं भी कायम नहीं होना चाहिए पिछली बार इस शाहीन बाग के कारण देश को काफी नुकसान उठाना पड़ा था।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

## क्विक न्यूज

### कलेक्टर ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर निर्वाचन के संबंध में जानकारी दी



**बेमेतरा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) विलास भोसकर संदीपान ने आज सवेरे कलेक्टोरेट मे विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर नगरीय निकाय आम/उप निर्वाचन के संबंध मे जानकारी दी। नगरीय निकाय चुनाव निर्विघ्न निष्पक्ष एवं शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जिलाधीश ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, अभ्यर्थियों एवं आम नागरिकों से राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचरण संहिता का पालन करने की अपील की। ज्ञात हो कि नगर पंचायत मारो मे आम निर्वाचन तथा नगर पालिका बेमेतरा के वार्ड क्रमांक 05 एवं 11, नगर पंचायत देवकर के वार्ड क्र.07 तथा नगर पंचायत के वार्ड क्र.11 मे उप निर्वाचन हेतु चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है।

# मितानिन दिवस पर मितानिन सम्मानित

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा ब्लॉक के बाबामोहतरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मितानिन दिवस पर आयोजित किये गए विशेष कार्यक्रम में मितानिन को उनके उत्कृष्ठ कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके सरपंच द्वारा मितानिन द्वारा किये गए कार्यों की प्रशंसा की गयी साथ ही मितानिन को उपहार स्वरूप श्रीफल व सा?ी देकर सम्मानित भी किया गया। ग्राम पंचायत सरपंच एवं सचिव के हाथों सम्मान पाकर मितानिन काफी खुश नजर आयीं।

ग्राम पंचायत बाबामोहतरा की सरपंच सावित्री साहू ने कहा, मितानिन लोगों के बीच में ही रह कर एक स्वास्थ्य कार्यकर्ता के रुप में सच्ची सेवा करती हैं। इनके बेहतर प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं में कई प्रकार के सुधार सुविधाएँ मिलने लगीं हैं। उन्होंने कहा, मितानिन पर दोहरी जिम्मेदारी होती है। पहले तो वह अपने घर-परिवार का भी ख्याल रखती है इसके साथ ही लोगों से सतत संपर्क बनाए रखते हुए स्वस्थ्य सेवायें भी पहुंचाती है। मितानिन द्वारा स्तनपान, टीकाकरण, गर्भवती की देखभाल, टीबी, मलेरिया, कुष्ठ, निमोनिया, दस्त आदि बीमारियों की पहचान और इलाज कराने में सहायता प्रदान की जा रही है। इसके अलावा महिलाओं के अधिकार, शराबबंदी जैसे सामाजिक विषयों में भी मितानिन काम कर रही हैं।

**मितानिनों ने कोरोना काल में कर्तव्य निभाया-** बेमेतरा मितानिन कार्यक्रम ब्लॉक समन्वयक चंद्रकिशोर वासनिक ने मितानिन की भूमिका के बारे में बताते हुए कहा, ÷मितानिन का स्थानीय स्तर पर सीधे सेवा देना, अस्पताल और समुदाय के बीच में एक कड़ी का कार्य करना है। कोरोना काल में फ्रंट लाइन हेल्थ वर्कर के रुप में कंटेंटमेंट जोन में सर्वे से लेकर मरीजों को दवाईयां उपलब्ध कराने में मितानिन ने अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मितानिन की वजह से ग्रामीण व पहुंच विहीन क्षेत्रों में मातृ-मृत्यु और शिशु-मृत्यु दर पर में काफी सुधार हुआ है। मितानिन द्वारा गर्भवती महिलाओं को उनके स्वास्थ्य से जुड़े अधिकारों को प्राप्त कराने में मदद भी की जाती है जिसका मुख्य उद्देश्य मातृ-मृत्यु और शिशु-मृत्यु दर को कम करना है।

### स्वास्थ्य कार्यक्रमों को जमीन पर उतारने में मितानिन की अग्रणी भूमिका

स्वास्थ्य विभाग की सभी योजनाओं और कार्यक्रमों को जमीन पर उतारने में मितानिन की अग्रणी भूमिका रहती है बिना मितानिन के सहयोग किसी योजना सफलतापूर्वक लागू करना संभव नहीं है। इसलिए स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि मितानिन स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी है। मितानिन के बिना किसी कार्यक्रम की सफलता की कल्पना नहीं की जा सकती। मितानिन कार्यक्रम की शुरुआत 23 नवंबर 2002 को की गयी थी। मितानिन कार्यक्रम का उद्देश्य है कि सभी का स्वास्थ्य बेहतर हो सके साथ ही हर व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इस अवसर पर बेमेतरा ब्लॉक की मितानिन प्रशिक्षक सरोज कौशल, मितानिन कावेरी साहू, पुन्नी साहू, उर्मिला देवदास, लक्ष्मी श्रीवास, रेखा तिवारी व सुशीला साहू को सम्मानित किया गया।

# समितियों में धान शार्टेज मामले में सीएम ने संचालकों को दी बड़ी राहत

- बालोद जिले में 16 करोड़ रुपये से अधिक की राशि माफ
- स्वागत योग्य फैसला, फैसले से समितियों को मिलेगा संबल : कुंवर सिंह निषाद

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

जिले में 2020-21 में हुई धान खरीदी में मिलान के दौरान 90 हजार क्विंटल से अधिक धान शार्टेज को मामले में सूबे के मुखिया भूपेश बघेल ने बड़ा ऐलान करते हुए 16 करोड़ से अधिक राशि समितियों की माफ कर दी है।

सीएम के इस ऐलान के बाद समितियों के संचालकों ने राहत की सांस ली है। सीएम के इस ऐलान के बाद संसदीय सचिव खाद्य विभाग कुंवर सिंह निषाद ने इस फैसले को स्वागत योग्य बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के मुखिया भूपेश बघेल ने प्रदेश भर की समितियों में धान खरीदी के दौरान हुए शार्टेज व कमी को लेकर 250 करोड़ रुपये माफ किया है।

जिसमे बालोद जिले भी प्रभावित हुआ हैं। बालोद जिले में 16 से 20 करोड़ रुपये की राशि माफ की गई है। नषाद ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सेलूद में आयोजित सहकारिता की बहुत सभा में उन्होंने ये वादा किया था कि समिति में जो भी शार्टेज हुआ है या जो भी कमी आई है उसको पूरा करेंगे। और उन्होंने अपना वादा पूरा किया है। पूरे प्रदेश में 250 करोड़ के शॉर्टेज को माफ किया है।

ये बहुत बड़ी राहत है उन समितियों के लिये उन किसानों के लिये और सहकारिता में काम करने वाले सभी संचालक मंडल के लिये। इसमें बालोद जिला भी प्रभावित था। 16 से 20 करोड़ रूपये की छूट बालोद जिले को मिली हैं।

कुंवर सिंह निषाद ने आगे कहा की सहकारिता के लिये बहुत बड़ा कदम है। एक ऐतेहासिक कदम है। समिति वालों के लिये ये जीवनदायनी का काम करेगी और ये उनके लिये टॉनिक का काम है। समिति जो घाटे में जा रहे थे और वो चिंतित थे, कि समिति घाटे से उबर पाएगी कि नहीं...? तो इसके लिये उन्हें सम्बल भी मिला हैं।

# जनजागरण अभियान पदयात्रा का नेतृत्व किया प्रभारी मंत्री सिंहदेव ने

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार केंद्र की मोदी सरकार के देश विरोधी नीतियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा निकाली जा रही जन जागरण अभियान पदयात्रा में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जेवरा में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टीए सहदेव ने किया नेतृत्व इस पदयात्रा में बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा भी जिले के प्रभारी मंत्री के साथ चले ग्राम जेवरा में इस अवसर पर कांग्रेस द्वारा जन जागरण सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री पीएस सिंहदेव ने कहा कि वर्ष 2014 को भारत की जनता ने भाजपा को देश की गद्दी सौंपी थी आज 7 वर्ष में भाजपा सरकार ने देश में बदहाली में पहुंचा दिया है मंगाई अपने चरम पर है वैसे ही देश की सीमाएं भाजपा के मोदी राज में सुरक्षित नहीं है मोदी राज में हमें नोटबंदी पुलवामा हमला बेरोजगारी जीएसटी और किसानों के साथ छल कपट मिला है आज बेरोजगारी चरम पर है लोगों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है आम जनता को भाजपा सरकार की नाकामी बताने के लिए जन जागरण अभियान चलाया गया है कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है वह आम जनता को भाजपा सरकार की नाकामी बताएं आज की बढ़ती महंगाई में आम जनता का जीना मुश्किल हो गया है लोगों को सिर्फ एक कांग्रेस से ही उम्मीद दिख रही है, सभा को बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने भी संबोधित किया विधायक आशीष छाबड़ा ने भाजपा को लोगों के बीच जातिगत दुर्भावना फैलाने वाली पार्टी बताया जो उन लोगों में फूट डालकर राज करने पर विश्वास करती है भाजपा की मोदी सरकार में आम जनता महंगाई के मार से परेशान हैं युवाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहा है।


# बेमेतरा जिला के पूर्व छात्र परिषद के पदाधिकारियों का बैठक आयोजित



**थान खम्हरिया।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर थान खम्हरिया में बेमेतरा जिला के सरस्वती शिशु मंदिरों के पूर्व छात्र परिषद के पदाधिकारियो का बैठक सम्पन्न हुआ ।जिसमें पूर्व छात्र परिषद छत्तीसगढ़ रायपुर के प्रांतीय सदस्य लोमस देवांगन (खरोरा )एवं दीपक सोनी विभाग समन्वयक द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त हुआ । सरस्वती शिशु मंदिर थान खमरिया के प्राचार्य बृजमोहन साहू ने पूर्व छात्र सम्मेलन की महत्व एवं इसके दूरगामी लाभ विचारों में प्रकाश डाला नगर एवं आसपास के भी पूर्व-छात्र विद्यार्थियों ने उत्साह एवं धूमधाम से पूर्व छात्र सम्मेलन में सहभागिता एवं इसके प्रचार-प्रसार की बात करी आगामी 22-23 जनवरी को प्रांतीय पूर्व छात्र सम्मेलन की तैयारी, पूर्व छात्र पोर्टल में पूर्वछात्रो का पंजीयन , संस्कृति ज्ञान परीक्षा ,एवं सरस्वती शिशु मंदिर के विकास में पूर्वछात्रो की भूमिका पर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ ।बैठक में दिलीप जायसवाल, अंकित पाठक प्रवीण ठाकुर, गिरधारी सिन्हा (बेमेतरा) अमित केडिया, हनी परिहार, अतुल सिंघानिया, राहुल छाबड़ा (थान खम्हरिया) एवं सुरेश सिंघानिया तथा विद्यालय के प्राचार्य बृजमोहन साहू उपस्थित थे।

# जैविक खाद अपनाने प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता < थानखम्हरिया
www.dailypioneer.com



भारतीय गौवंश रक्षण संवर्धन विहिप गौरक्षा विभाग द्वारा पिछले दिनों नगर में गोबर, गोमूत्र, जैविक खाद की उपयोगिता के संदर्भ में तथा खेती को उन्नत बनाने प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें किसानों को अनेक प्रकार की जानकारी, तकनीकि बतायी गयी और किसानों की शंकाओं का समाधान किया गया। प्रांत प्रमुख जैविक खाद विभाग एच पी साहू ने गो कृपा अमृत की विशेषता बताते हुये कहा कि यह गाय आधारित पदार्थों और अन्य जड़ी बूटियों के उपयोग से निर्मित मिश्र जीवी कीटाणुओं का मिश्रण है जो विस्तृत अनुसंधान और परीक्षण का परिणाम है। यह धरती में मित्र कीटाणुओं का संचार करता है, वनस्पति की रोग प्रतिरोधक शक्ति और गुणवत्ता को बढ़ाता है। केंचुओं की वृद्धि करता है, धरती को नरम बनाता है जिससे बारिश का पानी अच्छी तरह सोखा जा सकता है धरती भूजल का प्रमाण बढ़ाता है। विहिप गौरक्षा विभाग के प्रांत प्रमुख उमाकांत मिश्र ने बताया कि पहले एक ग्राम मिट्टी में दो करोड़ से अधिक उपयोगी सूक्ष्म जीवाणु पाये जाते थे पर अब इसके बीस प्रतिशत ही शेष हैं। मानव शरीर हो या धरती यह मित्र सूक्ष्म कीटाणु स्वास्थ के लिये अत्यंत आवश्यक है। कृषक रवि पटेल ने खेती में कम लागत लगाकर अधिक उत्पादन कैसे करें तथा किस समय कौन सी सावधानी बरतें पर विस्तार से बातें रखी। गोबर आधारित गैस प्लांट पर भी उपयोगी बातें बतायी। राष्ट्रप्रकाश साहू ने किसानों के लिये शासन की कल्याणकारी योजनाओं तथा इसका कैसे लाभ लें पर प्रकाश डाला। शिविर में आये अन्य प्रशिक्षकों ने कृषि की पद्धति, नवीन तकनीकि तथा परंपरागत कृषि में आने वाली समस्याओं के बारे में विस्तार से बताया। शिविर में किसानों को गो कृपामृत बनाने की पद्धति प्रेक्टिकल रूप में बतायी गयी। प्रारंभ में भगवान राम की पूजा अर्चना की गयी। विहिप गौरक्षा विभाग के जिलाध्यक्ष अनिल सिंघानिया, दीपक तिवारी, प्रेम परमार, काशी अग्रवाल आदि ने अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत किया। प्रशिक्षण शिविर में प्रांत संयोजक नरेन्द्र सिंह, शंभू पाटिल, मुकेश सिंघानिया, धन्नू यादव, विष्णूदास सहित बेमेतरा और कबीरधाम जिले के अनेक कृषक शामिल हो लाभान्वित हुये।

# पुरस्कार लेकर लौटने पर हुआ नपं अध्यक्ष का स्वागत



पायनियर संवाददाता < थानखम्हरिया
www.dailypioneer.com

स्वच्छता सर्वेक्षण में स्टार रेटिंग प्राप्त कर नई दिल्ली तथा रायपुर में सम्मान प्राप्त कर थानखम्हरिया लौटने पर न पं अध्यक्ष अंजना राजेश ठाकुर का नागरिकों तथा भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी ढोलम ढोल बाजे के साथ जोशीला स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने कहा कि यह हमारे लिए गौरव की बात है कि हमारे भाजपा शासित नगर पंचायत थान खमरिया के सम्माननीय अध्यक्षा को राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त हुआ है सहित अनेक लोगों ने अंजना ठाकुर को पुष्पगुच्छ भेंटकर इस उपलब्धि के लिये शुभकामनायें दी इस अवसर पर अनिल सिंघानिया चंद्रशेखर सिंह राजपूत राजेश सिंह राजपूत पार्षद गण संपत तिवारी विजय शर्मा मनीष कंकड़वाल योगराज साहू मुकेश सिंघानिया टीकम अग्रवाल चेतन सिन्हा रामस्नेही नामदेव पवन सिन्हा संतोष बाबा देवांगन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रतिबंधात्मक दवाइयों के बिक्री पर पुलिस, स्वास्थ्य विभाग व ड्रग इंस्पेक्टर की टीम ने दिखाई सख्ती

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम जिले को अपराध मुक्त बनाने लगातार कबीरधाम पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अवैध शराब, गांजा नशीली दवाइयों की बिक्री, एवं प्रतिबंधात्मक दवाइयों को मेडिकल स्टोर में रखने या बिक्री पर अंकुश लगाने समय-समय पर सरप्राइज चेकिंग करने निर्देशित किया गया है, इसी तारतम्य में थाना सिटी कोतवाली के मुखबीर के द्वारा सूचना दिया गया कि प्रतिबंधात्मक दवाइयों का बिलासपुर रोड दर्रीपारा के चंदन मेडिकल स्टोर एवं शिवम मेडिकल स्टोर कवर्धा में बिना किसी डॉक्टर के प्रिसक्रिप्शन के प्रतिबंधात्मक दवाइयों को दिया जाता है। जिससे लगातार क्षेत्र के युवक गलत तरीके से इस्तेमाल कर रहे हैं, उक्त सूचना पर थाना सिटी कोतवाली प्रभार में उपस्थित उप.निरीक्षक गीतांजलि सिन्हा के द्वारा पुलिस टीम एवं ड्रग इंस्पेक्टर जितेंद्र पाटीदार के साथ रवाना किया गया, जिनके द्वारा मेडिकल स्टोर में रखें दवाइयों की चेकिंग की गई। जिसमें (1) शिवम मेडिकल स्टोर के शारदा राजपूत ठाकुरपारा कवर्धा थाना कवर्धा के दवाई दुकान में निरीक्षण प्रतिवेदन की कंण्डिका 5 के अनुसार निरीक्षण के दौरान विभिन्न औषधियों का क्रय विक्रय रिकार्ड मांगे जाने पर संधारित नहीं किया गया था, जोकि औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन नियमावली के नियम 65(3),65(4),65(6) का उल्लंघन है, एवं निरीक्षण प्रतिवेदन की कंण्डिका 6 के अनुसार निरीक्षण के दौरान निम्नलिखित कालातीत औषधियों का संधारण अन्य बिक्री की जाने वाली औषधियों के साथ पाया गया, जो औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन नियमावली के नियम 65(17) साथ ही कंण्डिका 9 के अनुसार निरीक्षण के दौरान विभिन्न औषधियों का क्रय विक्रय रिकॉर्ड मांगे जाने पर संधारित नहीं पाया गया।

# चरित्र शंका को लेकर पति ने की पत्नि की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

23 नव. को प्रार्थी अंजोरी राम साहू उम्र 60 साल ग्राम सेमरिया चौकी खण्डसरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 19नव. को इसकी लडकी एवं नातिन को उसके ससुर कुमार साहू ने मेरे घर लाकर छोडे और बताया कि उसके पति थानू साहू मेरे बहू को मारपीट करते है इसीलिये आपके यहां छोड रहा हूं कहकर मेरी लडकी और नातिन को छोड कर चले गये। 23नव. को सुबह 07 बजे जगदीश के खेत के बहरा खार में लकड़ी काटने मजदूरी करने एवं इसकी पत्नी, लड़का गांव में ही मजदुरी करने चले जाना एवं इसकी लडकी एवं नातिन घर में देखरेख के लिए रूके थे इसका लडका एवं पत्नि करीबन 12 बजे घर आये कुछ देर बाद वह भी घर आया तो इसकी लडकी घर के अंदर परछी में खून से लथपथ चित अवस्था में पड़ी थी, उसके सिर में कोई चीज से जान सहित हत्या करने के उद्देश्य से मारकर चोंट पहुचाया जिसे देखकर 108 को कॉल करके बुलाये तब उपचार हेतु 108 में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खण्डसरा लाये जहॉ पर डॉक्टर साहब द्वारा चेक करने पर इसकी लडकी को मृत घोषित कर दिये, इसे संदेह है कि इसकी लडकी को इसके दामाद थानूराम साहू ने जान सहित मारने के उद्देश्य से ही कोई चीज से उसके सिर में मारकर गंभीर चोंट पहुंचाकर हत्या किया है। कि रिपोर्ट पर चौकी खण्डसरा, थाना बेमेतरा में अपराध क्रमांक 834/2021 धारा 302 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुजूर के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में चौकी खण्डसरा प्रभारी उप निरीक्षक बी. आर. ठाकुर एवं चौकी स्टॉफ के साथ सउनि अरविंद शर्मा को आरोपी के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने निर्देशित किया गया।

# पुलिस अधीक्षक ने थाना कुण्डा एवं चौकी दामापुर का वार्षिक निरीक्षण किया

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के द्वारृ थाना कुण्डा एवं चौकी दामापुर का वार्षिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण देर रात तक चला। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाने में दर्ज विभिन्न गंभीर अपराधों की जानकारी थाना प्रभारी कुंण्डा निरीक्षक कपिल चंद्रा से लेते हुए पुलिस टीम के समक्ष उत्पन्न होने वाले समस्याओं की जानकारी लेकर पूर्व के पेंडिंग अपराधों के निराकरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश देकर गंभीरता से अपराधों के जांच करने निर्देश दिया गया। साथ ही थाना क्षेत्र के आम जनों के बीच जाकर क्षेत्र में यदि कोई असामाजिक तत्व है, तो उसके विषय में आवश्यक जानकारी लेकर तत्काल उचित वैधानिक कार्यवाही करने, अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थ गांजा परिवहन एवं बिक्री पर पूर्णता अंकुश लगाने कहकर क्षेत्र के दवाई दुकान में यदि कोई नशीले या प्रतिबंधात्मक दवाई की बिक्री करते हैं, ऐसे मेडिकल संचालकों पर विधिवत कार्यवाही करने कहा गया है। थाना कुंण्डा एवं चौकी दामापुर में उपस्थित आवश्यक विहित पंजीयों की सूची वार प्रत्येक रजिस्टर रोजनामचा, केस डायरी, प्रथम सूचना पत्र, अपराध रजिस्टर, ग्राम अपराध पुस्तिका, हिस्ट्री शीट रजिस्टर, निगरानी रजिस्टर, जब्ती रजिस्टर, फरारी रजिस्टर, कैसबुक, गिरफ्तारी रजिस्टर, लेजर बुक, तैनाती रजिस्टर, गोला बारूद रजिस्टर, बंदूक लाइसेंस रजिस्टर, आबकारी रजिस्टर, कोटवारी रजिस्टर, मार्ग, पेंशन आवास, गुम मावेशी, पत्र व्यवहार, निरीक्षण पुस्तिका, कर्तव्य पंजी, जैसे विभिन्न रजिस्टर को बारीकी से देखकर कमियों को पूरा करने संबंधित को निर्देश दिया गया तथा थाने के माल खाना में जाकर जप्त सामग्री का बारीकी से निरीक्षण कर, रखरखाव पर विशेष ध्यान रखने सख्त हिदायत दिया गया है। थाने में आम जनों के द्वारा किसी मामले को लेकर उपस्थित होने पर सम्मान पूर्वक बैठा कर उनकी समस्याओं/शिकायतों का निराकरण करने हेतु निर्देश दिया गया। निरीक्षण के पश्चात समस्त थाना कुंण्डा एवं चौकी दामापुर में पुलिस के अधिकारी जवानों को फॉलिंग करा के किसी भी प्रकार के विभागीय या कर्तव्य स्थल तथा व्यक्तिगत समस्या है। तो बेझिझक होकर बताने कहा गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी कुंण्डा निरीक्षक श्री कपिल चंद्रा, तथा थाना स्टाफ एवं चौकी दामापुर निरीक्षण के दौरान, चौकी प्रभारी उप.निरीक्षक युवराज साहू, उप. निरीक्षक श्री बी.आर गजेंद्र (रीडर), उप निरीक्षक (अ) युवराज अस्टकर (स्टेनो), एवं थाना एवं चौकी के समस्त अधिकारी/जवान उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय खेल मानकों के अनुरूप विकसति किया जाएगा कवर्धा का खेल स्टेडियम : ऋषि कुमार

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com




कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने कहा कि कबीरधाम जिले के कवर्धा स्थित स्वामी करपात्री जी स्टेडियम को राष्ट्रीय खेल मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा। राष्ट्रीय खेल मानकों के अनुरूप बहुत जल्द ही इस स्टेडियम को कायाकल्प किया जाएगा। उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ में नई सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व और कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिला राज्य शासन के गढबो नवा छत्तीसगढ़ थीप पर अधोसंचना सहित राज्य के कला संस्कृति और परम्पराओं को सहेजते हुए आगे बढ़ रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष शर्मा कबीरधाम जिले की मेजबानी में कवर्धा के स्वामी करपात्री जी स्टेडियम में 21वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। कबीरधाम जिले की मेजबानी में कवर्धा के स्वामी करपात्री जी स्टेडियम में 21वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का गुरूवार को विधिवत समापन हुआ। 22 नवम्बर से 25 नवम्बर तक चले इस प्रतियोगिता में चार खेलों का शामिल किया गया था। इस प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह रायपुर संभाग दूसरे व बस्तर संभाग तीसरे स्थान पर रहें। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बाल बैडमिटन बालक बालिका 19 वर्ष, व्हॉलीवाल बालक,बालिका 17-19 वर्ष, टेनिस क्रिकेट बालिका 17 वर्ष और कूडों बालक बालिका 17-19 वर्ष शामिल किया गया था।

## क्विक न्यूज

### सांसद के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान



**मुंगेली।** सांसद अरुण साव के जन्मदिन के अवसर पर डेफोडिल्स वेलफेयर सोसायटी द्वारा समर्पित ब्लड बैंक दाऊपारा में रक्तदान किया गया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक ,नगर भाजपा अध्यक्ष राणाप्रताप सिंह ठाकुर, सुनील पाठक, मुकेश रोहरा, अमितेष आर्य, मिथिलेश केशरवानी, उत्कर्ष पाठक, राहुल मल्लाह, स्वप्निल वर्मा व अन्य युवाओं की उपस्थिति रहे।

### मंत्री रेणुका का महिला मोर्चा ने किया स्वागत



**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की द्वितीय प्रदेश कार्यसमिति बैठक सूरजपुर में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश कार्यसमिति मुंगेली की हेमा सोनी के द्वारा केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह दीदी और राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सीमा पात्रा का स्वागत किया गया है।

# कलेक्टर ने की विभिन्न धान खरीदी केंद्रों के लिए नियुक्त जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों की बैठक

## धान खरीदी की पूर्व की तैयारी की समीक्षा सभी उपार्जन केंद्रों में जीरो शार्टेज का लक्ष्य रखकर खरीदी के निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर अजीत वसंत ने आज जिला पंचायत के सभा कक्ष में विभिन्न धान खरीदी केंद्रों के लिए नियुक्त जिला स्तरीय नोडल अधिकारियो की बैठक लेकर धान खरीदी की पूर्व तैयारी की समीक्षा की। बैठक में उन्होने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2021-2022 हेतु जिले में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य की 01 दिसम्बर से प्रारंभ हो रहा है। धान खरीदी का कार्य 01 दिसम्बर से ही जिले के 66 समितियों के 95 धान उपार्जन केंद्रों में की जाएगी। उन्होने सभी उपार्जन केंद्रों में जीरो शार्टेज का लक्ष्य रखकर धान खरीदी करने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों में धान बेचने वाले पंजीकृत किसानों की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्था की जाएं। ताकि केंद्र में उन्हे सुखद अनुभव हो। इस अवसर पर कलेक्टर वसंत ने धान उपार्जन केंद्रों में चेक लिस्ट अनुसार सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण करने, बारदानों की व्यवस्था, कम्प्यूटर सेंट, कांटाबांटा सेंट, कर्मचारियों और हमालों की पर्याप्त व्यवस्था, तारपोलिंग एवं डनेज की व्यवस्था तथा धान उपार्जन के संबंध में धान की गुणवत्ता, खरीदी दर, निगरानी समिति के सदस्यों के नाम के फ्लेक्स बैनर को भी प्रदर्शित करने के निर्देश दिये। इसी तरह उन्होने धान खरीदी में सीमांत एवं लद्यु कृषकों, कोविड-19 के टीका लगवाने वाले किसानों और पैरादान करने वाले किसानों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर वसंत ने धान खरीदी में गुणवत्ता, नमी का विशेष ध्यान रखने तथा किसी भी स्थिति में अमानक एवं रबी फसल की धान की खरीदी नहीं करने के भी निर्देश दिये। बैठक में उन्होने कोचियों द्वारा अवैध रूप से धान खपाने को हतोत्साहित करने हेतु समुचित प्रयास करने के भी निर्देष दिये। बैठक में उन्होने सुरक्षा एवं रख-रखाव हेतु शासन से प्राप्त राशि को तत्काल समिति के खाते में अंतरित करने के लिए सीसीबी के नोडल अधिकारी को निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर वसंत ने बारदानों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की और कृषको द्वारा अपने बारदाने में धान लाकर बेचने वाले कृषकों को बारदाने की पावती देने के भी निर्देश दिये। इस अवसर पर नोडल अधिकारियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का सारगर्भित उत्तर देकर उनके शंकाओं का समाधान किया। बैठक में प्रभारी जिला खाद्य अधिकारी एस के. मिश्रा ने धान खरीदी के संबंध में राज्य द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी रोहित व्यास, संयुक्त कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल सभी अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सहित खाद्य, सहकारिता, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक और जिला स्तरीय सभी नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

# समाज सेविका रिंकू अग्रवाल ने मूक बधिर स्कूल में करवाया बच्चों को भोजन



पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

नगर पालिका शक्ति की पार्षद एवं सभापति, शासकीय क्रांति कुमार भारतीय महाविद्यालय जेठा शक्ति की जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति शक्ति शाखा की अध्यक्ष रिंकू आनंद अग्रवाल ने 23 नवंबर को छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत एवं कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना महंत की वैवाहिक वर्षगांठ मंगल दिवस पर शक्ति शहर के कसेर पारा स्थित नवजीवन मुक बधिर स्कूल में पहुंचकर बच्चों के साथ उनका हालचाल जाना, साथ ही इस अवसर पर रिंकू आनंद अग्रवाल के साथ महिला मंडल की उषा अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, मीना दिलीप अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, सहित अन्य सदस्यगण मौजूद रहे थे, तथा सभी ने मुक बधिर स्कूल के बच्चों को स्वयं गर्म भोजन कराया, साथ ही बच्चों का हाल-चाल जानते हुए उनका उत्साहवर्धन भी किया,इस दौरान रिंकू आनंद अग्रवाल ने कहा कि आज का दिन हमारे शक्ति क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश की विधानसभा में अध्यक्ष के रूप में आसीन डॉ चरणदास महंत एवं कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद एवं जन नेत्री ज्योत्सना महंत की वैवाहिक वर्षगांठ का मंगल दिवस है,तथा इस अवसर पर हम सभी ईश्वर से यह मंगल कामना करते हैं कि उन्हें सदैव स्वस्थ, मस्त एवं प्रसन्न रखें, तथा क्षेत्र के विकास के लिए सदैव इसी तरह से सक्रियता एवं सजगता के साथ कार्य करने की और अधिक ऊर्जा एवं शक्ति प्रदान करें तथा इस दौरान नवजीवन मुक बधिर स्कूल के बच्चों तथा विद्यालय प्रबंधन ने भी महंत दंपत्ति की वैवाहिक वर्षगांठ पर उन्हें अपनी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की।

# बुजुर्गो के खिलाफ-अभद्र व्यवहार के लिए समाज-परिवार जिम्मेदार

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



भरण पोषण के अधिकार के तहत वरिष्ठ नागरिक (माता पिता) के निवेदन पर अभिकरण अधिकारी का कार्य न्यूनतम है, बुजुर्गो की सुनो,ओ तुम्हारी सुनेगा,बुजुर्गो के खिलाफ-अभद्र व्यवहार,पर समाज-परिवार,जिम्मेदार है। पीड़ित माता पिता,वरिष्ठ नागरिक कीर्ण देवी/मंगल चन्द अग्रवाल। उक्त कथन कांग्रेस नेता देवेन्द्र सोनी का है, सक्ति निवासी किरण देवी,पति मंगल चन्द अग्रवाल वरिष्ठ नागरिक एवमं माता पिता भी है, जो अपने परिवार (बच्चों)को साथ लेकर शिक्षा,दिक्षा दे कर शादी ब्याह कर किराना व्यवसाय किया करते थे, संतान के व्यवहार से तंग आकर भरण पोषण का आवेदन प्राधिकारी अधिकारी सक्ती के पास प्रस्तुत किया,जहाँ शांति से जीवनयापन करे कि आश नहीं दिखाई दी और जांजगीर चाम्पा के जिलाधिकारी के पास स्वयं छोटी व्यवसाय किराना समान का अपने निवास परिसर में कर पति पत्नी जीरा भर जीने का अधिकार पाने निवेदन किया है, अपने आप बीती घटना जब बया किये,तब कांग्रेस नेता देवेंद्र सोनी ने जांजगीर चाम्पा कलेक्टर जितेंद्र शुक्ल,जो अपील अधिकरण/अध्यछ (माता पिता, वरिष्ठ नागरिक) है पत्र देकर पीड़ित वरिष्ठ नागरिक व माता पिता को जीवन भर अपने अनुसार जीने का अवसर देने का निवेदन किया है,ताकि समाज व,परिवार को सीखने का,या कहे सुधरने का अवसर मिल सके।

# सम्पत्ति की वजह से हुईं हत्या, नग्न अवस्था में मिला शव

- **प्रत्यक्षदर्शी पुलिस की डर से सामने नहीं आना चाहते**

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

हसौद थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुजियाबोड में एक अधेड़ किसान की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। उसका शव बुधवार सुबह नग्न हालत में घर से करीब एक कि मी दूर मेन रोड के किनारे पर पड़ा मिला। सुबह लोगों ने शव पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। शव के पास ही पुलिस को टूटे हुए डंडे पड़े मिले हैं। हालांकि अभी तक अधड़ के कपड़े नहीं मिल सके हैं। आशंका है कि संपत्ति विवाद के चलते उसकी हत्या की गई है। पुलिस फिलहाल मौके पर जाकर जांच पड़ताल प्रणाम क्य है मामला हसौद थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, गुजियाबोर निवासी परदेशी सोनी (55) पुत्र बुढ़गा सोनी खेती-किसानी करता था। उसका खून से लथपथ शव बुधवार सुबह मेन रोड के किनारे पर नग्न हालत में पड़ा मिला है, पूरे शरीर पर डंडे से पीटने का निशान साफ दिखाई दे रहा था । ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। कोटवार ने इसकी सूचना पुलिस को दी। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

**बेटी की शादी के बाद अकेले रहता था, पत्नी की हो चुकी मौत-** सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि परदेशी सोनी की पत्नी की कुछ साल पहले मौत हो चुकी है। उसकी एक बेटी है जिनका भी शादी किया जा चुका है । इसके बाद से ही परदेशी अकेले रहता था। आशंका जताई जा रही है ,कि संपत्ति विवाद ही उसकी हत्या का कारण है । पुलिस ने इस मामले में एक संदेही को हिरासत में लिया है। उससे भी पूछताछ की जा रही है। कपड़े भी तलाश किए जा रहे हैं। फिंगर प्रिंट के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है।

### अपने ही घर के लोग हैं हत्यारा

ग्राम गुंजियाबोर के नग्न अवस्था में लाश मिला जो लाठी का प्रहार से हत्या हुआ है यह घटना सूत्रों ने बताया कि सुबह की है लोग गवाह के डर से मारपीट को देखते हुए भी अंजान बने हुए हैं घटना कोई और नहीं हत्यारा के घर के ही लोग किए हैं इसे अनेक लोगों ने देखा है लेकिन पुलिस की डर से कोई अपना मुख खोलना नहीं चाह रहा है।

# नवागढ़ कॉलेज में नारी सशक्तिकरण प्रशिक्षण आयोजित



पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

नवागढ़ ब्लाक में श्री महिला डेवलपमेंट फाउंडेशन के तत्वाधान में नवीन कॉलेज नावागढ में नारी शशक्तिकरण एवम प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया जिसमें नारी परिचर्चा, नारी सुरक्षा, सामान्य ज्ञान, मार्शलआर्ट , पेंटिंग राइटिंग, तत्कालीन भाषण,का आयोजन हुवा जिसमें समस्त कॉलेज स्टाफ एवम छात्रा उपस्थित रहे वहीं छात्राओं को प्रमाण पत्र भी वितरण किया गया ब्लाक स्तरीय निशुल्क महिला प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि गौरव सिंह सरपंच ग्राम पंचायत हरदी विशिष्ठ अतिथि खगेन्द्र कश्यप सरपंच कचंदा उजाला सूर्यवंशी, उपस्थित रहें।

# एनएसयूआई ने दिया पीसीसी अध्यक्ष को बिर्रा कॉलेज में भवन निर्माण के लिए ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



विधानसभा के पूर्व एनएसयूआई कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप पटेल व सह संतोष लहरे के नेतृत्व में बिर्रा नवीन महाविद्यालय के छात्र-छात्रा द्वारा जन जागरण अभियान पदयात्रा में निकले प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम का भव्य स्वागत किये तथा ग्राम बिर्रा में विगत चार वर्षो से शासकीय नवीन महाविद्यालय के छात्र-छात्रा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एक छोटे से भवन में अध्ययन कर रहे थे पर वर्तमान समय में छात्र-छात्रा की वृद्धि होने से वहां छात्र छात्रा को भवन के बाहर बैठकर अध्ययन करना पड़ रहा है, द्य इस समस्या को जैजैपुर विधानसभा के भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन तथा बिर्रा कॉलेज के समस्त छात्र छात्रा द्वारा बिर्रा में शासकीय नवीन महाविद्यालय भवन निर्माण के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम जी को ज्ञापन दिए तथा इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित ओबीसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. चौलेश्वर चंद्राकर, जांजगीर-चांपा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह तथा गयाराम पटेल,प्रभात लहरे,ब्रीटली, धर्मेंद्र भारद्वाज, विवेक, सुशीला पटेल, समारिन यादव, दुर्गेश्वरी पटेल ,गायत्री बर्मन व शासकीय नवीन महाविद्यालय बिर्रा के समस्त छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

# प्रत्येक सप्ताह लगाया जाएगा लोकहित एवं जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए जनदर्शन

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला ने जहां जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के जनदर्शन में आम जनता की सुविधाओं के लिए आधुनिक तरीके से मुलाकात की शुरुआत कर दी है, तो वही राजस्व विभाग शक्ति के अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शक्ति रैना जमील ने 24 नवंबर को शक्ति राजस्व विभाग के अंतर्गत तहसील सक्ति, मालखरोदा एवं जैजैपुर के सभी सरकारी विभाग प्रमुखों को लोकहित एवं जनता की समस्याओं के त्वरित निदान एवं निराकरण हेतु प्रत्येक सप्ताह एक निर्धारित दिवस में जनदर्शन लगाने के आदेश निर्देश दिए हैं, तथा इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शक्ति द्वारा 24 नवंबर को जारी पत्र में शक्ति तहसील में प्रत्येक सप्ताह सोमवार को सुबह 11.00 बजे से नगरपालिका कार्यालय शक्ति के सभागार में,प्रत्येक सप्ताह के शुक्रवार को सुबह 11.00 बजे से जैजैपुर तहसील का जनदर्शन पुलिस थाना के सामने वार्ड- क्रमांक 13 में स्थित सांस्कृतिक भवन में तथा प्रत्येक सप्ताह बुधवार को सुबह 11.00 बजे तहसील कार्यालय मालखरोदा में मालखरोदा तहसील का जनदर्शन लगाने के निर्देश दिए हैं, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शक्ति द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि उपरोक्त निर्धारित दिवसों में समस्त शासकीय विभागों के प्रमुख इस जनदर्शन में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करे तथा अनुपस्थित रहने पर इसकी सूचना समय पूर्व में अपने प्रभारी को देने की बात कही है।

# विकास खंड स्तरीय उत्सव कुटराबोर में 29 को

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता 2021-22 जिला कार्यालय खेल एवं कल्याण विभाग जांजगीर चांपा के आदेश अनुसार विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 29नवं.को शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय कुटरबोड में प्रातः 09 बजे से आयोजित होगी द्य जिसमें विकासखंड जैजैपुर के अंतर्गत आने वाले समस्त अध्ययनरत एवं गैर अध्ययनरत बालक/बालिका एवं पुरूष/महिलाएं भाग ले सकते हैं भाग लेने वाले प्रतिभागियों की अधिकतम न्यूनतम उम्र 15 वर्ष अधिकतम 35 वर्ष होगी उक्त प्रतियोगिता में लोक नृत्य , लोकगीत, एकांकी नाटक( हिन्दी/अंग्रेजी भाषा में), शास्त्री गायन (हिंदुस्तानी शैली) शायरी शास्त्री गायन (कर्नाटक शैली) सितार वादन, बांसुरी वादन, तबला वादन, मृदंग वादन, हारमोनियम वादन, शुगम वादन, गिटार वादन, भारतनाट्यम (शास्त्री नृत्य) कथक नृत्य, वक्तृत्व कला (तत्कालीन भाषण) का आयोजन होगा पंजीयन के लिए 24 नवंबर से 27 नवंबर तक विकासखंड नोडल अधिकारी खेल युवा कल्याण विभाग जैजैपुर खगेश भारद्वाज मोबाइल नंबर 8871 99 95 60 से संपर्क किया जा सकता है । विकासखंड के समस्त प्राचार्य, प्रधान पाठक, सरपंचों एवं ग्रामीणों से अनुरोध है,कि इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक खिलाड़ियों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने की कृपा करें ताकि शासन के योजना का लाभ उनको मिल सके उक्त खेल प्रतियोगिता में राज्य शासन द्वारा कोविड-19 के संबंध में समय-समय पर जारी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा द्य उक्त जानकारी नोडल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग विकासखंड जैजैपुर के द्वारा दिया गया।

# एसपी ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

पुलिस कप्तान डी.आर आचला के द्वारा क्राइम पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपराध रोकने के लिए पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए निर्देशित किया। जिले में चल रहे जुवा, सट्टा, अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने का सख्त निर्देश दिये व किसी भी फरियादी जो थाना में शिकायत लेकर आ रहे हैं उनके साथ नम्रतापूर्वक व्यवहार करने की सभी थाना प्रभारीयों सख्त चेतावनी दी। कानून व्यवस्था का उचित परिपालन हेतु सभी थाना प्रभारियों को आदेश दिए। पुराना पेंडिंग फाइल को जल्द से जल्द निपटारा कर कानूनी कार्यवाही करने का भी आदेश दिये। थाना प्रभारियों को निर्देश में कहा गया कि कानून व्यवस्था नहीं बनाये जाने पर अधिकारी कर्मचारी के ऊपर दंडात्मक कार्यवाही करने की बात कही। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी, डीएसपी साधना सिंह, एसडीओपी सालिक राम धृतलहरे के साथ थाना प्रभारी व आला अधिकारी उपस्थित रहे।

# कोविड की रोकथाम एवं बचाव के लिए दीवाल लेखन के माध्यम से भी लोगों को किया जा रहा है जागरूक

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com




कोविड-19 एक संक्रामक रोग है। कलेक्टर अजीत वसंत ने कोविड टीका कारण के लक्ष्य को नयी गति देने के लिए और कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव हेतु विभिन्न माध्यमों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी तारतम्य में दीवाल लेखन और स्कूली बच्चों द्वारा रैली निकालकर भी लोगों में जागरूकता लायी जा रही है। कलेक्टर श्री वसंत ने कहा कि दीवाल लेखन एक ऐसा कार्य है, जिसे लोग आते-जाते पढ़ते है और वह उनके मन मस्तिष्क में बैठ जाता है। उन्होने कहा कि टीकाकरण निष्चित सुरक्षा सुनिष्चित है। इस हेतु घर-घर दस्तक दी जा रही है। लोगों द्वारा कोविड-19 टीकाकरण हेतु शपथ ली जा रही है। कलेक्टर श्री वसंत ने कहा कि जिन लोगों ने अभी तक टीके की पहली डोज नहीं ली है। या जिनकी दूसरी डोज लंबित है। अतः उन्होने स्वयं की, परिवार की और समाज की सुरक्षा के लिए टीकाकरण अभियान में शामिल होकर टीका लगवाने की समझाईष दी।

# कांग्रेस नेताओं ने कोरबा पहुंचकर महंत दंपत्ति को दी वर्षगांठ की शुभकामनाएं



पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

शक्ति विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल,नगर पालिका शक्ति में विधायक प्रतिनिधि आनंद अग्रवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कांग्रेस नेता गिरधर जायसवाल, युवा नेता समर पिंटू ठाकुर ने कोरबा पहुंचकर छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत एवं सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत की 41 वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर सांसद निवास में उन्हें शुभकामनाएं दी,तथा इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश के कोरिया, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा एवं बिलासपुर जिले से काफी संख्या में महंत समर्थक एवं कांग्रेस कार्यकर्ता, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, वर्तमान विधायक मौजूद रहे, इस दौरान शक्ति विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं की ओर से श्यामसुंद अग्रवाल,आनंद अग्रवाल, गिरधर जायसवाल एवं पिंटू ठाकुर ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि आज संत कबीर जी के बताए मार्ग पर चलकर डॉ चरणदास महंत एवं उनका पूरा परिवार छत्तीसगढ़ प्रदेश में जनकल्याण के प्रति समर्पित है।

# भाजयुमो ने सौंपा ज्ञापन, कहा हिंदी स्कूलों में 600 बच्चे अध्ययन करते हैं, हिंदी स्कूल को बन्द न करने की मांग की

## 15 किमी दूर से आते हैं पढ़ाई करने बच्चे, प्राचीन काल से हिंदी स्कूल संचालित

पायनियर संवाददाता < मनोरा
www.dailypioneer.com



विद्यालय वह स्थान है, जहाँ शिक्षा ग्रहण की जाती है। विद्यालय एक ऐसी संस्था है, जहाँ बच्चों के शारीरिक व मानसिक, बौद्धिक एवं नैतिक गुणों का विकास होता है। विद्यालय शब्द के लिए आंग्ल भाषा में 'स्कूल' शब्द का प्रयोग होता है, जिसकी उत्पत्ति से आज बच्चे हिंदी बोल पाते हैं। प्राचीन काल में विद्यालय गुरुकुल के रूप में होते थें। ये अक्सर गुरु के घर या किसी मठ में होते थें। मुग़लों के ज़माने में, बच्चों को शिक्षित करने के लिये 'मदरसों' का आरम्भ किया गया था। अंग्रेज़ी दस्तावेज़ों के अनुसार, 18 वीं सदी में देश में विद्यालय सामान्य थें। पूरे देश में मंदिर, मस्जिद और गांव में एक विद्यालय का होना सामान्य था। इनमें पढ़ना, लिखना, धर्मशास्त्र, क़ानून, खगोल/एस्ट्रोनॉमी, आचार-विचार, जीव, चिकित्सा विज्ञान और धर्म के बारे में सिखाया जाता था। लेकिन आज हिंदी स्कूलों को बंद किया जा रहा हैं। इसके विरोध में भाजयुमो ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। मनोरा विकास खण्ड में 8 हिंदी स्कूलों को बंद किया जा रहा हैं। हिंदी स्कूलों को लेकर भाजयुमो ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। साथ ही सरकार से दरख्वास्त की है कि हिंदी स्कूल को बन्द ना करें नही तो 600 विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा।

**शिक्षा के लिए आते हैं :** स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम खुलने से हिंदी माध्यम शाला पूर्णता बंद हो रहा है अतः हिंदी माध्यम स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों का भविष्य पुर्णतः अंधकारमय है। यहाँ की ग्रामीण जनता आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है जिससे अन्यत्र कही पढ़ा सके। यह कि वर्तमान में ब्लाक मुख्यालय में मात्र एक ही हिंदी माध्यम विद्यालय संचालित है जिसमे लगभग 12-15 किलोमीटर की दूरी से निम्न लिखित पोषक शाला के बच्चे शासकीय उ. मा. विद्यालय हिंदी माध्यम पढने आते है। प्रतिनिधियों ने मांग कि है कि बच्चों के भविष्य को देखते हुए उक्त विद्यालय को यथावत् संचालन करें। श्यामलाल भगत मंडल अध्यक्ष भाजपा, भाजयुमो ब्लॉक अधयक्ष विकास प्रधान, नरेंद्र लकड़ा, पंकज जायसवाल, जितेंद्र मंडल, कृष्णा बुनकर, बिट्टू सिंह, भजुनन्दन नायक सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### इन स्कूलों को कर रहें बंद

- पूर्व मध्यमिक शाला मनोरा
- पूर्व माध्यमिक शाला कांटाबेल
- पूर्व माध्यमिक शाला भीमसेला
- पूर्व माध्यमिक शाला कण्डोरा
- पूर्व माध्यमिक शाला टेम्पू
- पूर्व माध्यमिक शाला ओरडीह
- पूर्व माध्यमिक शाला दौनापाठ
- पूर्व माध्यमिक शाला घाघरा

# प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ की बैठक आयोजित रियाज अंसारी चुने गए सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ जिला इकाई जशपुर की बैठक कुनकुरी में संपन्न हुई। 2004 से पूर्व नियुक्त हुए शिक्षक एलबी संवर्ग का प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष चंद्रभानु मिश्र और महासमुंद के जिला उपाध्यक्ष साहू के गरिमामय उपस्थिति में जशपुर जिला इकाई की बैठक शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। जिलेभर से आए 250 अपने अधिकारों के प्रति संवेदनशील शिक्षक संवर्ग एलबी ने बहुत ही गर्मजोशी के साथ अपने प्रांत अध्यक्ष का स्वागत किया। बैठक बहुत ही उत्साहजनक और सकारात्मक रहा। जिले के सभी 8 ब्लॉक से साथियों ने अपने अपने बैनर के साथ अपनी उपस्थिति दी सभी ब्लॉक से सम्मानीय व अनुभवी साथियों ने अपने विचार भावनाएं व्यक्त की और मार्गदर्शन दिए। रियाज अंसारी को सर्वसम्मति से संघ का जिला अध्यक्ष चुना गया जिससे सभी साथियों में और भी एकजुटता और उत्साह का संचार हुआ। महासमुंद के जिला उपाध्यक्ष साहू ने अपने उद्बोधन से लोगों का मन मोह लिया। साथियों में उत्साह अपने पूरे चरम पर था और फिर समय आया अपने अधिकार के प्रति सजग संवेदनशील, दृढ़ निश्चय, सच्चे, विचारवान और सरल व्यक्तित्व के धनी प्रांत अध्यक्ष चंद्रभानु मिश्र के संबोधन का। प्रांताध्यक्ष महोदय ने छत्तीसगढ़ राज्य में कई शिक्षक संघ के बीच प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के उदय और गठन की जरूरत से अवगत कराया।

### पेंशन नहीं देने का कोई जिक्र नहीं

मिश्र ने बताया कि हमारी नियुक्ति कोर्ट के आदेश पर पुरानी पेंशन की पात्रता रखने वाले नियमित व्याख्याता शिक्षक और सहायक शिक्षक के रिक्त पदों के विरुद्ध शिक्षा विभाग और आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित शालाओं में पद स्वीकृति के आधार पर स्थानीय निकाय द्वारा की गई थी। हमारी सेवा शर्त में पेंशन नहीं देने की कहीं कोई बात नहीं कही गई है। पुरानी पेंशन के पक्ष में इसके अलावा उन्होंने और बहुत से तथ्य प्रस्तुत किए। सभी चीजें पुरानी पेंशन प्राप्ति के अनुकूल होने के कारण और साथ ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में वर्तमान छत्तीसगढ़ शासन की अपनी चुनावी घोषणा पत्र के प्रति संवेदनशीलता और उसे पूरा करने की तत्परता को देखते हुए सही समय पर संगठित होकर अपने संवैधानिक अधिकार ओ पी एस की मांग को हम सब के सहयोग से सत्तारूढ़ पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओं से लेकर विधायकों व मंत्रियों का समर्थन प्राप्त करते हुए उनके सहयोग व उपस्थिति में सचिव स्तर की वार्ता पश्चात माननीय मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी मांग प्रस्तुत करने की बात बताई गई। उनके पुरानी पेंशन प्राप्ति के प्रति अटूट आत्मविश्वास से उपस्थित सभी साथियों में आत्मविश्वास और उत्साह देखते बनता था। सारा वातावरण एक ही लक्ष्य एक ही नारा पुरानी पेंशन पर अधिकार हमारा.. से गुंजायमान हो उठा। प्रांत अध्यक्ष के प्रस्थान के पश्चात 8 ब्लॉक से 1-1 जिला संयोजकों का चुनाव किया गया। जशपुर से कोलेता मैडम, कुनकुरी से अनिल सिंह, दुलदुला से सुरेंद्र मिश्र, फरसाबहार से घनश्याम बंजारे, पत्थलगांव से विजय कुमार छत्र, कांसाबेल से श्री रविंद्र एक्का और मनोरा से रामदयाल प्रधान को चुना गया। अंत में सभी साथियों को यथाशीघ्र संघ की गतिविधि से अवगत कराकर संघ की सदस्यता ग्रहण कर सक्रिय करने और ब्लॉक इकाई का गठन करने का निर्णय लिया गया।

# विकास कार्यों का प्रतिनिधियों ने भूमिपूजन किया





पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

तिल्दा ब्लॉक के ग्राम सिरवें में 25 नवबंर को ग्राम पंचायत के सरपंच विद्या अनिल वर्मा के द्वारा गांव में नाली,चबूतरा निर्माण, एवं गुरू घासीदास बाबा के चबूतरा निर्माण सौंदयीकरण,जैसे विकास कार्यो का पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा घरती माता की विधिव्रत पूर्जा अर्चना कर श्रीफल तोड़कर भूमि पूजन का कार्य सम्पन्न किया गया। उसके उपरांत मितानिन दिवस के अवसर पर गांव के मितानिनों का सम्मान समारोह का कार्यक्रम कर पुष्प गुच्छ देकर श्रीफल भेट कर साल और साड़ी से स्वागत अभिनंदन किया गया।

इस मौके पर सरपंच विद्या अनिल वर्मा ने अपने उद्धबोधन में कहा कि मितानिनों का कार्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए उनका योगदान महत्वपूर्ण होता है।उनके द्वारा बच्चों को टीका लगने से लेकर गर्भवती महिलाओं की देख रेख करना अस्पताल ले जाना जच्चा,बच्चा को स्वस्थ रखने के लिए पोषण आहार संबंधी जानकारी देने का काम जिम्मेदारी से किया जाता है। इस मौके पर ग्राम पंचायत सचिव कुसुम लता वर्मा, उपसरपंच सादबाई बेरंवासी, पंचगण बलराम वर्मा, कृष्ण कुमार धीरहे ,पोषण लाल धीवर, एवन धीरहे, रेवती धीवर, त्रिवेणी यादव,अहिल्या पोर्ते,लक्ष्मी बंजारे, एवं गांव के गणमान्य नागरिको की उपस्थिति थी।

# सैमसंग ने शादी समारोहों को मधुर बनाने के लिएविवाह उत्सव, पेश

**रायपुर।** शादी के मौसम के जश्न में और अधिक शानदार बनाने के लिए, भारत के सबसे बड़े और सबसे भरोसेमंद उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने अपने टीवी और डिजिटल उपकरणों पर शादी के मौसम के लिए विवाह उत्सव बंडल ऑफ़र लॉन्च किया है। विवाह उत्सव के दौरान, सैमसंग आकर्षक क्लासिक, डीलक्स, प्रीमियम और लक्ज़री बंडल ऑफर की पेशकश करेगा, जिसमें कैशबैक, आसान ईएमआई और शून्य डाउन पेमेंट सहित आकर्षक वित्त योजनाएं शामिल हैं। ये ऑफर्स देश भर के सभी प्रमुख कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर्स पर 14 दिसंबर,2021 तक वैध रहेंगे। क्लासिक पैकेज में 32 इंच का एलईडी टीवी, सिंगल डोर रेफ्रिजरेटर (192 लीटर) और 7 किलोग्राम सेमी-ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन शामिल है, जिसकी कीमत 38,000 रुपये है और आसान ईएमआई विकल्प 2,490 रुपये से शुरू होता है। डीलक्स पैकेज के तहत, उपभोक्ता 32 इंच का स्मार्ट टीवी, फ्रॉस्ट फ्री रेफ्रिजरेटर (253 लीटर) और 6.5 किलोग्राम टॉप-लोड वाशिंग मशीन 56,000 रुपये में खरीद सकते हैं, जिसकी इजी ईएमआई विकल्प 2,990 रुपये से शुरू होता है। प्रीमियम पैकेज में 43 इंच का क्रिस्टल 4 यूएचडी टीवी, फ्रॉस्ट फ्री रेफ्रिजरेटर (324 लीटर),8 किग्रा टॉप-लोड वाशिंग मशीन और स्प्लिट एसी (1.5टी) शामिल है जिसकी कीमत 1,45,990 रुपये है, जिसमें आसान ईएमआई विकल्प 5,490 रुपये से शुरू होता है। अंतमें, लक्ज़री पैकेज में 55-इंच क्रिस्टल टीवी, फ्रॉस्ट फ्री रेफ्रिजरेटर (394 लीटर), 6 किग्राफ्रंट-लोड वाशिंग मशीन और एक स्प्लिट एसी (1.5 टी) शामिल है।

# भागवत कथा सुनने पहुंचे प्रदेश के मुखिया बघेल, पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए की कामना





पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

धार्मिक पर्यटन स्थल माँ बंजारी धाम खपरी मढ़ी में इन दिनों धरसींवा विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा के सपरिवार द्वारा नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथावाचक भागवत भूषण आचार्य पंडित चंदन प्रसाद शर्मा पथरी (सिलयारी) वाले द्वारा ब्यास पीठ से रसिक श्रोताओं को भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा हैं। कथा के चौंथे दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी बतौर अतिथि कार्यक्रम में सम्मलित हुए। मुख्यमंत्री सर्वप्रथम तिल्दा-नेवरा से लगे बोइरझिटी गांव में श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए तत्पश्चात भागवत कथा स्थल बंजारी धाम पहुंचे। इस दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा बाजे-गाजे के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल ने माँ बंजारी और भागवत भगवान की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए कामना किए। मुख्यमंत्री ने कथावाचक पंडित चंदन प्रसाद शर्मा से आशीर्वाद ग्रहण कर कथा का श्रवण भी किए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रम में आमंत्रित करने हेतू धन्यवाद ज्ञापित किए। कार्यक्रम में आसपास गांव के जनप्रतिनिधि, क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकर्ता और भारी संख्या में कथा का रसपान करने वालें रसिक श्रोतागण उपस्थित रहे।

# किसानक्राफ्ट लिमिटेड ने भारत में इंटरकल्टीवेटर का निर्माण शुरू किया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com





किसानक्राफ्ट, 15 साल पुरानी कृषि उपकरण कंपनी ने आंध्र प्रदेश के नेल्लोर में ऑटोमैटिक इंटरकल्टीवेटर का निर्माण शुरू किया है। करीब 46 एकड़ में कंपनी ने अपना प्लांट स्थापित किया है और यह भारत की पहली कंपनियों में से एक है जिसने ऑटोमैटिक इंटर-कल्टीवेटर्स एकेए पावर-वीडर्स का निर्माण शुरू किया है। इंटरकल्टीवेटर्स निराई (वीडिंग), मिट्टी पलटने, मिट्टी की मल्चिंग के लिए बहु-उपयोगी उपकरण हैं, और ट्रेंचिंग, सीडिंग, सिंचाई, कटाई आदि के लिए अटैचमेंट के साथ आते हैं। इन उपकरणों को अभी तक मुख्य रूप से वर्तमान में चीन से आयात किया जा रहा है और किसानक्राफ्ट का उद्देश्य किसानों के लिए भारत में ही किफायती कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का निर्माण करना है। रविंद्र अग्रवाल, एमडी, किसानक्राफ्ट लिमिटेड ने कहा कि 'पिछले 15 वर्षों में, किसानक्राफ्ट ने छोटे किसानों की उत्पादकता और आय बढ़ाने में मदद करने के लिए उनके मशीनीकरण पर ध्यान केंद्रित किया है। हमने ऐसे उपकरण बनाने के लिए निरंतर इनोवेशंस किए हैं जो हमारे छोटे किसानों की अलग और जरूरी आवश्यकताओं का समाधान करने में सक्षम हों। हमें अब तक 12 पेटेंट मिल चुके हैं। अपने नेल्लोर प्लांट में, हमने बीआईएस-आईएसआई प्रमाणित इंजन, वाटर-पंप और इंटरकल्टीवेटर बनाना शुरू कर दिया है। हम इस अत्याधुनिक प्लांट में बहुत सारे कम्पोनेंट स्वयं बनाते हैं जिसमें एक आरओएचसी कम्पलाएंट, जेडएलडी, स्वचालित पाउडर कोटिंग लाइन शामिल है, जिसे नवीनतम तकनीकों का उपयोग करके डिजाइन किया गया है। हम न केवल कृषि उपकरणों का आयात कम बल्कि कृषि उपकरणों के निर्यात में भी वृद्धि करेंगे।

# अदाणी फाउंडेशन ने मनाया मितानिन दिवस, औद्योगिक विकास से ग्राम विकास पर भी हुई चर्चा

पायनियर संवाददाता < अंबिकापुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ में मितानिन शब्द जिसका अर्थ है मित्र का अपना अलग महत्व है। ग्रामीण इलाकों से जुड़ी मितानिन दूर दराज के मोहल्लों में घर-घर पहुंच कर लोगों का दुख दर्द बांट लेती हैं। अतः इसके महत्व को बनाएं रखने के लिए राज्य सरकार द्वारा 23 नवंबर 2011 को मितानिन दिवस घोषित किया गया था। यह दिवस मितानिनों के द्वारा ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाने के पुनीत कार्यों को याद करने के लिए मनाया जाता है। राजस्थान राज्य विद्युत् उत्पादन निगम लिमिटेड के सहयोग से अदाणी फाउंडेशन द्वारा सरगुजा जिले के ग्राम परसा, साल्ही, घाटबर्रा, सल्का एवं तारा में मितानिन सम्मान समारोह आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत कार्यालय, परसा के सभागार में पांचों ग्राम के 40 मितानिनों को स्वास्थ्य सेवाओं में उनके उत्कृष्ठ कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। सभी मितानिनों को अदाणी इन्टरप्राइजेज लिमिटेड (ए ई एल) के सरगुजा क्लस्टर हेड संजय कुमार सिंह ने मिठाई एवं नारियल देकर अभिवादन किया, और उनके बेहतरीन कार्यों की तारीफ की। साथ ही भविष्य में भी औद्योगिक विकास से ग्राम विकास के तहत स्वास्थ्य के क्षेत्र में ए ई एल द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान करने की बात कही। वहीं ग्राम परसा के सरपंच झल्लूराम ने भी मितानिनों के अच्छे कार्यों की सराहना की। साथ ही अदाणी फॉउंडेशन के द्वारा परसा ग्राम पंचायत में किये जा रहे विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि औद्योगिक विकास से ग्राम विकास को अदाणी कंपनी द्वारा सभी क्षेत्र में सुनिश्चित किया गया है फिर चाहे वो स्वास्थ्य का क्षेत्र हो, शिक्षा या फिर आजीविका संवर्धन का। कार्यक्रम के दौरान ए ई एल के सरगुजा क्लस्टर एच आर हेड गौरव जैन ने अपना विचार रखते हुए मितानिनों के द्वारा जमीनी स्तर पर किये जा रहे स्वास्थ्य कार्यों के लिए उनका उत्साहवर्धन किया।


**कार्यालय नगर पालिक निगम (जोन -4) रायपुर छ.ग.**
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

**-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 331, 2021-2022
वार्ड का नाम - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड 45

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **स्वामी विवेकानंद सदर बाजार 45** वार्ड स्थित भवन / भूमि **450/ सत्तीबाजार** जो कि निगम अभिलेख में **श्री मनोहर राव पिता वामन राव पिंगले** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती सुहासिनी पिंगले पति स्व. मनोहर पिंगले** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/शपथ पत्र/दान पत्र/ हिब्बानामा/रजिस्ट्री/ के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा / पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
**जोन कमिश्नर**
जोन क्र. -04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम (जोन -4) रायपुर छ.ग.**
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

**-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 329, 2021-2022
वार्ड का नाम - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड 45

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **स्वामी विवेकानंद सदर बाजार 45** वार्ड स्थित भवन / भूमि **45/ नया रविभवन** जो कि निगम अभिलेख में **श्री अक्षय जैन पिता कमलचन्द्र जैन** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती मेसर्स विमल कंस्ट्रक्शन भागीदार कमलचंद जैन पिता स्व. श्री मानिकलाल जैन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/शपथ पत्र/दान पत्र/ हिब्बानामा/रजिस्ट्री/ के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा / पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
**जोन कमिश्नर**
जोन क्र. -04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम (जोन -4) रायपुर छ.ग.**
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

**-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 328, 2021-2022
वार्ड का नाम - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड 45

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **स्वामी विवेकानंद सदर बाजार 45** वार्ड स्थित भवन / भूमि **45/ 11** जो कि निगम अभिलेख में **श्री वाय. एस. कुसरे पिता सदाशिव कुसरे** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री (1)अनंत कुसरे पिता स्व. शंकर राव (2) हर्षा कुसरे स्व. हरिभाऊ कुसरे (3) श्रद्धा कुसरे पति स्व. मोहन (4) राम कुसरे पिता स्व. श्री श्रीधर राव कुसरे (5) श्याम कुसरे पिता स्व. श्री श्रीधर राव कुसरे** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/शपथ पत्र/दान पत्र/ हिब्बानामा/रजिस्ट्री/ के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा / पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
**जोन कमिश्नर**
जोन क्र. -04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम (जोन -4) रायपुर छ.ग.**
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

**-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 330, 2021-2022
वार्ड का नाम - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड 45

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **स्वामी विवेकानंद सदर बाजार 45** वार्ड स्थित भवन / भूमि **45/151/154 का भाग** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती प्रमिला सिंधवी पति श्री अजय सिंधवी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री अजय कुमार शर्मा पिता श्री लालचंद शर्मा, राहुल शर्मा पिता परमेश्वर लाल शर्मा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/शपथ पत्र/दान पत्र/ हिब्बानामा/रजिस्ट्री/ के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा / पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
**जोन कमिश्नर**
जोन क्र. -04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र. 5, रायपुर**
ईदगाह भाटा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4045819, E-MAIL :- rmczone5@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 306/2021-2022
दिनांक 17.11.2021-22
वार्ड का नाम- भक्त माता कर्मा वार्ड वार्ड-67

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भक्त माता कर्मा वार्ड वार्ड-67 वार्ड स्थित भूमि **भूखंड क्रमांक 37, ख.नं. 251/7 का भाग, 251/8 का भाग** जो कि निगम अभिलेख में **मेसर्स आस्क बिल्डकॉन द्वारा भागीदार अनुराग नत्थानी S/O कृष्ण कुमार नत्थानी** के नाम से दर्ज है, जिसको (1) **श्री कृष्णा मोहन चौधरी S/O श्री सत्येन्द्र प्रसाद चौधरी (2)श्रीमती रिंकी चौधरी S/O श्री कृष्ण मोहन चौधरी** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**जोन कमिश्नर**
जोन क्र. 5
नगर पालिक निगम, रायपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र. 5, रायपुर**
ईदगाह भाटा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4045819, E-MAIL :- rmczone5@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 308/2021-2022
दिनांक 17.11.2021-22
वार्ड का नाम- डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड वार्ड-68

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड वार्ड-68 वार्ड स्थित भवन **RPR568A00753** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती आशा मेश्राम W/O नीरज कुमार मेश्राम** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री (1) मनीष कुमार पहलाजानी (2) पंकज कुमार पहलाजानी दोनों S/O श्री संतराम दास पहलाजानी** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**जोन कमिश्नर**
जोन क्र. 5
नगर पालिक निगम, रायपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र. 5, रायपुर**
ईदगाह भाटा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4045819, E-MAIL :- rmczone5@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 307/2021-2022
दिनांक 17.11.2021-22
वार्ड का नाम-भक्त माता कर्मा वार्ड वार्ड-43

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भक्त माता कर्मा वार्ड वार्ड-43 वार्ड स्थित भवन **वालफोर्ट सिटी नवन तल F-903** जो कि निगम अभिलेख में **श्री संजय गोलेहा S/O स्व. रमन लाल गोलेहा** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती सुशील बालानी S/O स्व. सेवक राम बालानी** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई

मुहर
**जोन कमिश्नर**
जोन क्र. 5
नगर पालिक निगम, रायपुर

**कार्यालय कलेक्टर, जिला-बस्तर, जगदलपुर (आदिवासी विकास शाखा)**
Email :- actd.jdp@gmail.com Phone / Fax No. 07782-222520

**// मैनुअल पद्धति से प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //**

क्रमांक/आ.वि./निर्माण/4154 /2021/जगदलपुर, दिनांक 22/11/2021

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत जिला बस्तर में जिला खनिज संस्थान न्यास निधि मदांतर्गत स्वीकृत निम्नलिखित कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा भवन दर अनुसूची जो 01.01.2015 से प्रभावशील है पर प्रपत्र-''अ'' में लोक निर्माण विभाग (भ./स.) में पंजीकृत संविदाकारों से प्रतिशत दर पर मुहरबन्द निविदा स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। अमानत राशि सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जगदलपुर जिला बस्तर के नाम से एफ.डी.आर. द्वारा प्रस्तुत करना होगा।

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 08.12.2021 (सायं 5.00 बजे तक)
2. निविदा प्रपत्र वितरण / निविदा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि :- 10.12.2021 (सायं 5.00 बजे तक)
3. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 15.12.2021 (स्पीड पोस्ट से 5.00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि :- 17.12.2021 (अपरान्ह 3.00 बजे)

| क्र. | कार्य का नाम | विकास खण्ड | ठेके की अनुमानित राशि (लाख में) | धरोहर राशि (रू.) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रू.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्री. मे. बालक छात्रावास भवन का मरम्मत कार्य करीतगांव। | बकावण्ड | 12.08 | 9100.00 | 750.00 |

**टीपः-** 01. पंजीकृत वर्ग -'डी' या उच्च श्रेणी संविदाकार निविदा में शामिल हो सकते हैं।
02. प्रति कार्य पूर्णता तिथि 03 माह निर्धारित है।

उपरोक्त जीर्णोद्धार / निर्माण कार्य की निविदा की नियम व शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

G-65332/3
**सहायक आयुक्त,**
**आदिवासी विकास, जगदलपुर**

# गंडई इलाके में अवैध परिवहन माफिया बनते जा रहे हैं अशोक बाफना, खनिज विभाग ने जब्त की हाईवा

## पूर्व संसदीय सचिव व अहिवारा विधायक लाभचंद बाफना के भाई हैं अशोक

■ गंडई इलाके में दूसरे जिलों से रेत का अवैध परिवहन बदस्तूर जारी है

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव/गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

खबर का असर

गंडई इलाके में अवैध खनिज परिवहन का खुलासा होते ही खनिज विभाग ने कार्रवाई करते हुए दो हाईवा जब्त किया है। बुधवार की दोपहर रेत और गिट्टी का अवैध परिवहन करते दो गाड़ियों पर कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई के साथ ही यह भी पुख्ता हो गया कि अहिवारा विधायक लाभचंद बाफना के भाई अशोक बाफना की गाड़ियों से ही रेत का लगातार अवैध परिवहन किया जा रहा है। दोनों ही गाड़ियों को जब्त कर गंडई थाने में खड़ा किया गया है। वहीं खनिज विभाग इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रहा है। बताया गया कि, बुधवार को खनिज विभाग के अधिकारियों ने रेत और गिट्टी का परिवहन कर रही हाईवा को रोककर पूछताछ की। वाहन चालकों ने रॉयल्टी पर्ची न होने की बात कही तो विभाग ने गाड़ियों को जब्त कर कार्रवाई शुरु कर दी। पूछताछ में जानकारी मिली की रेत का परिवहन कर रही हाईवा अशोक बाफना की है। वहीं जिस हाईवा से गिट्टी का परिवहन किया जा रहा था वह जेमु पाटिल की बताई जा रही है। खनिज विभाग ने जानकारी दी है कि दोनों ही वाहनों के खिलाफ विधिवत कार्रवाई की जा रही है।

**खुलासे के बाद जागा विभाग** : काफी समय से गंडई इलाके में अवैध खनिज परिवहन की शिकायतें सामने आ रही थी। क्षेत्र में ओवर लोडिंग गाड़ियों धड़ल्ले से चल रही हैं। इस विषय को लेकर पायनियर ने 24 नवंबर के अंक में समाचार प्रकाशित किया था। जमीनी जानकारियां जुटाते हुए यह तथ्य भी सामने आया था कि पूर्व संसदीय सचिव व विधायक लाभचंद बाफना के भाई अशोक बाफना ही अवैध परिवहन कर रहे हैं। इस खुलासे से पहले खनिज विभाग क्षेत्र में कार्रवाई को लेकर चुप्पी साधे बैठा था। खबर प्रकाशन के बाद विभाग की नींद खुली है।

### विधायक के भाई की गाड़ियों से हो रहा रेत का अवैध परिवहन, नगर से गुजर रहे ओवरलोडिंग वाहन

पायनियर संवाददाता ‹ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com




गंडई इलाके में दूसरे जिलों से रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है। रेत का परिवहन करने वाले एक चालक ने खुलासा किया कि जिन वाहनों से लगातार रेत आ रही है वह अहिवारा विधायक लाभचंद बाफना के भाई अशोक बाफना के है। वहीं चालक ने रॉयल्टी पर्ची न होने की बात कही। इलाके में इस तरह रेत के अवैध परिवहन का सिलसिला लगातार जारी है और जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे है। गंडई नगर में इन दिनों रेत से भरी वाहनों में ओवरलोडिंग का खेल खुले आंखों से देखा जा रहा है। परिवहनकर्ता नियम कायदे को ताक में रखकर इस कार्य को बखूबी से निभाने में लगे हुए है। यह सारा खेल माइनिंग विभाग की लचर व्यवस्था और नाकामयाबी की वजह से बड़े ही जोर शोर से चल रहा है। यह रेत कहाँ से निकल कर कहाँ जा रहा है, किसके द्वारा ले जाया रहा है, रेत की रॉयल्टी पर्ची है कि नहीं, ये सब देखने और सुनने वाला आलाधिकारी न जाने किस कुम्भकर्णी नींद में है। ज्ञात हो कि एबीएम डंफर वाहन रेत भरकर नगर से आये दिन गुजर रही है। जिसमें ओवरलोडिंग का खेल चल रहा है। ओवरलोड परिवहन करके शासन को चुना लगाने से भी बाज नहीं आ रहे है। एबीएम वाहन अहिवारा के पूर्व विधायक लाभचंद बाफना के भाई अशोक बाफना का बताया जा रहा है। कहीं ऐसा तो नहीं यह वाहन एक रसूखदार व पूर्व विधायक की होने की वजह से आलाधिकारियों का हाथ कार्यवाई करने से कांप रहा है। इस सम्बंध में माइनिंग ऑफिस के एक अधिकारी से जानकारी करने पर उनका कहना है कि उस क्षेत्र में अवैध खनन का कार्य नहीं हो रहा है। ओवरलोडिंग वाहन पर कार्यवाई करना मेरा काम नही है। मैं राजनांदगांव में रहता हूं, आप एसडीएम से जानकारी ले सकते है कहकर बात को टालते हुए फोन काट दिया गया।

**कार्यवाही में होता है हिलहवाला**

गौरतलब हो कि माइनिंग ऑफिस राजनांदगांव में होने की वजह से रेत माफिया बखूबी से रेत का परिवहन बिना किसी प्रशासनिक डर से विगत कई महीनों से कार्य को अंजाम दे रहा है। माइनिंग ऑफिसर का दौरा नगर में मात्र कुछ कुछ दिन ही हो पाता है। जिसकी वजह से रेत माफिया बेधड़क होकर कार्य को संचालित कर रहा है।इस सम्बंध में गंडई एसडीएम सुनील शर्मा से जानकारी लेनी चाही लेकिन उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया।




### विभाग को पहले से थी जानकारी

सूत्र बताते हैं कि गंडई क्षेत्र में अवैध परिवहन काफी बड़ी मात्रा में हो रहा है। इसके तार दुर्ग के एक ठेकेदार से भी जुड़ रहे हैं और जो कि क्षेत्र में सड़क व अन्य निर्माण कार्य कर रहा है। यह भी जानकारी मिली है कि बीते कुछ दिनों में अशोक बाफना कई बार जिले के खनिज दफ्तर के चक्कर काटते रहे हैं। कहा जाता है कि बाफना ने पहले ही विभाग में अधिकारियों को साध रखा है। रोजाना दर्जनों गाड़ियों की आवाजाही के बीच विभाग ने दो ही हाईवा को जब्त कर इस आशंका को और बढ़ावा दिया है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में खनिज के अवैध परिवहन की जानकारी विभाग को पहले से ही है।

# धोखाधड़ी में फर्जी चैनल का बॉस गोविंदा गिरफ्तार

■ मुख्य आरोपी कथित रिपोर्टर अभिषेक तिवारी फरार

पायनियर संवाददाता ‹ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



अनुभाग अंतर्गत कोकपुर पंचायत में तथाकथित फर्जी चैनल के नाम पर चेक से भुगतान व चेक में धोखाधड़ी मामले में पुलिस ने सहआरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कथित चैनल रिपोर्टर अभिषेक तिवारी के तथाकथित बॉस गोविंदा ढोले को पुलिस ने राजनांदगांव में एक लॉज से मिले लोकेशन आधार पर पकड़कर मामले में आंशिक सफलता हासिल कर ली है। वहीं धोखाधड़ी का मुख्य आरोपी कथित रिपोर्टर अभिषेक तिवारी अब तक फरार है।

जनपद क्षेत्र में किसी मीडिया हाऊस के नाम पहली दफा धोखाधड़ी ने मीडिया जगत को भी हैरत में डाल दिया था। इस संगीन मामले को सुलझाने में पुलिस पर मीडिया का भी बेहद दबाव था। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के निर्देशन में डोंगरगांव पुलिस भी शिद्दत से जुटी थी। तभी बैंक में चेक क्लियरेंस के दस्तावेज से मिले साक्ष्य व अंकित नाम के आधार पर पुलिस ने मीडिया हाऊस के स्टेटस को भांपते हुए सभी शहरों के लॉज पर पैनी नजर रखी हुई थी।

पुलिस में टीआई राजेश साहू द्वारा आधिकारिक जानकारी मुताबिक मामले में पुलिस द्वारा चेक में अंकित व्यक्ति के नाम को फोकस करने पर राजनांदगांव पुराना बस स्टैंड स्थित सुरेश लॉज में चैनल के फर्जी बॉस गोविंदा ढोले का लोकेशन मिला। पुलिस ने 25 नवंबर को ही सहआरोपी गोविंदा ढोले को धोखाधड़ी के मामले में आईपीसी धारा 420 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**ऐसा है धोखाधड़ी का मामला** : कोकपुर पंचायत में दिवाली पूर्व एक चैनल के कथित पत्रकार द्वारा चैनल पर शुभकामनाएं प्रसारित करने के एवज में 3 हजार का बिल ग्राम पंचायत को थमाया गया था। चेक से ही भुगतान लेने की शर्त पर पहले 01 हजार व बाद में 03 हजार का चेक भुगतान किया गया। दो दिनों बाद पंचायत खाता से किसी अन्य लेनदेन को लेकर बैंक पहुंचे सरपंच को खाता से 5 लाख 31 हजार आहरण होने की भनक लगी। दरअसल फर्जी चैनल के फर्जी पत्रकारों द्वारा चेक में 03 हजार के पहले 05 लाख तथा 01 हजार के चेक में 30 हजार अंकित कर राशि आहरण कर लिया गया था ।

# डोंगरगढ़ इलाके में बाघ की आमद से हड़कंप बोरतलाव के नजदीक चहलकदमी करते देखा गया

■ वन अमला सक्रिय, पदचिन्हों के सैंपल लैब भेजे गए, ग्रामीणों को सावधान रहने की हिदायत

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव/डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com



जिले में जंगली जानवरों की आमद लगातार जारी है। डोंगरगढ़ इलाके के उत्तर बोरतलाव रेंज में बाघ देखे जाने की खबर सामने आई है। इस खबर के बाद ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। दूसरी ओर वन अमला बाघ की मौजूदगी की पुष्टि करने में लगा हुआ है। अधिकारियों ने उन जगहों से पैरों के निशान के नमूने भी लिए हैं जहां बाघ को देखे जाने की बात बताई गई है। बहरहाल, वन अमले ने ग्रामीणों को सावधान और जंगल से दूर रहने की हिदायत दी है।

बताया जा रहा है कि ग्राम खरखाटोला के जंगल में बाघ देखा गया है। बोरतलाव के बीच आने आने वाले ग्राम खरखाटोला के चंदन रिसार्ट के समीप खरखाटोला नाले के किनारे बाघ देखे जाने की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि सबसे पहले एक ड्राईवर ने बाघ को देखा और फिर उसने ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। ग्रमीणों ने उत्तरबोरतलाव वन समिति के चौकीदार जग्गु मंडावीऔर चंद्रप्रकाश शर्मा व वन रक्षक डेरहा राम सिन्हा को बाघ के पद चिन्ह की जानकारी दी। सूचना मिलते ही तत्काल ही वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौका स्थल पहुँच कर बाघ के पद चिन्हों का मुआयना कर सैंपल लेकर लैब भेज दिया है।

बाघ की मौजूदगी को लेकर उत्तरबोरतलाव के रेंजर हरिसूरजबलि सिन्हा का कहना है कि जानकारी मिलने पर तत्काल टीम रवाना की गई थी। पदचिन्हों के नमूने लिए गए हैं लेकिन अभी ये पुष्टि करना मुश्किल है कि पदचिन्ह बाघ के हैं ही या नहीं। जानकारी सामने आ रही है कि इससे पहले भी पहले भी राउरकसा के डैम के आसपास बाघ देखा गया है।ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी में बताया गया कि पूर्व में भी राउरकसा के जंगल व डैम के आसपास बाघ की चहलकदमी देखा गया है।

गौरतलब है कि इससे पहले भी ठेलकाडीह इलाके में तेंदुए देखा गया था। इसके कुछ ही समय बाद मानपुर इलाके में हाथियों का दल ने डेरा डाल रखा था। इस बीच ही अजुनी के आसपास दो तेंदुओं की मौजूदगी को लेकर ग्रामीण घबराए रहे। बीते कुछ महिनों से लगातार जंगली जानवरों की जिले में आमद बनी हुई है।

**ग्रामीणों से सावधानी बरतने की अपील** : वनसमिति के सदस्य व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को जंगल जाने पर सावधानी बरतते हुए अकेले जंगल जाने से मना किया गया है और आसपास क्षेत्र के वनांचल ग्राम खोलारघाट, बछेराभाँठा, चौथना, पीपरखार, लेडीजोब, भरीटीला में मुनादी करा सावधानी बरतने की अपील की गई है।

# रिश्वत न देने वाले ग्रामीण को जान का खतरा, मांगी सुरक्षा







पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव/मानपुर
www.dailypioneer.com




पायनियर
लगातार

सर्पदंश से मृत्यु के बाद शासन द्वारा मिलने वाली क्षतिपूर्ति राशि के एवज में रिश्वत की मांग करने वाले डॉक्टर यशपाल सुमन के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करवाई गई है। वनांचल औंधी में शासकीय चिकित्सक डॉ. यशपाल सुमन के खिलाफ ग्राम बागडोंगरी निवासी पीड़ित तिलकराम यादव ने पुलिस को शिकायत सौंपी है। तिलक ने आरोप लगाया है कि उस पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है और उसे धमकियां मिल रही है। पीड़ित ने अपनी जान को भी खतरा बताते हुए सुरक्षा की मांग की है। सौंपे गए आवेदन में तिलक ने भविष्य में किसी भी तरह की अनहोनी होने पर डॉ यशपाल व पूर्व थाना प्रभारी तारण डहरिया के ही जिम्मेदार होने का भी उल्लेख किया है।

बीते 21 नवंबर को औंधी क्षेत्र के ग्राम बागडोंगरी निवासी तिलक यादव ने जिला मुख्यालय पहुंचकर औंधी थाना प्रभारी तारण डहरिया व डॉक्टर यशपाल सुमन के खिलाफ रिश्वत के लिए दबाव डालने, जान से मारने की धमकी देने जैसे संगीन आरोप लगाए थे। तिलक ने शिकायत में बताया था कि उसके बीते 03मार्च 2021 को उसके भाई की मौत सर्पदंश से हो गई थी। इसके एवज में शासन से मिलने वाली क्षतिपूर्ति की राशि के एवज में उससे एक लाख रुपए डॉक्टर और थाना प्रभारी ने मांगे थे। तिलक ने बताया था कि पोस्ट मार्टम रिपोर्ट मिलने से पहले ही उसने 50 हजार रुपए दे दिए थे। क्षतिपूर्ति की राशि आने के बाद उसने 50 हजार रुपए और दिए। इसके बाद भी डॉक्टर और थाना प्रभारी द्वारा दबाव बनाकर और एक लाख रुपए की मांग की जाने लगी। यही नहीं पैसे न देने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। मामला फूटने के बाद पुलिस प्रशासन ने औंधी थाना प्रभारी तारण डहरिया को निलंबित कर दिया है। वहीं डॉ. यशपाल सुमन पर कार्रवाई हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने हेल्थ डायरेक्टर को पत्र लिखा है। गुरुवार को इस मामले में तिलक ने जान का खतरा बताते हुए शिकायत दर्ज कराई है।

# साहू समाज में दिखावा की होड़ चिंतनीय : गृहमंत्री

पायनियर संवाददाता ‹ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com





जनपद पंचायत क्षेत्र के कोटरासरार में छगशासन के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू का आगमन हुआ। गृहमंत्री ने उच्चस्तरीय जलागार के लिए भूमिपूजन, आधार सेवा केंद्र का शुभारंभ, उपस्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया। गृहमंत्री ने परिक्षेत्रीय सामाजिक समारोह के शपथ ग्रहण में भी शिरकत की। इस दरम्यान गृहमंत्री ने सामाजिकजनों की मांग पर परिक्षेत्र स्तरीय सामाजिक भवन बनाने का भरोसा दिलाया।

समारोह में मुख्यअतिथि गृहमंत्री श्रीसाहू ने सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने वर्तमान परिदृश्य में साहू समाज के वैवाहिक अवसर पर फिजूलखर्ची का हवाला देते हुए कहा कि आडम्बर के दौर में साहू समाज में भी विवाह का स्वरूप बदलते नजर आ रहा है। समाज के निम्नवर्ग को सहमति पूर्वक सामाजिक भोज इत्यादि से राहत दिलाने के लिए आदर्श विवाह बुनियाद रखी गई थी, लेकिन अन्य समाजों का अंधानुकरण कर अब साहू समाज भी दिखावा की होड़ में शामिल होते हुए नजर आ रहा है। गृहमंत्री ने सामाजिक बैंक व सामाजिक अनाज बैंक की स्थापना कर आपातकालीन स्थिति के लिए समाज के सुदृढ़ीकरण पर जोर देने अपील की। गृहमंत्री ने कोटरासरार में हेल्थ डिपार्टमेंट के पीएचसी का लोकार्पण किया। पश्चात उच्चस्तरीय जलागार के लिए भूमिपूजन किया। ग्राम पंचायत स्तर पर आधार सेवा केंद्र का शुभारंभ भी किया। समारोह को विधायक दलेश्वर ने भी संबोधित करते हुए गांव में सोलर लाईट व किचन शेड की घोषणा की। समारोह में पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष थानेश्वर साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष साहू संघ डॉ नीरेंद्र साहू, जिलाध्यक्ष कमल किशोर साहू, जिला महामंत्री अमरनाथ साहू, जिपंअध्यक्ष गीता साहू, जिपंसदस्य इंदुमती साहू जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू बतौर अतिथि सम्मिलित हुए।

# छुरिया नगर पंचायत को मिला पुरस्कार




पायनियर संवाददाता ‹ छुरिया
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत अध्यक्ष राजोकुमारी मनोज सिन्हा ने रायपुर के होटल बेबीलॉन में आयोजित सम्मान समारोह में नगर पंचायत छुरिया का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वच्छता सर्वेक्षण एवं गार्बेज फ्री सिटी में बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मान प्राप्त किया द्य छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं नगरीय निकाय मंत्री डॉक्टर शिव कुमार डहरिया ने 4 राज्यों के 123 नगरी निकाय में सर्वश्रेष्ठ नगर पंचायत के रूप में नगर पंचायत छुरिया उच्च स्थान प्राप्त करने के लिए प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो चिन्ह देकर सम्मानित किया।

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202109090200074/**

**मामले की श्रेणी–राजस्व**

विषय- अ-6 सन- 2020-21
छुरियाकला (प.ह.नं. 00020),
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- तुलसीराम,
अनावेदक पक्षकार- सीता,

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तुलसीराम पिता चुरामन दास साहू जाति तेली निवासी ग्राम खोभा तहसील-छुरिया द्वारा न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम छुरियाकला प.ह.न. 20 तहसील छुरिया स्थित कृषि भूमि खाता क्रमांक 918 में दर्ज खसरा नं (रकबा)493/1(0.0200हे.),492/1(0.0470 हे.) अनावेदिका सीता पति हीरासिंग देवांगन जाति कोष्ठा निवासी-हाल मुकाम मानसिंह गली भगतसिंह वार्ड पथरागुडा जगदलपुर तहसील जगदलपुर के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। खसरा नं. 493/1(0.0200हे.) का टुकड़ा रकबा 0.012 हे. व खसरा नं 492/1(0.0470 हे.) का टुकड़ा रकबा 0.012 हे. को आवेदक द्वारा अनावेदक से दिनांक 27-09-2021 को पंजीकृत बैनामा के माध्यम से उप पंजीयक कार्यालय छुरिया में क्रय किया गया है जिसके आधार पर उक्त भूमि को आवेदक द्वारा अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है, आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति पेश किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की सुनवाई तिथि 07-12-2021 को स्वयं/वकील/आममुख्त्यार के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/11/2021 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
छुरिया

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202111090200026/202111090200026**

**मामले की श्रेणी–राजस्व**

विषय- अ-6 सन- 2020-21
छुरियाकला प.ह.नं. 00020 (415/3(0.2190हे.)),
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- हेमीन बाई साहू
अनावेदक पक्षकार- रमेश कुमार कश्यप

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका हेमीन बाई साहू पति नरसिंग साहू जाति तेली निवासी वार्ड नं 14 छुरिया तहसील-छुरिया द्वारा न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम छुरियाकला प.ह.न. 20 तहसील छुरिया स्थित कृषि भूमि खाता क्रमांक 639 में दर्ज खसरा नं (रकबा) 415/3(0.2190 हे.) अनावेदक रमेश कुमार कश्यप पिता लखनलाल कश्यप निवासी वार्ड नं. 07 छुरिया तहसील छुरिया के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। उक्त भूमि का टुकड़ा रकबा 0.024 हे. को आवेदिका द्वारा अनावेदक से दिनांक 27/05/2021 को पंजीकृत बैनामा के माध्यम से उप पंजीयक कार्यालय छुरिया में क्रय किया गया है जिसके आधार पर उक्त भूमि को आवेदिका द्वारा अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है। आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति पेश किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की सुनवाई तिथि 26-11-2021 को स्वयं/वकील/आममुख्त्यार के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/11/2021 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
छुरिया

## विभिन्न कार्यों का हुआ भूमिपूजन

# लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम में गंडई पहुंचे सांसद संतोष पांडेय

पायनियर संवाददाता ‹ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com




राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पांडये गुरुवार को दोपहर 3 बजे विभिन्न कार्यो के भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गंडई नगर पहुंचे। जहां उन्होंने कुल 56.28 लाख रु. की लोकार्पण व भूमिपूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खम्हन ताम्रकार व विशिष्ट अतिथि कोमल जंघेल अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष, विक्रांत सिंह उपाध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव, कोमल सिंह राजपूत पूर्व मंडी अध्यक्ष राजनांदगांव, संजय अग्रवाल मण्डल अध्यक्ष गंडई, जाबिद खान उपाध्यक्ष नगर पंचायत गंडई, टेकन देवांगन, खम्हन ताम्रकार, गिरिराज सिंह वैष्णव, टूम्मन साहू, दूजे वर्मा, राकेश ताम्रकार, राजेश मेहता, विक्की अग्रवाल और राकेश ठाकुर रहे। इस दौरान ग्राम हरडण्डा निवासी व सतनामी समाज के राजमहन्त अमर दास मनहरेसांसद संतोष पांडेय के समक्ष बीजेपी में शामिल हुए।

अतिथियों ने सर्वप्रथम भारत माता के तैलचित्र पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने मोदी सरकार की जमकर तारीफ की, वही ए- मार्केट के जीर्णोद्धार का श्रेय उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को दिया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांतसिंह ने अपने उदबोधन में कहा कि कार्यकर्ता और नेता को हमेशा मिलनसार होना चाहिए। जो भी व्यक्ति अपनी परेशानी लेकर आते हैं तो उनको सुनना और उनकी समस्या को हल करना हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी होने की बात की है। वहीं खैरागढ़ विधानसभा उपचुनाव की तैयारी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा तैयार है।

**त्रस्त हैं प्रदेशवासी** : सांसद संतोष पाण्डेय ने अपने उद्बोदन मे कहा कि राज्य के भूपेश सरकार से पूरे प्रदेशवासी त्रस्त है, मोदी सरकार ने गरीबों को आवास योजना का लाभ देना तो चाह रहे हैं लेकिन राज्य सरकार ने आवास की आवेदन को निरस्त कर दिया है। जिसके चलते हजारों लोगों को आवास की सुविधा नही मिल पा रही है। वहीं आगे श्री सिंह ने पूरे नगर पंचायत गंडई में क़रीब 9 सौ आवास बनने व स्वच्छता में रैंकिंग स्टार मिलने पर नगर पंचायत बॉडी को साधुवाद दिया।प्रदेश में बारदाने की समस्या के बारे में पूछे जाने पर पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार ने अपनी चुनावी मुद्दा में घोषणा किया है तो उसे निभाना चाहिए, केन्द्र सरकार पर निर्भर क्यों है।

### इनका हुआ लोकार्पण व भूमिपूजन

नगर के वार्ड नं.05 स्वतंत्रता सेनानी सामुदायिक भवन के पीछे सांसद निधि मद से मंच एवं सभा भवन निर्माण लागत 15 लाख रु. का लोकार्पण किये। इसी तरह भूमिपूजन कार्यक्रम में वार्ड नं. 08 पुष्प वाटिका मरम्मत कार्य 9:11 लाख, वार्ड नं. 02 शिव मंदिर से पीपल वृक्ष तक पचरी निर्माण कार्य 8:35 लाख, एवं बड़ा तालाब से देहान तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य 4:86 लाख, वार्ड नं 05 सुलभ शौचालय से कन्या उच्च. माध्य. विद्यालय गंडई तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य 2:20 लाख, वार्ड नं. 08 जगदीश मरकाम के घर से धरमु घर तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य 2:25 लाख एवं राम लखन घर से गीता राम मिर्चे घर तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य 1:83 लाख, वार्ड नं.09 हैदर अली के घर से साबिर के घर तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य 4:69 लाख, वार्ड नं.10 नम्मू पटेल घर से कृष्णा पटेल घर तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य 0.83 हजार एवं कन्हैया देवांगन सायकल स्टोर्स से कवर्धा रोड़ तक सीसी रोड निर्माण कार्य 0. 48 हजार और वार्ड नं.12 कवर्धा रोड़ से हेमन्त कुंजाम के घर तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य 4:98 लाख एवं टिकरीपारा मेन रोड़ से मंतराम देवांगन से डोमार देवांगन के घर तक सीसी निर्माण कार्य 1:70 लाख शामिल है।

# जो महंगाई डायन लगती थी उसी को आज भाजपा पालने पोसने का काम कर रही

## कांग्रेस विधायक विकास उपाध्याय ने महंगाई के लिए मोदी सरकार की नीतियों को जिम्मेदार बताया

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



7 साल पहले जिस भाजपा को महंगाई डायन लगती थी आज वहीं भाजपा महंगाई को पालने पोसने का काम कर रही है। भाजपा के बड़े नेता हर मंच पर यूपीए सरकार के दौरान महंगाई को लेकर धरना प्रदर्शन करने के साथ ही साइकिल में चढ़कर रैली निकालते थे ।केंद्र में सरकार बन जाने के बाद भाजपा के वे सारे बड़े नेता गायब हो गए हैं जिन्हें जनता खोज रही है। प्रदेश में कांग्रेस महंगाई को लेकर प्रत्येक जिले और गांव गांव में जनता के बीच जा रही है।

कांग्रेस सचिव और विधायक विकास उपाध्याय ने आज कांग्रेस भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उक्त बातें कहीं ।उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार नोटबंदी और जीएसटी जैसे कानून लाने के बाद पूरी तरह असफल हो गई है यूपीए सरकार और अभी की सरकार के बीच आंकड़े बताते हैं कि किसके कार्यकाल में ज्यादा महंगाई बढ़ी ।केंद्र सरकार द्वारा जानबूझकर महंगाई कम नहीं करने पेट्रोल डीजल रसोई गैस सहित आम जनता से जुड़े सामानों की जिस तरह बेहिसाब महंगाई बढ़ी है और उसे लेकर कांग्रेस जनता तक जा रही है। छत्तीसगढ़ प्रभारी पीएल पुनिया ,चंदन यादव, प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम सहित कांग्रेस के सारे बड़े नेता अलग-अलग जिलों में जनता के बीच जाकर महंगाई के कारणों पर प्रकाश डाल रहे हैं। छत्तीसगढ़ में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में पहले से ही अन्य राज्यों के अपेक्षा कमी थी इसी वजह से हमारे यहां पेट्रोल 78 पैसे और डीजल 1.45 पैसे कम किया गया है जिस पर प्रदेश सरकार पर 1000 करोड़ का अतिरिक्त भार पड़ेगा ।छत्तीसगढ़ में डीजल पेट्रोल कम करने के लिए भाजपा के नेता आंदोलन कर रहे हैं ।ये नेता मोदी को डीजल पेट्रोल का रेट कच्चे तेल के रेट निर्धारण अनुसार कम करने क्यों पत्र नही लिखते । आज अगर केंद्र सरकार कच्चे तेल प्रति बैरल जो दर है उसके हिसाब से डीजल पेट्रोल का रेट रखे तो पेट्रोल ?35 प्रति लीटर मिल सकता है लेकिन भाजपा के नेता देश की जनता को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की अकर्मण्यता और मुनाफाखोरी वाली नीति के कारण देश की जनता महंगाई से परेशान है। बदहाल है ।नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद से रोजमर्रा के सामानों की कीमत दुगनी हो गई है ।महंगाई देश की जनता पर मोदी सरकार पर आयोजित आपदा है इससे साबित होता है कि मोदी और उनकी सरकार की प्राथमिकता में गांव गरीब किसान मजदूर आम आदमी है ही नहीं। मोदी सरकार ने आम आदमी को राहत देने के लिए कभी कोई योजना नहीं बनाया बल्कि चंद उद्योग पतियों को फायदा पहुंचाने के लिए योजना बनाई जिसका क्रियान्वयन भी किया। केंद्र सरकार का आर्थिक प्रबंधन कु प्रबंधन महंगाई बढ़ाने का बड़ा कारक है । असंगत करारोपण बेतहाशा एक्साइज टैक्स के कारण डीजल पेट्रोल के दाम बढ़े जो महंगाई को बढ़ाने में सबसे बड़ा कारण बना।

# गांव में एक वयस्क बाघ के पंजे के निशान मिले

## एटीआर और वन विभाग की टीम सक्रिय



पायनियर संवाददाता ◂ कोटा
www.dailypioneer.com

बिलासपुर कोटा के वन क्षेत्र में इन दिनों एक तेंदुए की मुवमेंट देखी जा रही थी, ये तेंदुवा कोटा डेम के आस पास के ईलाके को अपना क्षेत्र बनाया हुआ है। लेकिन आज दोपहर कुछ देर पहले ही ये बड़ी खबर आ रही है कि पिपरतराई के मरघटिया पारा में एक व्यस्क शेर के पंजे के निशान देखे गए हैं ।पिपरतराई मरघटिया पारा में निलेश भार्गव के गीले खेत में एक शेर के पग चिन्ह देखने के बाद लोगों में हड़कपं मच गया है । सूचना के बाद वन विभाग के एसडीओ ललीत दुबे तत्काल जानकारी वाली जगह पर पहुंच गए । पग मार्ग देखने के एसडीओ ललीत दुबे ने तत्काल इसकी जानकारी डीएफओ को दी । जिसके बाद एटीआर की टीम भी वहां पहुंच गई है । अधिकारियों ने गांव वालों को समझाईश दी है कि रात के समय अकेले ना निकले और पंचायत भी गांव में मुनादी करवा दे। एसडीओ ललीत दुबे ने बताया कि जानकारी के बाद मैं वहां पहुंचा तो देखा कि पग चिन्ह एक व्यस्क टायगर के हैं और ये निशान ज्यादा पुराने नहीं है ये रात या सुबह सुबह के हैं । इसके बाद मैने अपने उच्च अधिकारियों को जानकारी देने के बाद गांव और पंचायत वालों की बैठक लेकर उन्हें भी समझाईश दिया है कि वे सावधानी रखें ।कोटा क्षेत्र में अचानक से वन्य जीवों के मुवमेंट के बाद ये समझ आने लगा है कि जंगलों की सुरक्षा और उनका बचाव कितना जरूरी है।

# त्रिस्तरीय राज्य संस्थाओं के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षण केन्द्र में त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्षों का प्रत्यास्मरण विषय पर 22 नवम्बर से 24 नवम्बर तक 3 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजन किया गया। जिसमें जनपद पंचायत तखतपुर, कोटा, बिल्हा, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही के जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में छ.ग. पंचायती राज अधिनियम 1993 के प्रमुख प्रावधानों, जनपद पंचायत के अध्यक्ष उपाध्यक्ष के अधिकार एवं कर्तव्य, विभागीय योजनाओं के साथ-साथ अन्य विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं से संबंधित प्रशिक्षण उनके विभागीय अधिकारियों द्वारा दिया गया साथ ही जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष द्वारा पूछे प्रश्नों के समाधान भी किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन 24 नवम्बर को हुआ जिसमें प्राचार्य एवं अनुदेशक क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र बिलासपुर तथा कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे। जनपद पंचायत अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों ने उक्त प्रशिक्षण को उपयोगी एवं लाभकारी बताया तथा प्रशिक्षण लेने के पश्चात् अपने क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए और बेहतर तरीके से कार्य करने की बात कही।

# अति बारिश के फलस्वरूप कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित

**बिलासपुर।** दक्षिण मध्य रेलवे के विजयवाड़ा रेल मंडल के अंतर्गत पदगुपाडु-नेल्लोर स्टेशनों के मध्य अतिवर्षा के फलस्वरूप रेलवे ट्रैक में जलभराव के कारण रेल परिचालन में व्यवधान उत्पन्न हुआ है, एवं इस खण्ड में चलने वाली अनेको ट्रेनों को रद्द किया गया है। रेक के अभाव में रद्द होने वाली गाड़ी 25नवंबर को कोचुवेलि से चलने वाली 22648 कोचुवेलि-कोरबा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

**छपरा सारनाथ एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच की सुविधा-** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर सुविधा व ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को कंफ़र्म बर्थ उपलब्ध करने हेतु तीन दिन तक अतिरिक्त कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। गाड़ी संख्या 15160 दुर्गङ्कछपरा सारनाथ एक्सप्रेस में 01 अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा दुर्ग से 25, 26, एवं 27 नवम्बर 2021 को प्रदान की जा रही है।

# आबकारी टीम ने 107 लीटर अवैध मदिरा और 740 किलो महुआ लहान जब्त किया

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



आबकारी विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई कर गनियारी और पेन्डारी में भारी मात्रा में अवैध मदिरा बरामद किया है। आबकारी टीम ने उपआयुक्त आबकारी नीतू नोतानी ठाकुर के मार्गदर्शन और कलेक्टर डॉ.मित्तर के सख्त निर्देश पर बड़ी कार्रवाई कर कुल मामले में 107 लीटर मदिरा और 740 किलो महुआ लहान को जब्त कर नष्ट किया है।

आबकारी उपायुक्त नीतू नोतानी ठाकुर ने बताया कि कलेक्टर डॉ.सारांश मित्तर के निर्देश पर आबकारी टीम ने पेन्डारी और गनियारी में छापामार कार्रवाई की है। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय की अहम भूमिका रही। इस दौरान प्रधान आरक्षक नेतराम बंजारे, आरक्षक अनवर मैमन, देवदत्त जायसवाल,गणेश चेलकर, जलेश्वर और नारायण श्रीवास का विशेष सहयोग रहा।

उप निरीक्षक मुकेश पाण्डेय की अगुवाई में मुखबीर की सूचना पर की गयी कार्रवाई के दोनों ही क्षेत्र से कुल मामले दर्ज किए गए। आरोपियों के ठिकाने से रंगे हाथ शराब बनाते पकड़ा गया। इस दौरान आरोपियों ने भागने का पुरजोर प्रयास किया। लेकिन तीनों को टीम ने धर दबोचा। नीतू नोतानी ठाकुर ने बताया कि कार्रवाई में कुल 04 प्रकरणों में 107लीटर महुवा शराब बरामद कर नष्ट किया गया। 740 किलोग्राम महुवा लहान को भी बरामद कर जब्त किया गया। इसके अलावा मदिरा निर्माण में प्रयोग किए जाने वाले के साथ ही एकत्रित करने वाले सामानों को भी बरामद किया गया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) (क) (च) ,34 (2) 59 (क) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी से पहले सभी आरोपियों के खिलाफ विधिवत कार्रवाई की गयी है।

# पत्नी की हत्या का आरोपी कुछ घंटे में ही गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कोटा के बेलगहना थाना चौकी के अंतर्गत पति ने पत्नी से पैसे की मांग की नही मिलने पर उसने उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

कोटा पुलिस थाना से मिली जानकारी के अनुसार 23.11.2021 को प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई थी की 22 नवब के रात्रि प्रार्थिया के सास उमाबाई यादव ने ससुर जोगीराम यादव को पैसे नही देने की बात को लेकर रात्रि में धारदार हथियार से वार कर उमाबाई की हत्या कर देने की संदेह व्यक्त किया । प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया बाद वरिष्ठ अधिकारियों वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रोहित झा को अवगत कराया गया। आरोपी को तत्काल गिरप्तार करने को निर्देशित किया गया था के परिपालन में अनुभागीय अधिकारी पुलिस कोटा आशीष अरोरा के निर्देशन में फरार संदेही की लगातार पता तलाश की जा रही थी कि मुखबिर से संदेही के बारे में जानकारी प्राप्त हुआ जिस पर से जोगीराम यादव उर्फ सोनू पिता सुकालू यादव उम्र 65 साल साकिन बड़े बरर चौकी बेलगहना जिला बिलासपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर मेमोरंडम कथन लिया गया। जिसमें आरोपी ने अपनी पत्नी मृतिका उमा बाई के द्वारा पैसे मांगने पर नही देना और घर के पैसे को चुरा कर उसके ससुराल वालों को देने की शंका पर गुस्से से कुल्हाड़ी से कई बार मार कर हत्या करना स्वीकार करने से आरोपी जोगी राम यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है।

# 17 सहकारी संस्थाओं को परिसमापन नोटिस जारी

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं बिलासपुर द्वारा जिले के 17 पंजीकृत सहकारी समितियों को वर्ष 2019-20 में अकार्यशील होने के कारण उनके परिसमापन हेतु नोटिस जारी किया गया था। नोटिस का जवाब नहीं देने के कारण इन संस्थाओं को परिसमापन में लाने की कार्यवाही की जाएगी। उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं बिलासपुर द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड बिल्हा के मां बिलासा मछुवा सह.समि.मर्या. मोहरा, गुरू प्राथ.उप.सह.भंडार मर्या. राजेन्द्रनगर बिलासपुर, जन हनुमान प्राथ.उप.सह.भंडार मर्या. लोकोकालोनी बिलासपुर, ज्योति प्राथ.उप.सह.भंडार मर्या. कुदुदंड बिलासपुर, अंबेडकर प्राथ.उप.सह.भंडार मर्या. अम्बेडकर नगर बिलासपुर, आदर्श प्राथ.उप.सह.भंडार मर्या. ईमलीपारा बिलासपुर, आदर्श प्राथ.उप.सह.भंडार मर्या. लाला लाजपतराय नगर बिलासपुर, शिवाजी प्राथ.उप.सह.भंडार मर्या. तेलीपारा बिलासपुर, दुग्ध सह.समि.मर्या. महमंद, प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भंडार मर्या. तालापारा, आशा प्राथ.उप.सह.भंडार मर्या. अंबेडकर नगर बिलासपुर, जागरूक प्राथ.उप.सह.भंडार मर्या. जबड़ापारा बिलासपुर, संत महिला प्राथ.उप.सह.भंडार मर्या. रविदास नगर बिलासपुर एवं विकासखण्ड कोटा के गुरू प्राथ.उप.सह.भंडार मर्या. राजेन्द्रनगर बिलासपुर, आदिवासी मछु.सह.समिति. रानीबछाली को परिसमापन में लाने की कार्यवाही की जा रही है।

# जिला मुख्यालय में बिना अनुमति अवकाश प्रतिबंधित

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिका उप निर्वाचन 2021 हेतु कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही बिलासपुर नगर पालिका निगम के वार्ड क्रं. 29 संजय गांधी नगर में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गयी है। जिसके मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सारांश मित्तर द्वारा नगर पालिका उप निर्वाचन 2021 की प्रक्रिया समाप्त होने तक जिला मुख्यालय में स्थित शासकीय, अर्द्धशासकीय कार्यालयों तथा राज्य शासन के उपक्रमों के अधिकारियों, कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश प्रतिबंधित कर दिया गया है। जिला मुख्यालय में स्थित कार्यालयों के कोई अधिकारी एवं कर्मचारी बिना कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुमति के अवकाश पर प्रस्थान नही करेंगे तथा मुख्यालय परित्याग नही करेंगे। किसी अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा बिना अनुमति के अवकाश पर प्रस्थान करने एवं बिना अनुमति के मुख्यालय परित्याग करने पर संबंधित जिला प्रमुख एवं कार्यालय प्रमुख जिम्मेदार होंगे।

## बच्चों के समग्र विकास के लिए शिक्षक के साथ- साथ पालक तथा समुदाय को महत्वपूर्ण कड़ी बताया गया

# बच्चों के समग्र विकास में शिक्षक, पालक की अहम भूमिका

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




लोरमी वैश्विक महामारी में छात्रों के शैक्षिक गुणवत्ता में वृद्धि के लिए संकल्पित जिला शिक्षा अधिकारी सतीश पांडेय द्वारा संचालित प्रेरणा से परिवर्तन, उमंग से उल्लास, शिक्षा चौपाल, चेतना से चैतन्य, लोगों के हृदय को स्पर्श करने की दिशा में नवीन कीर्तिमान गढ़ते दृष्टिगोचर हो रही है। जिले मे चल रहे शाला प्रबंधन और विकास समिति के अवलोकन के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी सतीश पांडेय ने मुंगेली जिले के तीनों विकासखंड लोरमी, पथरिया तथा मुंगेली के सदस्यों को प्रशिक्षण सहभागिता और जागरूकता के लिए सराहा। उन्होंने बच्चों के समग्र विकास के लिए शिक्षक के साथ- साथ पालक तथा समुदाय को महत्वपूर्ण कड़ी बताया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरिया में मास्टर ट्रेनर डा. सत्यनारायण तिवारी ने शिक्षक, बालक तथा पालक को सामाजिक चेतना का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। समिति की जागरूकता से विद्यालय और विद्यार्थी दोनों के विकास की चर्चा करते हुए डा. तिवारी ने समिति गठन की रूपरेखा, आवश्यकता, महत्व, अधिकार एवं कर्तव्य, शिक्षकों तथा समुदाय की सार्थक भूमिका,सीखने और सीखाने की प्रक्रिया जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। रामभरोस ठाकुर ने शाला अनुदान पर प्रकाश डाला। डोंगरिया स्कूल के प्राचार्य रमाशंकर यादव ने शिक्षकों एवं सदस्यों से चेतना से चैतन्य रहने तथा अधिकार और कर्तव्य में समन्वय बनाकर चलने की बातें कही। इस अवसर पर लाखासार के प्राचार्य मनोज मिश्र, शैक्षिक समन्वयक अरविंद पांडेय, राकेश साहू एवं जयसिंह राजपूत ने भी संबोधित किया। बिठलदह में अभिजीत तिवारी, पूनम सिंह राजपूत तथा संकुल शाला शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोरमी में महेश गुप्ता तथा जनकराम राजपूत ने प्रशिक्षण दिया। इसी प्रकार से लोरमी विकासखंड के संकुल केंद्र बालक एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, झाफल, मोहबंधा, डोंगरिया तथा हाईस्कूल लाखासार एवं ढोलगी के 101 विद्यालयों के करीब 455 सदस्यों ने उत्साह पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# बिलासपुर स्टेशन में मोबाइल चोर सक्रिय, ट्रेन रुकते ही फिर एक यात्री का मोबाइल पार

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जोनल स्टेशन में मोबाइल चोर सक्रिय हैं। यहां ट्रेन रुकते ही फिर एक यात्री का चार्जिंग में चढ़ा मोबाइल पार हो गया। यात्री ने इस घटना की रिपोर्ट जीआरपी थाने में दर्ज कराई है। चोरी हुए मोबाइल की कीमत 23 हजार रुपये है। घटना 15159 छपरा- दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस की है। इस ट्रेन में देवरिया जिले ग्राम रुद्रपुर निवासी अजीत पांडेय (32) इस ट्रेन में बनारस से बिलासपुर तक यात्रा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अपना मोबाइल चार्जिंग में चढ़ाया हुआ था। ट्रेन सुबह 4.55 बजे जोनल स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर आकर खड़ी हुई। तभी उनकी नजर मोबाइल पर पड़ी। मोबाइल गायब था। इससे वे परेशान हो गए। उन्होंने बर्थ के नीचे ढूंढा। यहां तक यात्रियों से भी जानकारी ली, लेकिन किसी से जानकारी नहीं मिली। माजरा समझ आ गया कि किसी ने मोबाइल चोरी कर लिया है। इस पर यात्री ट्रेन से उतरे और सीधे जीआरपी थाने पहुंचे। यहां उन्होंने घटना की जानकारी दी। बाद में लिखित शिकायत भी दी। जिसके आधार पर जीआरपी ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है। यात्री ने मोबाइल का बिल में जमा किया। जिसके आधार पर मोबाइल की कीमत आंकी गई। ट्रेन या रेलवे स्टेशन में मोबाइल चोरी की यह पहली घटना नहीं है।

## कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक : वार्ड में सर्वे के आधार पर जीतने योग्य दावेदार को प्रत्याशी बनाया जाएगा

# पुनिया, मुख्यमंत्री भूपेश, मोहन मरकाम की उपस्थिति में नगरीय निकाय चुनाव जीतने की रणनीति बनाई





पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में हुई। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम की उपस्थिति में नगरीय निकाय चुनाव जीतने को लेकर रणनीति बनायी। विधानसभा चुनाव के पश्चात हुये नगरीय निकाय के चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत के रिकॉर्ड को दोहराया जायेगा। चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों से बायोडाटा नहीं लिया जायेगा। वार्ड में सर्वे के आधार पर जीतने योग्य दावेदार को प्रत्याशी बनाया जायेगा। 30 नवंबर तक वार्ड कमेटी, बूथ कमेटी गठन पूर्ण किये जायेंगे। घोषणा पत्र समिति, प्रचार-प्रसार समिति बनाये जायेंगे।

नगरीय निकाय चुनाव की बैठक में मंत्री टीएस सिंहदेव, मंत्री ताम्रध्वज साहू, मंत्री डॉ प्रेम साय सिंह, मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया, मंत्री मोहम्मद अकबर, मंत्री गुरु रुद्र कुमार, मंत्री अमरजीत भगत, मंत्री अनिला भेड़िया, नगरीय निकाय क्षेत्र के सांसद एवं विधायक, सांसद ज्योत्सना महंत, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यनारायण शर्मा, विधायक देवेंद्र यादव, विधायक अम्बिका सिंहदेव, विधायक शिशुपाल सोरी, विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे, विधायक उत्तरी जांगड़े, प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, जिला प्रभारी एवं पर्यवेक्षक गिरीश देवांगन, प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री प्रशासन रवि घोष, प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला, प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री अमरजीत चावला, जिला प्रभारी पी.आर. खुंटे, जिला प्रभारी एवं पर्यवेक्षक जे.पी. श्रीवास्तव, जिला प्रभारी एवं पर्यवेक्षक प्रतिमा चंद्राकर, जिला प्रभारी जितेन्द्र साहू, पर्यवेक्षक प्रेमचंद जायसी, पर्यवेक्षक बिरेश ठाकुर, पर्यवेक्षक मोतीलाल देवांगन, पर्यवेक्षक अटल श्रीवास्तव, जिला प्रभारी एवं पर्यवेक्षक राजेन्द्र साहू, पर्यवेक्षक अर्जुन तिवारी, जिला प्रभारी एवं पर्यवेक्षक अरुण सिसोदिया, जिला प्रभारी एवं पर्यवेक्षक द्वितेन्द्र मिश्रा, पर्यवेक्षक गोपाल थवाईत, पर्यवेक्षक उत्तम वासुदेव, पर्यवेक्षक आलोक पांडेय, पर्यवेक्षक कौशल चंद्राकर, पर्यवेक्षक फूलकेरिया भगत, पर्यवेक्षक शाहिद खान, पर्यवेक्षक सुशील शर्मा, जिला प्रभारी एवं पर्यवेक्षक कैलाश पोयाम, जिला प्रभारी एवं पर्यवेक्षक रूकमणी कर्मा, पर्यवेक्षक यशवर्धन राव, जिला प्रभारी लालजी चंद्रवंशी, पूर्व महामंत्री पंकज शर्मा, जिला अध्यक्ष गण उधोराम वर्मा, मुकेश चंद्राकर, निर्मल कोसरे, नजीर अजहर, अरुण मालाकार, पदम सिंह कोठारी, बंशी पटेल, सुभद्रा सलाम, महेश्वरी बघेल, लालू राठौर, जिला संगठन प्रभारी पदाधिकारी, पर्यवेक्षक गण एवं जिला अध्यक्ष शामिल हुए।

# गौ हत्या के विरोध में बसना रहा पूर्ण बंद!



पायनियर संवाददाता ➤ बसना
www.dailypioneer.com

थाना क्षेत्र के ग्राम जगदीशपुर में गौ हत्या करने वाले तीन लोगों को बसना पुलिस के द्वारा 151 की धारा लगा गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया जिन्हें कल शाम ही जमानत देकर छोड़ दिया गया था जिसके बाद रात में 9 बजे बसना हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी से मिलकर विरोध दर्ज कराया उसके बाद से प्रशाशन हरकत में आया उक्त आरोपीयो को पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई परंतु आरोपियों की गिरफ्तारी नही होने के कारण सुबह सर्व हिन्दू समाज एवं हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं ने बसना बंद कर अपना विरोध जताया। दरअसल कल का सोशल मीडिया में ऐसा वीडियो वायरल हुआ, जो हिन्दू धर्म की आस्था को चोट पहुँचाने वाला था वायरल में कुछ लोग गौ हत्या करते हुए दिखाई दे रहे थे। वीडियो वायरल होने के बाद सर्व हिन्दू समाज द्वारा इसका विरोध किया गया। इसके विरोध में आज बसना नगर सहित पास के गाँव बंसुला को बंद रखा गया। नगर को बंद रखने के लिए सभी नागरिकों ने सहयोग किया, इसके बाद हिन्दू समाज के लोगों ने बसना थाना पहुंचकर इस विषय में चर्चा किया, इस पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान थाना प्रभारी और बसना तहसीलदार मौजूद रहे। वहीं इस मामले में बसना पुलिस ने बताया कि उक्त वीडियो थाना बसना क्षेत्र का होने से पुलिस द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए आसपास क्षेत्र में पता किया गया. जिसके बाद उक्त वीडियो बसना थाना के रहने वाले विठ्ठल उर्फ छोटा व धरमु बंदे उक्त कृत्य में शामिल आलेख रौतिया इन तीनो पर अजमानतीय धारा 429, 34 भादवि एवं छत्तीसगढ़ कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4,6,10 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तीनों आरोपियों की तत्काल गिरफ्तार किया. ये तीनो आपस में मिलकर उक्त को अंजाम दे रहे थे. जिससे समस्त हिन्दू समाज एवं हिन्दू संगठनों में रोष है।

### नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ.डहरिया का दौरा कार्यक्रम

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन विकास तथा श्रम मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया एक दिवसीय प्रवास पर 26 नवम्बर को रायपुर जिले के विकासखण्ड आरंग जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डॉ.डहरिया सवेरे 11.15 बजे रायपुर से प्रस्थान कर ग्राम संडी पहूँचेंगे एवं यहां पर 12 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक सुआ नृत्य भूमि पूजन एवं सम्मान समारोह के कार्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद आरंग आएंगे। वे आरंग में 2.15 बजे से शाम 4 बजे तक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित मितानिन सम्मान समारोह के कार्यक्रम में शामिल होंगे। डॉ.डहरिया रात्रि 9 बजे आरंग से प्रस्थान कर रायपुर आएंगे।

### खाद्य और संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत का दौरा कार्यक्रम

**रायपुर।** खाद्य और संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत कल 26 नवम्बर को सरगुजा जिले के दौरे पर रहेंगे। भगत शाम 8:45 बजे पुरैना, रायपुर स्थित सरगुजा कुटीर से रेल्वे स्टेशन रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। वे रात्रि 9:30 बजे रेल्वे स्टेशन पहुंचेगे और दुर्ग अम्बिकापुर एक्सप्रेस से अम्बिकापुर के लिए रवाना होंगे। मंत्री श्री भगत दूसरे दिन 26 नवम्बर को प्रातः 6:30 बजे रेल्वे स्टेशन अम्बिकापुर पहुंचेंगे और वे वहां से अम्बिकापुर स्थित अपने निवास स्थान बौरीपारा जायेंगे।

## लक्ष्य दंपतियों के लिए वरदान 'मोर मितान मोर संगवारी'

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के प्रथम चरण में मोर मितान मोर संगवारी कार्यक्रम लक्ष्य दंपत्तियों की भ्रांतियों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है । इस कार्यक्रम के माध्यम से चौपाल लगाकर इच्छुक लक्ष्य दम्पत्तियों को पुरुष नसबंदी के विषय पर विस्तृत जानकारी देकर लोगों के बीच फैली भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है । प्रदेश में पुरुष नसबंदी के लियें मोबिलाइजेशन सप्ताह चलाया जा रहा है जो 27 नवंबर तक चलेगा । इस दौरान पुरुष नसबंदी के लिए संभावित लाभार्थियों का पंजीकरण किया जा रहा है । इसके बाद 28 नवंबर से 4 दिसंबर तक सेवा वितरण चरण के तहत पुरुष नसबंदी की प्रक्रिया की जाएगी ।

समस्त गतिविधियों को कोविड-19 से संबंधित जारी गाइडलाइन के तहत समस्त सावधानियां को सुनिश्चित करते हुए मनाया जा रहा है । विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, तिल्दा ममता सुनानी ने बताया,'इस बार पुरुष नसबंदी पखवाड़ा को पुरुषों ने परिवार नियोजन अपनाया, सुखी परिवार का आधार बनाया' की थीम पर मनाया जा रहा है। ग्राम कुम्हारी में मोर मितान मोर संगवारी और मितानिन दिवस का भी आयोजन किया गया था । साथ ही पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के तहत ग्राम कुम्हारी में प्रथम चरण में मोर मितान मोर संगवारी कार्यक्रम के तहत योग्य और लक्ष्य दंपत्तियों की भ्रांतियों को दूर करने के लिये विषय विशेषज्ञों द्वारा पुरुष और महिला नसबंदी के प्रति फैली भ्रांतियॉ को दूर किया जा रहा है । पुरुष नसबंदी बहुत ही सरल है और कम समय में होने वाली प्रक्रिया है। साथ ही इसमें कोई तकलीफ भी नहीं होती है जबकि महिला नसबंदी कराना एक जटिल प्रक्रिया है और इसमें महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना पड़ता है और घरेलू कार्य भी प्रभावित हो सकता है।

ममता सुनानी के अनुसार शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के लिये प्रथम चरण में उन लोगों को भी चौपाल में बुलाया जा रहा है जो पूर्व में नसबंदी करा चुके हैं। दम्पत्तियों को चौपाल में बुलाकर उनके माध्यम से लोगों को प्रोत्साहित करने की अपील करने को कहा गया है। पुरुष नसबंदी से लाभ के बारे में इच्छुक दम्पत्तियों को जानकारी दी जा रही है ताकि दम्पत्ति बिना कोई भय अथवा दबाव के निर्भीक होकर नसबंदी की सेवाएं प्राप्त कर सकेंगे। चौपाल में पुरुष नसबंदी को प्रोत्साहित करने आये दम्पति टेमन साहू (बदला हुआ नाम) ने बताया, हमारा विवाह वर्ष 2014 में हुआ था । हमारे दो बच्चे है । मैं और मेरी पत्नी अब और बच्चे नही चाहते है । इसलिए पुरुष नसबंदी कराई है ।'' टेमन कहते है नसबंदी करा लेने के बाद भी वह पहले से खुद को अधिक ऊर्जावान महसूस करता है।

### बीटीआई मैदान को किया जाएगा व्यवस्थित, एससीईआरटी डायरेक्टर ने किया निरीक्षण



**रायपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव एवं एससीईआरटी के संचालक राजेश सिंह राणा ने शासकीय शिक्षा महाविद्यालय रायपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय में लगभग दस करोड़ की लागत से निर्माणाधीन भवन को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही बीटीआई मैदान को सुव्यवस्थित कर वाकिंग प्लेस डेवलप करने और इसका समुचित प्रबंधन के निर्देश दिए। संचालक राणा ने एससीईआरटी के अतिरिक्त संचालक डॉ. योगेश शिवहरे तथा उप संचालक उमेश कुमार साहू के साथ बी.एड. कालेज भवन में विभिन्न कक्षाओं का भी अवलोकन किया। इस दौरान प्राचार्य जसीनता एक्का से महाविद्यालय के संचालन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। राणा ने महाविद्यालय की गुणवत्ता के आधार पर भवन का ग्रेड बेहतर किए जाने के भी निर्देश दिए।

## निस्स्वार्थ सेवा की प्रतिमूर्ति हैं मितानिन : सम्पत अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ➤ बसना
www.dailypioneer.com



मितानिन दिवस के अवसर पर नीलांचल भवन बसना में गुरुवार को अंचल के 200 मितानिनों को नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सम्पत अग्रवाल ने साल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

अग्रवाल ने कहा मितानिनों की मेहनत का नतीजा है कि कोरोना का लहर में अब गांवों में नही के बराबर है। मितानिन दीदी गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं की दिन-रात देखभाल करती है और छोटी-मोटी मौसमी बीमारी में दवाईयों का वितरण भी करती हैं। उनकी मेहनत के हिसाब से उन्हें सम्मानजनक मानदेय नहीं मिल पा रहा है। सरकार को मितानिनों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए मानदेय ब?ना चाहिए। सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर पहुंचाने में मितानिनों का महत्वपूर्ण योगदान है। वहीं कार्यक्रम के दौरान सम्पत अग्रवाल ने मितानिनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए शासन-प्रशासन से 5 हजार मानदेय की मांग करने की बात कही। सम्मान पाकर मितानिनें गदगद हो गई और सभी ने नीलांचल सेवा समिति के सेवा कार्यो से प्रभावित होकर सदस्य बनने आगे आए।

इस अवसर पर तेजश्वरी पाण्डे, नीलिमा मोनिका (मैथ्यू), किरन सोना, बबीता ग्वाल, मदना बाघ, सोनकुंवर कैवर्त, दहना राणा, हेमकुमारी बरिहा, कामीनी नंद, उत्तम कुर्रे, भूमिसूता कुमार, उषा चौधरी, सहस कुंवर पटेल, सफेद पटेल समेत सैकड़ों मितानिन उपस्थित रहे।

### चिल्फी जलाशय के शीर्ष कार्य एवं नहर लाईनिंग के लिए 1.35 करोड़ की स्वीकृति

**रायपुर।** जल संसाधन विभाग मंत्रालय द्वारा कबीरधाम जिले के पण्डरिया विकासखण्ड के अंतर्गत चिल्फी जलाशय के शीर्ष कार्य एवं नहर लाईनिंग के लिए एक करो? 35 लाख 16 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार रायपुर को दी गई है। इस कार्य को पूरा कराए जाने के 130 हेक्टेयर में जलापूर्ति के लिए हो रही कमी को पूरा करने के साथ कुल 213 हेक्टेयर में सिंचाई के लिए जलापूर्ति हो सकेगी।

### पैरी परियोजना की माईनर के जीर्णोद्धार के लिए 2.54 करोड़ की स्वीकृति

**रायपुर।** जल संसाधन विभाग मंत्रालय द्वारा गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर विकासखण्ड के अंतर्गत पैरी परियोजना की पितईबंध माईनर एवं सब माईनर के जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग के लिए 2 करोड़ 54 लाख 33 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार रायपुर को दी गई है।

## कलिंगा विश्वविद्यालय के इनोवेशन और इनक्यूबेशन सेल के द्वारा 'आईडिएथन' बिजनेस प्लान प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत का एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। यहाँ पर वैश्विक मापदंड के अनुरूप विद्यार्थियों में नयी खोज को विकसित करने के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण एवं शोधपरक शिक्षा प्रदान किया जाता है। इसी तारतम्य में विश्वविद्यालय के इनोवेशन और इनक्यूबेशन सेल के द्वारा 'आईडिएथन' बिजनेस प्लान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सर्वोत्तम बिजनेस प्लान देने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र के साथ एक लाख रुपयों से अधिक की नगद राशि से सम्मानित किया जाएगा। कलिंगा विश्वविद्यालय के इनोवेशन और इनक्यूबेशन सेल की निर्देशक डॉ.मोनिका सेठी शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में रोजगारपरक कौशल विकास के लिए विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में स्वरोजगार ,लघु एवं कुटीर उद्योगों के साथ साथ बड़े उद्योगों को विकसित करने के लिए आवश्यक परिवेश, प्रवृत्ति और आवश्यकताओं को समझने के लिए बेहतर बिजनेस प्लान को सम्मिलित किया गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए देश के सभी विद्यार्थियों के लिए 'आईडिएथन' बिजनेस प्लान प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

विदित हो कि यह एक खुली प्रतियोगिता है। जिसे दो वर्ग में बांटा गया है। प्रथम वर्ग में नवमी से बारहवीं कक्षा के स्कूली विद्यार्थी इसमें सम्मिलित हो सकते हैं। जबकि दूसरे वर्ग में महाविद्यालयीन एवं शोध छात्र इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता में एकल या समूह के रुप में प्रतिभागिता की जा सकेगी। 15 अक्टूबर 2021 से इस प्रतियोगिता में सम्मिलित होने हेतु पंजीयन प्रारंभ हो गया था। कई चरणों में प्रस्तुति के उपरांत 27 नवंबर 2021 को परिणाम घोषित किया जाएगा एवं सर्वश्रेष्ठ प्रतियोगी टीम के नाम की घोषणा की जाएगी। डॉ.सेठी ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में ए और बी वर्ग के सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक प्रतियोगी/ टीम को 25000 रु.की राशि प्रदान की जाएगी। जबकि दोनों वर्ग के प्रत्येक उपविजेता/ टीम को 15000 की राशि प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दोनों वर्ग के प्रत्येक प्रतियोगियों/टीम को 10000 रुं की नगद राशि से सम्मानित किया जाएगा।

### निर्माण एजेंसी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ की उदासीनता तथा लापरवाही साफ-साफ दिख रही

# नगर पंचायत पांडातराई में अब तक नहीं बन पाया स्वीकृत नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




नगर पंचायत पांडातराई में अब तक स्वीकृत नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं बन पाया दुर्भाग्य की बात है की आखिर साल भर पहले स्वीकृत आमजनों के लिए स्वास्थ भवन की जरूरी सुविधा का लाभ नही मिल पा रहा है वर्षो पुरानी भवन जिसे लगभग 50 साल हो चुके है उस छोटा सा जर्जर भवन में सभी नगर पंचायत पांडातराई वासी इलाज कराने मजबूर है इस परेशानी को देखते हुए अध्यक्ष ने वर्षो पुरानी मांग जिसे पिछली भाजपा की सरकार ने पूरा नही किया उसे अध्यक्ष फि रोज खा बून ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और मोहम्मद अकबर के सामने रखा जिसे गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अकबर मंत्री ने त्वरित स्वीकृत प्रदान की उक्त स्वास्थ भवन निर्माण कार्य के लिए 75 लाख की राशि से निर्माण होना है जो की 08.09.2021 को स्वीकृत हुई थी जिसका निर्माण एजेंसी छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस लिमिटेड रायपुर को बनाया गया था जिसके आधार पर संबंधित विभाग के द्वारा माह जनवरी 2021 में निविदा खोला गया था तथा नगर पंचायत द्वारा वार्ड नंबर 10 में स्थल उपलब्ध कराया गया जबकि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी द्वारा 10 जून 2021 को वर्चुअल शिलान्यास किया गया था किंतु आज तक निर्माण कार्य प्रारंभ करने ले आउट नही दिया गया जिससे निर्माण एजेंसी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ की उदासीनता तथा लापरवाही साफ-साफ दिख रही है।

**कलेक्टर की ओर से अब तक कोई पहल नहीं :** नगर पंचायत अध्यक्ष फि रोज खान ने आवेदन के माध्यम से 09 नवंबर 2021 को अवगत कराया लेकिन अब तक इस पर कोई पहल नही हो सका आखिर इतनी बुनियादी सुविधाओं के लिए स्वास्थ भवन के लिए कोई भी गंभीर क्यों नही है जबकि लापरवाही साफ-साफदेखी जा सकती है उसके बावजूद सम्बन्धित के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं ये बड़ा सवाल है।

### स्वास्थ भवन वर्षो पुरानी मांग लगातार उपेक्षित रहा

देखा जाए तो उक्त भवन की मांग जबसे नगर पंचायत पांडातराई बना है तब से है लेकिन पूर्व की सरकार ने इस मांग को नजर अंदाज किया अब जब उक्त मांग अध्यक्ष महोदय फिरोज खान ने रखा तो स्वीकृत तो हुई लेकिन ये भी बड़ी लापरवाही का शिकार हो गया अब तो ये भी बता पाना मुश्किल है की आखिर कब मिलेगा यह स्वास्थ भवन जबकि नगर वासियों को उक्त भवन की सख्त जरूरत है पुराना भवन 50 साल पहले बना था जिसमे कमरे का अभाव है और जर्जर हालत में है नगर वासियों ने जल्द इस स्वीकृत भवन को निर्माण कराने की मांग की है ताकि सभी को स्वास्थ जैसी जरूरी बुनियादी सुविधाओं से महरूम नगर वासी न रहे सभी को जल्द ये भवन की सुविधा उपलब्ध हो। इस बारे में जब पायनियर ब्यूरो ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को फोन किया तो उनका नंबर बंद मिला इसलिए उनसे इस बारे में जानकारी भी उपलब्ध नही हो पाई। अब देखना ये है की आखिर कब निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा ।

नगर पंचायत पांडातराई अध्यक्ष फिरोज खान ने कहा की हमने कलेक्टर महोदय से लेकर संबंधित विभाग को पत्र के माध्यम से अवगत करवा दिया है जल्द इस स्वीकृत भवन निर्माण को कराए जाने की आवश्यकता है।
**-फिरोज खान,**
अध्यक्ष नगर पंचायत पांडातराई

जमीन काफी गहरी और गीला होने के कारण उसको समतल करने के वजह से कार्य में देरी हुई है अब जल्द कार्य शुरू किया जाएगा।
**-रोशन जैन ठेकेदार**

इसके बारे में मुख्य स्वास्थ अधिकारी ही बता पाएंगे की कब तक निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।
**-रमेश कुमार शर्मा,**
कलेक्टर जिला कबीरधाम

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403